ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


शनिवार, 7 जून 2025
वर्ष 6, अंक 197, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भगदड़ के जिम्मेदारों पर कार्रवाई शुरू 12

क्रूज ने सर्वाधिक छलांग लगाने का बनाया रिकॉर्ड 14

## तीन अगस्त को होगी नीट पीजी की परीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को दी अनुमति

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) को शीर्ष अदालत के निर्देशों के अनुरूप तीन अगस्त को एक पाली में नीट-पीजी 2025 परीक्षा आयोजित कराने की अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने शुरू में एनबीई द्वारा परीक्षा आयोजित करने के लिए दो महीने से अधिक का समय देने के अनुरोध पर सवाल उठाया था। पीठ ने कहा कि बोर्ड की दलील उचित प्रतीत होती है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि नीट-पीजी 2025 परीक्षा कराने के लिए एनबीई को और समय नहीं दिया जाएगा। एनबीई ने दलील दी कि शीर्ष अदालत के 30 मई के आदेश के अनुसार परीक्षा एक पाली में आयोजित की जानी है, इसके लिए लगभग 1,000 परीक्षा केंद्रों की आवश्यकता है। एनबीई की याचिका में कहा गया है कि वह 15 जून को होने वाली परीक्षा तीन अगस्त को सुबह नौ बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे के बीच आयोजित करेगा।

## पहलगाम में इंसानियत व कश्मीरियत पर हुआ था हमला

### प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर घाटी के लिए पहली रेल लाइन और चिनाब नदी पर निर्मित दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल का किया लोकार्पण

कटरा (जम्मू), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि उसने पहलगाम में पर्यटकों को निशाना बनाकर इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। इस हमले का मकसद भारत में सांप्रदायिक दंगे भड़काना और पर्यटन पर निर्भर कश्मीरी लोगों की आजीविका छीनना था।

प्रधानमंत्री ने कश्मीर घाटी के लिए पहली रेल सेवा को हरी झंडी दिखाने और चिनाब नदी पर बनाए गए दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल और भारत के पहले केबल-स्टेड अंजी पुल सहित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद कटरा में आयोजित एक जनसभा में पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पर्यटन रोजगार उपलब्ध कराता है और लोगों को जोड़ने वाली कड़ी का काम करता है, लेकिन दुर्भाग्य से पड़ोसी देश मानवता, सद्भाव और पर्यटन का दुश्मन है। मोदी ने कहा कि मानवता के साथ पाकिस्तान गरीबों की रोजी-रोटी का भी दुश्मन है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसका उदाहरण है।

मोदी ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से जम्मू-कश्मीर में पर्यटन जोर पकड़ रहा था और रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक आ रहे थे। कहा कि पाकिस्तान पर्यटन पर निर्भर पर्यटक गाइड, टट्टू संचालकों, गेस्ट हाउस मालिकों, दुकानदारों और ढाबा संचालकों की आजीविका के साधन को नष्ट करना चाहता था।



चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, रेल मंत्री वैष्णव, राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला। ● एजेंसी

### नई रेल लाइन सशक्त जम्मू-कश्मीर का प्रतीक

प्रधानमंत्री ने कहा कि उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लाइन परियोजना एक नए और सशक्त जम्मू-कश्मीर का प्रतीक है तथा भारत की बढ़ती ताकत का स्पष्ट उद्घोष है। कहा कि चिनाब और अंजी पुल जम्मू-कश्मीर के लिए समृद्धि के प्रवेश द्वार के रूप में काम करेंगे। 272 किमी लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक परियोजना के पूरा होने के उपलक्ष्य में वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पहले मोदी ने दो अत्याधुनिक पुल का उद्घाटन किया। रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर कटरा के लिए 46,000 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

## रेपो रेट में 0.5% की बड़ी कटौती

### आरबीआई का पांच साल में अहम फैसला, आवास, वाहन ऋण समेत सभी तरह के कर्ज होंगे सस्ते

मुंबई, अमृत विचार नेटवर्क/एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक वृद्धि तेज करने के मकसद से शुक्रवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को उम्मीद से अधिक 0.5 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया। रेपो दर में पांच साल में की गई यह सबसे बड़ी कटौती है।

इसके साथ ही अप्रत्याशित रूप से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी एक प्रतिशत की कटौती की घोषणा की गई है। पहले यह 4 प्रतिशत थी, जो अब 3% होगी। यह कटौती चार हिस्सों में 6 सितंबर, 4 अक्टूबर, 1 नवंबर और 29 नवंबर से 0.25 प्रतिशत की दर से होगी। इससे बैंकिंग सिस्टम में 2.5 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी मिलेगी। आरबीआई के इस कदम से बैंकों के पास कर्ज देने के लिए अधिक नकदी उपलब्ध होगी जो अर्थव्यवस्था को गति देने का काम करेगी। इससे मकान, वाहन और अन्य कर्ज सस्ते होने की उम्मीद है।

आरबीआई ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब मुद्रास्फीति अप्रैल में घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत और आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में चार साल के न्यूनतम स्तर 6.5 प्रतिशत पर आ गई है।

आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अगुवाई वाली छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने प्रमुख ब्याज दर रेपो दर 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत करने का निर्णय किया। समिति के छह में से पांच सदस्यों ने इसके पक्ष में मतदान किया। इस कटौती के साथ आरबीआई इस साल फरवरी से लेकर अबतक रेपो दर में कुल एक प्रतिशत की कटौती कर चुका है। इस साल फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की गई थी। आरबीआई ने मई 2020 के बाद पहली कटौती फरवरी में की थी। मल्होत्रा ने कहा, रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती के बाद मौद्रिक नीति के पास वृद्धि को समर्थन देने के लिए अब सीमित गुंजाइश बची है।



केंद्रीय बैंक को विश्वास है कि उसकी घोषणाएं कर्ज देने को बढ़ावा देने में मदद करेंगी। चूंकि वैश्विक परिवेश अनिश्चित बना हुआ है, इसलिए निरंतर मूल्य स्थिरता के बीच घरेलू वृद्धि पर ध्यान देना और भी महत्वपूर्ण हो गया है। एमपीसी की अगली बैठक चार से छह अगस्त के बीच होगी।
– **संजय मल्होत्रा**, आरबीआई गवर्नर।

### चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ग्रोथ के अनुमान को रखा बरकरार

यह कटौती ऐसे समय में की गई है जब मार्च में समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 में आर्थिक वृद्धि चार साल के निचले स्तर 6.5 प्रतिशत पर पहुंच गई है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भी समान आर्थिक वृद्धि का ही अनुमान लगाया है। इसका कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क नीतियों के बाद बढ़ता व्यापार तनाव है। भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए अगले 20 वर्षों तक औसतन 8% की सालाना ग्रोथ रेट को बनाए रखना होगा। यह चुनौती भरा लक्ष्य है। केंद्रीय बैंक ने 2025-26 के लिए अपने मुद्रास्फीति अनुमान को चार प्रतिशत से घटाकर 3.7 प्रतिशत कर दिया है।

- एमपीसी के छह सदस्यों में पांच ने दरें घटाने के पक्ष में किया मतदान

### रेपो रेट क्या है

जब हमें पैसे की जरूरत हो और खाता खाली हो तो हम बैंक से कर्ज लेते हैं। बदले में बैंक को ब्याज चुकाते हैं। इसी तरह बैंक को भी जरूरत या रोजमर्रा के कामकाज के लिए रकम की जरूरत पड़ती है। इसके लिए बैंक आरबीआई से कर्ज लेते हैं। बैंक इस लोन पर रिजर्व बैंक को जिस दर पर ब्याज चुकाते हैं, उसे रेपो रेट कहते हैं।

### 50 लाख रुपये के 20 साल के लोन पर मासिक ईएमआई पर घटेंगे 1570 रुपये

बरेली के चार्टर्ड अकाउंटेंट राजेन विद्यार्थी ने बताया कि अगर आपने 50 लाख रुपये का होम लोन 20 साल के लिए लिया है, जिसके लिए आप 8.5% का ब्याज दे रहे हैं तो आपकी मंथली ईएमआई 43,392 रुपये बनेगी। अब रेपो रेट में कटौती के बाद आपके बैंक की ईएमआई में बड़ी कमी होगी। यह ब्याज घटकर 8 फीसदी रह जाएगा, जिस कारण आपके होम लोन की ईएमआई 41,822 हो जाएगी। यानी मंथली किश्त में 1570 रुपये की कमी होगी।

### क्या पड़ेगा रेपो रेट का आपके ऊपर असर

जब बैंक को रिजर्व बैंक से कम ब्याज दर पर लोन मिलेगा तो उनके फंड जुटाने की लागत कम होगी। इस वजह से वे ग्राहकों को सस्ता कर्ज दे सकते हैं। मतलब यह है कि रेपो रेट कम होने पर होम, कार या पर्सनल लोन पर ब्याज की दरें कम होंगी।

## ढाई साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर



दुष्कर्म का आरोपी।

- आरोपी पर घोषित किया गया था एक लाख रुपये का इनाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी लखनऊ में आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे से ढाई वर्षीय बच्ची को अगवा कर दुष्कर्म करने के आरोपी को शुक्रवार तड़के आलमबाग पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया। एसीपी कैंट कार्यालय के पीछे हुई मुठभेड़ में आरोपी के सीने में दो गोलियां लगीं। सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस ने आरोपी की पहचान दीपक वर्मा के रूप में की थी। पुलिस आयुक्त ने 1 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। आरोपी के पास से तमंचा, खोखा, 2 कारतूस और स्कूटी बरामद हुई है। आरोपी दीपक वारदात के बाद छिपते हुए शहर से भागने की फिराक में था।

डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि मुठभेड़ में मारा गया आरोपी दीपक वर्मा मूल रूप से ऐशबाग स्थित रामनगर कालोनी निवासी था। वर्तमान में वह पारा के डूडा कालोनी में रह रहा था। आरोपी दीपक ट्रेनों में अवैध तरीके से पानी बेचने और जागरण में झांकी आदि लगाने का काम करता था। आरोपी ने 4 जून की रात आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे परिवार संग सो रही बच्ची को अगवा किया। उसके बाद 50 मीटर दूर लिफ्ट के पास दुष्कर्म किया था। मेट्रो स्टेशन पर लगे सीसी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई थी।

सीसी कैमरे में कैद आरोपी की स्कूटी नंबर की आरटीओ से जानकारी हुई। पता चला कि स्कूटी डूडा कालोनी में रहने वाले विष्णु वर्मा के नाम से रजिस्टर्ड है। पुलिस टीम वहां पहुंची तो पता चला स्कूटी छोटा भाई दीपक चलाता है। सर्विलांस से पुलिस उसकी तलाश में लग गई। तड़के करीब 3:45 बजे इंस्पेक्टर आलमबाग सुभाष चंद्र सरोज और अन्य पुलिस कर्मी स्कूटी सवार की तलाश में लग गए। इसी बीच गन्ना संस्थान रोड पर देवीखेड़ा के पास सफेद रंग की संदिग्ध स्कूटी दिखी तो पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा जिसमें स्कूटी स्लिप होने से वह गिर गया और भागकर झाड़ियों में छिप गया और पुलिस पर फायरिंग करने लगा। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दीपक के सीने पर दो गोलियां लगीं।

### बरेली में बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



देवरनियां (बरेली)। कक्षा एक की छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी अकील अहमद को पुलिस ने गुरुवार देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के दोनों पैर में गोली लगी है, पुलिस ने उसे अस्पताल भेजा है। देवरनियां थाना क्षेत्र के गांव रायपुरा घनश्याम निवासी पीड़िता के पिता ने बताया कि वह निजी कंपनी में नौकरी करता है। वह गुरुवार की सुबह काम पर चला गया था। उसकी पांच साल की बच्ची गांव में बच्चों के साथ खेल रही थी। शाम 5:30 बजे अकील अहमद उनकी बेटी को टॉफी दिलाने के बहाने गांव के प्राथमिक विद्यालय में ले जाकर दुष्कर्म किया। सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी अकील को देर रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया। उसने पुलिस पर फायरिंग की थी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके दोनों पैरों में गोली लगी है।

## एक नजर

### रीजीजू ने लॉन्च किया वक्फ संबंधित उम्मीद पोर्टल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामले एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने केंद्रीय पोर्टल उम्मीद का शुभारंभ करने के बाद शुक्रवार को कहा कि यह वक्फ संपत्ति प्रबंधन तथा प्रशासन के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगा। रीजीजू ने कहा कि इससे पारदर्शिता भी आएगी।

### मेहुल चोकसी के बैंक खातों की होगी कुर्की

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने गीतांजलि जेम्स के शेयरों में भेदिया कारोबार नियमों के उल्लंघन मामले में 2.1 करोड़ रुपये का बकाया वसूलने के लिए फरार हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के बैंक खातों, शेयरों एवं म्यूचुअल फंड को कुर्क करने का आदेश दिया है।

## सहारनपुर में सेना के हेलीकॉप्टर अपाचे की हुई इमरजेंसी लैंडिंग

- तकनीकी खराबी के चलते खेत में उतारा गया

**लखनऊ, अमृत विचार :** सहारनपुर के चिलकाना इलाके में सेना के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। तकनीकी खराबी के कारण पायलट ने खेत में सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। इसके दोनों पायलट पूरी तरह से सुरक्षित हैं। घटना की सूचना मिलते ही सेना और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

स्थानीय पुलिस-प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को सहारनपुर के जोधेबांस गांव में सेना के एक अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी के चलते आपात लैंडिंग कराई गई। हेलीकॉप्टर सरसावा एयरफोर्स स्टेशन से नियमित अभ्यास पर था। पायलटों ने सूझबूझ दिखाते हुए खेतों में सुरक्षित लैंडिंग कराई। घटना में कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। सेना की तकनीकी टीम ने मौके पर हेलीकॉप्टर की जांच की और सुधार के बाद उसे एयरबेस वापस भेज दिया गया।

## डिनो मोरिया, बीएमसी अफसरों के यहां छापा

मुंबई, एजेंसी

- मीठी नदी से गाद निकालने के मामले में ईडी की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मीठी नदी से गाद निकाले जाने से जुड़े घोटाले' से संबंधित धन शोधन मामले की जांच के तहत शुक्रवार को महाराष्ट्र में अभिनेता डिनो मोरिया, बीएमसी के कुछ अधिकारियों और ठेकेदारों समेत अन्य के परिसरों पर तलाशी ली।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ये छापे महाराष्ट्र के मुंबई और केरल के कोच्चि में 15 से अधिक स्थानों पर मारे गए। इनमें मुंबई के बांद्रा (पश्चिम) में मोरिया के परिसर, उनके भाई सेंटिनो के ठिकाने शामिल हैं। इनमें बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के अधिकारियों, ठेकेदारों और कुछ अन्य के परिसर शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि बीएमसी को गाद निकालने का उपकरण प्रदान करने वाली एक कंपनी- मेटप्रोप टेक्निकल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड कोच्चि की है, इसलिए वहां भी तलाशी ली गई। आरोप है कि इस घोटाले के कारण बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) को 65 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि जांच धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की जा रही है।

## कनाडा के निमंत्रण पर जी-7 शिखर सम्मेलन में जाएंगे मोदी

- प्रधानमंत्री कार्नी ने फोन पर की बात, 15 से 17 तक अल्बर्टा में होगा सम्मेलन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वह इस माह कनाडा में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पहली बार टेलीफोन पर हुई बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी को यह निमंत्रण दिया। जी-7 शिखर सम्मेलन के संपर्क सत्र में शामिल होने के लिए मोदी को कार्नी से मिला निमंत्रण इस बात का संकेत है कि ओटावा एक खालिस्तानी आतंकवादी की हत्या के बाद नई दिल्ली के साथ द्विपक्षीय संबंधों में आए तनाव को दूर करने का इच्छुक है। यह शिखर सम्मेलन 15 से 17 जून तक कनाडा के अल्बर्टा प्रांत में आयोजित किया जाएगा।

मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से फोन पर बात करके खुशी हुई। मैंने उन्हें कनाडा में हाल ही में हुए चुनाव में मिली जीत के लिए बधाई दी।

## मस्क की स्टारलिंक को भारत में मिला लाइसेंस

नई दिल्ली, एजेंसी

- देश में प्रदान करेगी उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवा

उद्योगपति एलन मस्क की स्टारलिंक को भारत में उपग्रह संचार (सैटकॉम) सेवाओं के लिए लाइसेंस मिल गया है। यह कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो उसे देश में वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने के और करीब ले जाएगी।

यूटेलसैट वनवेब और जियो सैटेलाइट कम्युनिकेशंस के बाद स्टारलिंक देश में उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए दूरसंचार विभाग से लाइसेंस प्राप्त करने वाली तीसरी कंपनी है। चौथी आवेदक, अमेज़न की कुइपर अभी भी अनुमोदन की प्रतीक्षा कर रह है।

सूत्रों ने बताया कि स्टारलिंक को लाइसेंस प्राप्त हुआ है। कंपनी को आवेदन करने के 15-20 दिनों में परीक्षण स्पेक्ट्रम प्रदान किया जाएगा। स्टारलिंक को अब सेवाएं शुरू करने से पहले वैध अवरोधन के लिए पहुंच प्रदान करने जैसे सुरक्षा मानदंडों का पालन करना होगा। यह लाइसेंस मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच सार्वजनिक रूप से हुए बड़े विवाद के कुछ घंटों बाद आया।

## पति ने पत्नी की गला रेतकर की हत्या

संवाददाता, जलालाबाद/शाहजहांपुर

- परिजनों का आरोप-शराब पीकर आए दिन पत्नी से करता था मारपीट

**अमृत विचार :** पत्नी से किसी बात पर हुए विवाद के बाद गुनारा गांव में मकान की दूसरी मंजिल पर पति ने पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। घटना के बाद पति फरार हो गया। लोगों का कहना है कि पति शराब पीने का आदी है और नशे को लेकर उसका पत्नी से आए दिन विवाद होता रहता था। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर सीओ अजय कुमार राय मौके पर पहुंचे और जानकारी की।

जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव गुनारा निवासी अजय कुमार सक्सेना की शादी एक साल पहले 30 वर्षीया प्रीति निवासी शाहाबाद जिला हरदोई के साथ हुई थी। शुक्रवार की शाम प्रीति का शव मकान के दूसरी मंजिल पर चारपाई पर खून से लथपथ मिला। उसका गला रेता गया था। वहीं घटना के बाद से पति फरार हो गया। महिला की हत्या की जानकारी होने पर गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर सीओ जलालाबाद अजय कुमार राय रात 8 बजे मौके पर पहुंचे और उन्होंने मृतका के ससुर से जानकारी की। नरेश सक्सेना ने बताया कि उसका बेटा अजय कुमार घर पर नहीं है और कुछ घंटे पहले से गायब है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि हत्यारोपी पति अजय सब्जी बेचने का काम करता था और उसकी एक साल पहले शादी हुई थी। वह शराब का आदी था। उसका पत्नी से आए दिन शराब पीने को लेकर विवाद होता था। महिला की गर्दन की सांस वाली नली कटी हुई है। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस हत्यारोपी पति की तलाश कर रही है।



घटना के बाद विलाप करते परिजन।

## पर्यावरण व स्वच्छता के लिए बनाएं मोहल्ला समिति

### समाज की जरूरत के अनुरूप संसाधन व सुविधाएं जुटाना सरकार का दायित्व : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्षदों से अपील की है कि वे अपने वार्डों में मोहल्ला समितियां गठित कराएं। सफाई की निगरानी इस समिति के जिम्मे हो। साथ ही पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण से भी जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी सभ्य समाज के लिए उसकी जरूरत के अनुरूप आवश्यक सुविधाएं और संसाधन जुटाना सरकार का दायित्व होना चाहिए।

वे शुक्रवार को 4.52 करोड़ रुपये की लागत से नगर निगम गोरखपुर के सूरजकुंड कॉलोनी में बने प्रदेश के पहले कल्याण मंडपम का लोकार्पण करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। योगी ने नागरिकों को स्वच्छता और और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी अच्छी व्यवस्था के लिए पहल करनी पड़ती है और यह सामूहिक जिम्मेदारी होती है। पीएम मोदी स्वच्छता को प्राथमिकता देते हैं। यह हम सबका भी दायित्व होना चाहिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि हमारा प्रयास समाज के सभी तबके को उनकी आय के अनुरूप बेहतरीन सुविधाएं देना है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि गोरखपुर नगर निगम द्वारा बनाया जाने वाला 75 बेडेड वर्किंग वूमेन हॉस्टल महिला सशक्तिकरण की प्रतिमान लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर होगा।



### स्मार्ट सिटी के साथ सेफ सिटी पर भी जोर

योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्मार्ट सिटी का जो विजन दिया है, उसे सेफ सिटी में भी बदलना है। ऐसा शहर बनाना है जहां बेटी, व्यापारी, बच्चे, संभ्रांत समेत समाज का हर व्यक्ति खुद को सुरक्षित महसूस कर सके। इसके लिए पुख्ता व्यवस्था करनी होगी ताकि सुरक्षा में सेंध लगाने की हिम्मत करने वाले जान लें कि उन्हें इसकी क्या कीमत चुकानी पड़ेगी। योगी ने आह्वान किया कि हर व्यक्ति अपने घर के बाहर कैमरे लगवाए इससे प्रौद्योगिकी सुरक्षा का बड़ा माध्यम बनेगी।

### सभी को प्रकृति की शरण में जाना होगा

मुख्यमंत्री ने जलवायु परिवर्तन के कारण अत्यधिक बारिश, असमय बारिश और सूखा पड़ने के संकट की चर्चा करते हुए कहा कि ऐसे संकट पूरे क्षेत्र को चपेट में लेते हैं। मानव जनित समस्या के समाधान का मार्ग भी मानव को ही बनाना होगा। योगी ने कहा कि क्लाइमेट चेंज की भयावह स्थितियों से बचने के लिए प्रकृति की शरण में जाना होगा। उन्होंने पर्यावरण की समस्या के समाधान के पीएम मोदी के आह्वान के अनुरूप एक पेड़ मां के नाम लगाने, नदियों के कैचमेंट एरिया में दोनों तरफ पौधरोपण करने का अनुरोध किया।

## चोरी के दो आरोपी भेजे जेल, तीसरे के भागने का मचा शोर

**पीलीभीत, अमृत विचार :** पांच दिन पहले सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में बीसी संचालक के घर हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया। दो आरोपियों को बरामदगी करते हुए जेल भेजा गया है। वहीं, एक अन्य युवक के थाने से भागने का शोर मचा रहा।

सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के गांव कुरैया खुर्द निवासी बीसी संचालक सुरेश शुक्ला सोमवार रात खाना खाने के बाद परिवार के साथ सोने चले गए थे। इसी बीच चोरों ने घर को निशाना बना लिया। मंगलवार सुबह घटना का पता चला था और सीसीटीवी में चोर की तस्वीर कैद निकली। पुलिस ने जांच शुरू की, कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया। इनमें दो युवकों का सीसीटीवी फुटेज से चेहरा मैच हो गया। पकड़े गए आरोपी फैय्याज और साजेव मोहल्ला नगमा कॉलोनी जोगराजपुर के निकले। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गई दो अगूंठी, तीन पैंडल और 72 हजार रुपये बरामद किए। दोनों को जेल भेज दिया गया। वहीं, ये भी शोर मचा रहा कि तीसरा युवक भी पुलिस ने हिरासत में लिया था, जो हाथ में बंधी रस्सी के साथ ही थाने से दीवार फांदकर भाग गया। एसओ संजय सिंह का कहना है कि थाने से आरोपी भागने की बात गलत है।

# पर्दे में रहने दो पर्दा न उठाओ, पर्दा जो उठ गया तो भेद...

## स्ट्रीट फूड हब बन चुके शहर के फुटपाथ, नालों को बना दिया कूड़ेदान, नाला सफाई को लेकर पहले ही उठते रहे सवाल, अब और बिगड़े हालात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पर्दे में रहने दो पर्दा न उठाओ, पर्दा जो उठ गया तो भेद खुल जाएगा...। फिल्म ''शिकार'' के गीत की ये पंक्तियां इन दिनों शहर में की गई तैयारियों को लेकर हकीकत बयां करती-सी दिखाई दे रही हैं। नालों पर पर्दे लगाए गए हैं। इन पर्दों के पीछे की तस्वीर आगामी मानसून की दस्तक को लेकर भी चिंता बढ़ा रही है। फुटपाथ स्ट्रीट फूड हब बन चुके हैं। वहीं, यहां पर ठेला-दुकान लगाने वालों ने नाले को कूड़ादान बना दिया है।

शहर की सड़कों को जलभराव से मुक्ति दिलाने के लिए इन दिनों 32 लाख रुपये की लागत से नालों की तलीझाड़ सफाई कराई जा रही है। इसमें 28 बड़े नाले साफ किए जाएंगे। दावा ये भी है कि अधिकांश में काम पूरा भी हो चुका है। गांधी स्टेडियम रोड पर राज्यपाल के आगमन को लेकर नालों को पर्दा लगाकर ढक दिया गया था। लोगों ने इसके कई मतलब निकाले, लेकिन इसके पीछे की तस्वीर जब उजागर हुई तो साफ हो गया कि आखिर छिपाया क्या गया। पूरे नाले चोक पड़े हुए हैं। डिस्पोजल और पॉलिथीन का जमावड़ा ऐसा है कि मानों उस पर पैदल ही गुजर जाएं। बता दें कि ये मार्ग कुछ समय में स्ट्रीट फूड हब बन गया है। इस नाले में फैला कूड़ा करकट देखकर साफ है कि इसी में सभी दुकानों के पत्तल, डिस्पोजल फेंक रहे हैं। नगर पालिका के जिम्मेदार न तो सफाई करा पा रहे हैं न ही निगरानी कर सख्ती। इसके अलासवा विशाल टॉकीज के पास भी स्ट्रीट फूड हब जैसी स्थिति बन चुकी है। यहां पर भी नाले में हाल बेहाल हैं। पुलियों के अंदर का हस्सा पॉलिथीन और डिस्पोजल सामान से चोक हो चुकस है। इसे लेकर कई बार सख्ती के दावे किए जा चुके हैं। मगर, धरातल की हकीकत नहीं बदली जा सकी है।


विशाल टॉकीज के पास के नाले में भी डिस्पोजल, प्लेट और ग्लास का भंडार। ● अमृत विचार


गौहनिया चौराहा के पास डिस्पोजल, पॉलिथीन से चोक नाला।


गांधी स्टेडियम रोड पर नाले में छिपी पर्दे के पीछे की हकीकत।


छतरी चौराहा के पास डिवाइडर से राज्यपाल के जाते ही हट गए सजाए गए गमले।


गांधी स्टेडियम रोड पर पर्दा लगाकर ढका गया नाला।

### राज्यपाल आई तो लगवा दिए गए थे पर्दे, जाते ही हटे गमले

बता दें कि दो दिवसीय दौरे पर 4 जून की सुबह 10 बजे राज्यपाल आनंदीबेन पटेल पीलीभीत पहुंची थीं और दूसरे दिन 5 जून को वापस भी चली गईं। प्रशासन की ओर से पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे। सड़कें बनवाई गईं, लंबे समय से चले आ रहे हाईवे के डिवाइडर भी उखड़वा दिए गए थे। निर्माण कार्यों के आसपास पर्दे लगा दिए गए थे। आलम ये रहा कि कूड़ा उठान की व्यवस्था के साथ ही सड़कों पर सफाई के लिए टीमें दिन रात लगी रही। डिवाइडर पर भी गमले लगाकर सजावट की गई थी। मगर, अभी 24 घंटे नहीं बीते हैं और एक-एक कर पर्दे के पीछे की तस्वीरें उजागर होने लगी है। डिवाइडर से गमले गायब हो गए हैं तो अन्य व्यवस्थाएं भी चरमराई सी प्रतीत होने लगी हैं। नालों में बजबजाती गंदगी के ढेर हैं। चौराहों पर की गई सजावट व लाइटें जरुर चमचमा रही हैं।

### ऐसे तो नाला सफाई भी नहीं आएगी काम

जिस तरह से शहर के नालों में डिस्पोजल प्लेट, ग्लास समेत अन्य कूड़ा करकट जमा दिखाई दे रहा है और सख्ती नहीं हो सकी है। ऐसे तो कराई जा रही नाला सफाई भी काम नहीं आएगी। आगामी दिनों में बारिश के बाद हालात बिगड़ेंगे। इसे लेकर बीते दिनों नगर पालिकाध्यक्ष ने भी नाराजगी जताई थी। कई बार अधिकारी भी सख्त निर्देश दे चुके हैं, मगर न तो निगरानी कराई जा सकी है न ही जागरुक। फिलहाल चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल का कहना है कि नाला सफाई कार्य प्राथमिकता पर कराया जा रहा है। कुछ बड़े नालों का काम बाकी है, उन्हें भी मानसून से पहले करा लिया जाएगा ।नालों में दोबारा से कूड़ा करकट डालने को लेकर सख्ती कराई जाएगी।

## यज्ञ में दी आहुतियां, ग्रहण किया प्रसाद

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव ज्योराह कल्यानपुर स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर और गांव पतरसिया में मां कालिका देवी मंदिर पर शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

गांव ज्योराह कल्यानपुर में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पर पांच जून को रामायण पाठ शुरू हुआ था। शुक्रवार को रामायण के समापन के बाद हवन और यज्ञ हुआ। भंडारे में आसपास के लोग भी पहुंचे। संस्थापक मास्टर घनश्याम गंगवार आदि भंडारे में लगे रहे। गांव पतरसिया में मंदिर पर कालिका देवी यज्ञ हुआ। भक्तों ने पहुंचकर यज्ञ में आहुतियां दी। देर शाम तक भंडारा चलता रहा। उधर, गांव डडिया राझे के समीप पकड़िया वाले महाराज स्थान पर चल रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। अंतिम दिन भंडारा किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मुख्य सेवादार बाबा दीपचंद महाराज, नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल, लक्ष्मीकांत भोजवाल, कालीचरन भोजवाल, लीलाधर भोजवाल, राजेश भोजवाल आदि मौजूद रहे।


ज्योराह कल्यानपुर गांव में यज्ञ में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## पौधे लगाए और प्याऊ में बांटा शरबत

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस पर बजाज एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड बरखेड़ा में सिगनेचर कैंपेन, पर्यावरण सुरक्षा शपथ, पोस्टर कंपटीशन, पौधरोपण कार्यक्रम कराया गया। इकाई प्रमुख दीपक राणा ने पर्यावरण का महत्व और प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव बताए। ईएचएस हेड प्रशांत सिंह ने पर्यावरण सुरक्षा शपथ दिलाई। अफसर कर्मचारियों ने पौधे रोपित किए। इसके बाद प्याऊ लगाकर शीतल शरबत बांटा गया। इस मौके पर शिव सिंह थापा, संजीव सिंह, निलेश गावंडे, मनीष सैनी, धीरज सिंह, पुनीत विजय, अशोक पाल, दिनेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

## चार साल में बोर ने दे दिया जवाब, उगलने लगा रेत

**अमृत योजना 1.0 का हाल:**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शहरी विकास की उम्मीदों को संजोकर शुरू की गई अमृत योजना 1.0 धरातल पर दम तोड़ती नजर आ रही है। शहर के कई मोहल्लों में जलापूर्ति के लिए नकटादाना चौराहा के पास बने पंप का बोरवेल चार साल में ही रेत उगलने लगा है।

मोटरें बार-बार खराब हो रही हैं और तमाम प्रयासों के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। वैकल्पिक जलापूर्ति में प्रेशर की कमी के कारण लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बोरिंग की गारंटी होने के चलते नगर पालिका की ओर से जल निगम के एक्सईन बरेली को पत्र लिखा गया है। बता दें कि वर्ष 2018 में अमृत योजना 1.0 के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य स्वीकृत हुआ था, जिसके लिए शासन से 36 करोड़ का बजट मिला था। 63 किलोमीटर पाइप लाइन के अलावा नगर पालिका, मीना बाजार और वाटर वर्क्स में ओवरहेड टैंक का निर्माण कराया जाना था। जिसके बाद वर्ष 2020-21 में निर्माण कार्य शुरू हुआ था।

इस कार्य में नकटादाना चौराहा पर बने पंप हाउस का भी बोरिंग कराया गया था, लेकिन साठगांठ के चलते कार्य में लापरवाही बरती गई थी। शुरुआत में जांच भी बैठाई गई थी, लेकिन अंत में कोई कार्रवाई नहीं की गई। लापरवाही अब शहरवासियों और नगरपालिका की जलकल टीम पर भारी पड़ रही है।बता दें कि 30 जून को निरंजन कुंज कॉलोनी पंप हाउस के साथ नकटादाना चौराहा की मोटर हाई वोल्टेज की वजह से फुंक गई थी। मोटर फुंकने के बाद नगर पालिका की ओर से मोटर बदलवा दी गई है, लेकिन अब नकटादाना पंप में मोटर लगने के बाद बोरिंग दिक्कत देना शुरु हो गया। मोटर चलने पर पानी के साथ रेत फेंक रहा है। आलम यह है कि एक लीटर पानी के साथ करीब 300 ग्राम रेत निकल रही है। ऐसे में मोटर भी खराब हो गई है, जबकि बोरिंग की गारंटी 15 साल तक तय की गई थी। बोरिंग को लेकर अब नगरपालिका ईओ संजीव कुमार की ओर से शुक्रवार को जल निगम एक्सईन बरेली को पत्राचार किया गया है, ताकि व्यवस्थाएं दुरुस्त हो सके।


नकटादाना चौराहा पर बने पंप हाउस में खराब पड़ा बोरिंग।

> नकटादाना चौराहा वाले पंप हाउस में बोरिंग की समस्या आ रही है। पानी के साथ में रेता आ रहा है। चूंकि बोरिंग की गारंटी 15 साल की जल निगम के ठेकेदार द्वारा दी गई थी। एक्सईन को पत्राचार कर उसे ठीक करवाने के लिए कहा गया है। जल्द ही व्यवस्थाओं को दुरुस्त करा लिया जाएगा।
>
> **- संजीव कुमार**, ईओ पीलीभीत नगर पालिका

- **नई मोटर डालने के बाद रेत आने से खराब हुई मोटर, जल निगम को लिखा पत्र**
- **वैकल्पिक व्यवस्था से पानी के प्रेशर आ रही समस्या, घरों में नहीं पहुंच रहा पानी**

### वैकल्पिक व्यवस्था कराई तो प्रेशर की समस्या गहराई

नकटादाना चौराहा का पंप हाउस का बोरिंग व मोटर खराब होने के बाद नगर पालिका ने गर्मी को देखते हुए आवास विकास नंबर दो से लाइन को कनेक्ट कर दिया है, लेकिन नई और पुरानी लाइन के चलते प्रेशर की समस्या बरकरार है। इतना ही नहीं, दूरी के चलते अधिकांश घरों की टोटियां में पानी नहीं आ रहा है। ऐसे में लोगों को पानी के लिए सबमर्सिबल का सहारा लेना पड़ रहा है। हालांकि जिम्मेदारों का कहना है कि जल्द ही पंप के बोरिंग को ठीक करने के बाद नई मोटर लगाकर उसे चालू कर दिया जाएगा।




## हिंदू महासभा ने फिर उठाए पुराने मुद्दे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** शहर से जुड़े कई पुराने मुद्दों को लेकर एक बार फिर अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने पहल की है। शुक्रवार सुबह कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह से मुलाकात की। इस दौरान विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा और इस जल्द कार्यवाही करने की गुहार भी लगाई।

डीएम को दिए गए ज्ञापन में बताया कि शहर की यातायात व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। पार्किंग की सुविधा नहीं है। पूर्व में चिह्नित मीना बाजार समेत अन्य स्थलों को कब्जा मुक्त कराकर पार्किंग स्थल बनवाया जाए। रेलवे स्टेशन के पास स्थित मूलचंद धर्मशाला की जर्जर स्थिति है। ऐतिहासिक धर्मशाला का जीर्णोद्धार कर इसे अयोध्या या हरिद्वार की तर्ज पर आधुनिक स्वरूप में बदला जाए। गौहनिया तालाब के चारों ओर बाउंड्री बनवाने की मांग की। बताया कि इसमें डूबकर कई लोगों की जान जा चुकी है। कोतवाली रोड स्थित वाटर वर्क्स परिसर में ठेले वालों के लिए निर्मित दुकानों का आवंटन कराने की मांग की। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा, जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा, जिला महामंत्री मयंक जायसवाल, युवा विंग जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा आदि मौजूद रहे।


डीएम को ज्ञापन सौंपते हिंदू महासभा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## बहन और भाई पर किया हमला रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार:** जनपद बरेली के कस्बा फरीदपुर की निवासी निहारिका पुत्री स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पिता की पुश्तैनी जमीन बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करनपुर लायकराम गांव में है।

तीन जून को साढ़े 12 बजे अपने भाई प्रदीप कुमार पांडे के साथ खेत देखने गई थीं। इस दौरान अनुज कुमार, अतुल कुमार, अचल कुमार खेत पर फसल लगा रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने हमला कर भाई-बहन की पिटाई क र दी। इस दौरान सोने की चेन भी गिर गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## एएसपी ने शहर में की पैदल गश्त


गश्त करते एएसपी विक्रम दहिया।

**पीलीभीत, अमृत विचार:** एएसपी विक्रम दहिया ने पुलिस बल के साथ शुक्रवार शाम को शहर में पैदल गश्त की।

शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनता में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने के लिए गश्त की। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की गई। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

## सपा नेता ने बंधाया ढांढ़स, की मदद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** सीवर टैंक की सफाई करते वक्त गैस का रिसीव होने से पिता-पुत्री और दामाद की मौत हो गई थी। एक दिन पूर्व ही डीएम ने पहुंचकर परिवार से मुलाकात की और योजनाओं से लाभान्वित करने का आश्वासन दिया। इसके बाद अब समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू भी परिवार की मदद को आगे आए। उन्होंने परिवार वालों से मुलाकात कर उनको आर्थिक मदद दी है।

बता दें कि माधोटांडा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सेल्हा में बुधवार को हादसा हुआ था। सीवर टैंक की सफाई करते वक्त गैस का रिसाव होने से प्रह्लाद मंडल, उनकी पुत्री तनु विश्वास और दामाद कार्तिक विश्वास की मौत हो गई थी। शासन स्तर तक मामला पहुंचने के बाद गुरुवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह गांव पहुंचे थे और परिवार को ढांढस बंधाया था। इस दौरान विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने के बारे में बताया था। शवों का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया था। शुक्रवार को समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने परिवार से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त की। आर्थिक मदद करने के साथ ही आगे भी हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया गया। इस मौके पर समाजवादी महिला सभा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश परिहार, मीता सिंह, ग्राम प्रधान विधु, शिवम यादव, ठाकुरदास, अमल, रत्न विश्वास, आकाश भारती आदि मौजूद रहे।

- **पिता-पुत्री और दामाद की मौत का मामला**


पीड़ित परिवार की महिला की मदद करते राजकुमार राजू। ● अमृत विचार




## शहर में आज

- श्रीबालाजी नीम करौली धाम में हवन दोपहर 1 बजे।
- बकरीद को लेकर ईदगाह में सामूहिक नमाज सुबह 9 बजे।
- गांधी स्मारक सुंदर लाल इंटर कॉलेज मैदान पर क्रिकेट टूर्नामेंट सुबह 11 बजे।
- कालिका देवी मंदिर पतरसिया में यज्ञ एवं अन्य कार्यक्रम सुबह 11 बजे।
- बिलसंडा के श्रीहनुमान मढ़ी स्थल पर श्रीराम कथा एंव अमृत वर्षा महोत्सव शाम 6.30 बजे।

# बकरीद को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट, सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

## सड़क पर नहीं होने दी जाएगी नमाज, प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी को लेकर भी पैनी नजर, बकरों के साथ ही खूब हुई सेवइयों की बिक्री तैयारियां पूरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** ईद उल अजहा (बकरीद) आज मनाई जाएगी। नमाज अदा करने से लेकर कुर्बानी तक के सभी इंतजाम मुकम्मल कर लिए गए हैं। दूसरी ओर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। सार्वजनिक स्थलों और सड़कों पर नमाज अदा करने की अनुमति नहीं होगी, जबकि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। ईदगाह पर बकरीद की नमाज को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बाजारों में एक ओर जहां बकरों की खरीदारी जोरों पर रही, वहीं सेवइयों की भी जमकर बिक्री हुई। त्योहार के मद्देनजर नमाज स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ साफ-सफाई और अन्य तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नगरपालिका की ओर से टीमें बनाई गई, जो निगरानी करेंगी।

जिले में ईद को लेकर कई दिनों से तैयारियां चल रही थी। इधर, शाहजी मियां का उर्स समाप्त होने के बाद ईद की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया। बकरीद से एक दिन पहले कुर्बानी के लिए बकरों की खरीदारी करने के लिए नौगांव में भीड़ उमड़ी रही। वहीं बाजार में पकवान और मिठाई सेवई की दुकानों पर भी भीड़ देखने को मिली। ईद के त्यौहार को मनाने के लिए यूं तो पिछले कई दिनों से बाजार में गांवों से आए लोग खरीदारी कर रहे हैं। जिसका असर ईद से एक दिन पहले शुक्रवार को भी देखने को मिला। बाजार में दिन भर जबरदस्त भीड़-भाड़ रही। नए कपड़े, नए जूते, कॉस्मेटिक का सामान, किराना का सामान, फल एवं ड्राई फ्रूट्स खरीदने के लिए दुकानों पर जबरदस्त भीड़ देखी गई।

इधर, कपड़े सिलवाने के लिए टेलरों की दुकान पर भी भीड़ लगी रही। देर रात्रि तक बाजार में रौनक बनी हुई है। शनिवार को ईदगाह में होने वाली नमाज सुबह नौ बजे अदा की जाएगी। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई। नगरपालिका की ओर से वहां टेंट की व्यवस्था की गई है।

साथ ही ईदगाह में साफ सफाई कराई जा रही है। ताकि नमाज अदा करने वाले लोगों को दिक्कत न हो। मौलाना इजहार अहमद बरकाती ने बताया कि ईदगाह में बकरीद की नमाज सुबह नौ बजे अदा होगी। अगर बारिश होती है, तो जामा मस्जिद में नमाज अदा होगी। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। धर्मगुरुओं ने भी लोगों से अपील की है कि वह खुले स्थानों या सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी न करें और प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी से परहेज करें। साथ ही, यह भी कहा गया है कि कुर्बानी के बाद खून में नील मिलाकर उसे बहाया जाए, ताकि नालियों में लाल रंग दिखाई न दे और किसी की धार्मिक भावनाएं आहत न हों। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क पर नमाज की अनुमति नहीं दी जाएगी और नई परंपराएं शुरू करने की किसी को इजाजत नहीं दी जाएगी।

उल्लंघन की स्थिति में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पशुपालकों को पहले ही नोटिस दिए गए हैं, ताकि आवारा पशुओं की स्थिति से निपटा जा सके।


नौगवां चौराहा पर बकरीद को लेकर उमड़ी भीड़ व बिकते कुर्बानी के बकरे। ● अमृत विचार


निरीक्षण करते सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी।

- **ईदगाह में साढ़े 9 बजे अदा होगी ईद उल अजहा की नमाज, कुर्बानी स्थलों पर विशेष निगरानी**

### नगर पालिका की टीमें भी रहेंगी अलर्ट

कुर्बानी के दौरान उत्पन्न होने वाले कचरे को उचित तरीके से निस्तारित करने के लिए नगर पालिका और नगर पंचायत की टीमें भी सतर्क रहेंगी। डीएम के निर्देश पर ग्राम मीरापुर के पास डंपिंग ग्राउंड तैयार किया गया है, जहां कुर्बानी से निकले वेस्ट मैटेरियल को दफन किया जाएगा। नगर पालिका की ओर से 22 सफाई कर्मचारी आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए लगाए गए हैं। 24 कर्मचारी अवशेष आदि का दफन करने के लिए लगाए गए हैं। निगरानी के लिए सात सफाई नायकों को लगाया गया है।

### पांच जोन,17 सेक्टर में बंटा जिला, 935 पुलिसकर्मी तैनात

बकरीद के मौके पर किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पूरे जिले को पांच जोन और 17 सेक्टर में बांटा गया है। जिले भर में 935 पुलिसकर्मी और दो प्लाटून पीएसी की तैनाती की गई है। इसके अलावा, पांच सीओ, 30 इंस्पेक्टर, 150 सब इंस्पेक्टर और 750 कांस्टेबलों को ड्यूटी पर लगाया गया है। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, मस्जिदों और कुर्बानी स्थलों पर विशेष फोर्स की तैनाती रहेगी। सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाएं परखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सर्किल अफसर भी भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्थ का जायजा लिया जाएगा।

### सिटी मजिस्ट्रेट-सीओ ने परखे इंतजाम

बकरीद के मद्देनजर सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने नगरपालिका ईओ संजीव कुमार समेत टीम के साथ शहर में स्थित समस्त कुर्बानी स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से कुर्बानी के बाद पशुओं के अवशेष को खुले में न डालकर गार्बेज बैग में इकट्ठा करने के निर्देश दिए। इसके बाद उक्त स्थान पर भी व्यवस्थाएं परखी गई, जहां पर पूरे शहर से कुर्बानी स्थलों से जुटाए गए अवशेष को दफन कराया जाएगा। वहां की व्यवस्थाओं को लेकर भी नगर पालिका टीम को निर्देशित किया गया।

## एक नजर

### रंजिशन घर में घुसकर पिता-पुत्र को पीटा

**बीसलपुर, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश के चलते घर में घुसकर पिता-पुत्र की पिटाई कर दी गई। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम रायपुर निवासी चुन्नीलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 31 मई की रात आठ बजे गांव के रतनपाल, हरिनंदन, राजेश कुमार, जगतपाल पुरानी रंजिश को लेकर उसके घर में घुस आए। लाठी डंडे और बांके से हमलास करके पीटा। बचाने आए पुत्र विकास पर भी हमला किया गया। शोर पर आसपास के लोग जमा हुए तो आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### महिला से मारपीट, तीन पर रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** घर में घुसकर महिला पर हमला करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाली में दी तहरीर में ग्राम बिचपुरी निवासी दिनेश कुमार की पत्नी किरन देवी ने बताया कि गुरुवार रात वह अपने देवर, देवरानी के साथ घर पर थीं। रात करीब 8 बजे गांव के नरेश चंद्र, प्रदीप कुमार, सुशील कुमार बांका और तमंचा लेकर घर के अंदर घुस आए और हमला कर दिया। घर में मौजूद आलोक व देवर मनकू ने बचाया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# एआरटीओ ने अभियान चलाकर की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग की ओर से शुक्रवार को जनपद के विभिन्न मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने मार्ग से गुजर रहे वाहनों की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान परमिट समेत अन्य नियमों का उल्लंघन मिला। इस पर वाहनों पर कार्रवाई की गई।

चेकिंग के दौरान दो डंपर निर्धारित क्षमता से अधिक माल का परिवहन करते पाए गए, जिसमें एक डंपर को सीज और दूसरे का चालान किया गया, जबकि एक बस जो जालंधर से बहराइच जा रही थी। जिसके प्रपत्र चेक करने पर चालक के पास यात्रा परमिट नहीं मिला। इस पर परमिट नियमों का उल्लंघन पाते हुए बस का चालान किया गया। दो ईको जो निजी प्रयोग के लिए पंजीकृत थे, लेकिन वह व्यावसायिक रूप से प्रयोग होती पाई गईं। दोनों ईको को सीज कर दिया गया।

इतना ही नहीं, बिना परमिट के दौड़ रहे दो ई-रिक्शा को भी सीज किया गया। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि चेकिंग के दौरान पांच वाहनों को सीज किया गया, जिनमें दो ई-रिक्शा शामिल है। ये बिना रजिस्ट्रेशन के दौड़ रहे थे।

इसके अलावा दो वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई गई है। इस कार्रवाई के तहत 1.54 लाख का प्रशमन शुल्क वसूला गया। चालकों को चेतावनी दी गई कि बिना पंजीयन ई रिक्शा का बिल्कुल संचालन न करें।



बरेली हाईवे पर ईको के खिलाफ सीज की कार्रवाई करते एआरटीओ वीरेंद्र सिंह।

- **चेकिंग के दौरान पांच वाहन सीज, दो का चालान कर वसूला 1.54 लाख का प्रशमन शुल्क**

## शिकायत का फर्जी निस्तारण करने का आरोप

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी से जुड़ी एक शिकायत का फर्जी निस्तारण करने का आरोप लगा है। शिकायतकर्ता ने दोबारा मुख्यमंत्री से शिकायत की है।

दियोरिया कलां के रहने वाले दीपक गुप्ता ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया कि उन्होंने दियोरिया पूरनपुर सड़क निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग होने से जुड़ी शिकायत 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई थी। आरोप है कि पीडब्ल्यूडी के जेई द्वारा झूठी व मनगढ़ंत आख्या लगाकर शिकायत का निस्तारण दर्शा दिया गया है। इसे लेकर दोबारा शिकायत कर जांच कराकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान पूर्व में की गई शिकायत की संख्या और मोबाइल नंबर का हवाला भी दिया गया है।

# दुल्हन मेहंदी रचाकर करती रही इंतजार, दूल्हे के नाबालिग निकलने पर रुकवाई गई शादी

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** हाथों में मेहंदी लगाए दुल्हन समेत तमाम परिजन और रिश्तेदार बरात आने का इंतजार कर रहे थे। शादी की तैयारियां अंतिम दौर में थी। इसी बीच एक शिकायत पर पुलिस बल के साथ चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम पहुंची और बरात रुकवा दी गई। दरअसल, दूल्हे की उम्र महज 16 साल की निकली। दोनों परिवारों से जानकारी करने के बाद चेतावनी दी गई कि बालिग होने से पहले विवाह कराया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद विवाह की दावत खाने पहुंचे घराती-बराती भी बैरंग लौट गए। मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

घटना बीसलपुर तहसील क्षेत्र के एक गांव की है। बताते हैं कि यहां की रहने वाली एक युवती की शादी क्षेत्र के ही एक युवक से तय हुई थी। शादी को लेकर कई रस्में भी पूरी हो चुकी थीं। मगर, कुदरत को कुछ और ही मंजूर था। जिस युवक की शादी 5 जून को होनी थी, उसकी बीते दिनों सड़क हादसे में जान चली गई। इधर, शादी की अधिकांश रस्में हो चुकी थीं। दोनों परिवार एक दूसरे से सहमत भी थे। ऐसे में युवक के अंतिम संस्कार के बाद दोनों परिवार बैठे और बातचीत में ये तय किया गया कि शादी उसी तिथि पर युवक के छोटे भाई से करा दी जाएगी। इसे लेकर कुछ रिश्तेदार व अन्य परिचित भी दावत में बुलवा लिए गए थे। शादी की सामान्य दावत रखी गई थी। इसी बीच किसी ने इसे लेकर शिकायत कर दी गई कि दूल्हा नाबालिग है।

नाबालिग की शादी कराए जाने की सूचना पर रात को चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन की टीम पुलिस बल के साथ पहुंची और जांच पड़ताल की। इसमें दूल्हे की उम्र करीब 16 साल निकली, जिसके बाद शादी रुकवा दी गई। दोनों परिवारों को बाल विवाह से जुड़े कानूनों के बारे में अवगत कराया गया। ये भी साफ कहा कि बालिग होने से पहले शादी कराई तो लड़का-लड़की के परिवार के साथ ही बराती, पुजारी समेत अन्य लोगों पर भी कार्रवाई तय है, जिसके बाद परिवार वाले भी मान गए और शादी नहीं हो सकी।

- **एक सूचना मिलने पर पुलिस बल के साथ पहुंची चाइल्ड लाइन टीम, परिवारों को चेताया**
- **बीसलपुर तहसील क्षेत्र का मामला, घराती-बरातियों को भी लौटना पड़ा बैरंग**

# शहीद लखविंदर के नाम से बनेगा पार्क

संवाददाता, माधोटांडा

**अमृत विचार:** शहीद लखविंदर सिंह के नाम से धुरिया पलिया गांव में पार्क का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए एसडीएम की अगुवाई में राजस्व विभाग की टीमें जमीन की तलाश कर रही हैं। इसे लेकर परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की गई।

बता दें कि पूरनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम धुरिया पलिया के रहने वाले किसान गुरदेव सिंह के पुत्र लखविंदर सिंह सेना में हवलदार थे। उनकी तैनाती सिक्किम में चल रही थी। सिक्किम भूस्खलन में लखविंदर शहीद हो गए थे। बुधवार सुबह शहीद लखविंदर सिंह का पार्थिव देह सेना के वाहन से पैतृक गांव धुरिया पलिया लाया गया था और फिर सलामी देने के बाद अंतिम संस्कार किया गया। तमाम जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने घर पहुंचकर परिवार से मुलाकात की थी। धुरिया पलिया में शहीद लखविंदर सिंह की याद में उनके नाम से पार्क बनाया जाना है, जोकि करीब आधा एकड़ में बनेगा। इसके लिए एसडीएम कलीनगर महिपाल सिंह की अगुवाई में राजस्व विभाग की टीमें जमीन की तलाश कर रही हैं। वह परिवार वालों से भी मिले। इसके अलावा पक्का रास्ता भी बनवाया जाएगा। तहसीलदार वीरेंद्र कुमार ने बताया कि शहीद पार्क के लिए जमीन चिह्नित की जा रही है।


परिवार से मुलाकात करते एसडीएम महिपाल सिंह। ● अमृत विचार

## रहस्यमय ढंग से युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के बांके बिहारीकुंज कॉलोनी एफसीआई गोदाम के पीछे के रहने वाले शशांक चक्रवर्ती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका बड़े भाई 35 वर्षीय मानसिक रुप से अस्वस्थ हैं।

दो जून की सुबह वह घर से बिना बताए कहीं चले गए। साथ में घर से एक लैपटॉप और मोबाइल भी ले गए। युवक को गायब देखकर उसकी आसपास और रिश्तेदारी में तलाश की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इस पर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। युवक का नंबर सर्विलांस पर लगाकर लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

# छेड़छाड़ करने वाला निकला हिस्ट्रीशीटर

संवाददाता, माधोटांडा

**अमृत विचार:** किशोरी को बैंक खाता खुलवाने के बहाने साथ ले जाकर छेड़छाड़ करने के आरोपी सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के कुरैया खुर्दकलां गांव निवासी नरेश शर्मा उर्फ माइकल को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसका लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास निकला है। वह सेहरामऊ थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है। विभिन्न धाराओं में उस पर 16 मुकदमे पूरनपुर, जीआरपी, सेहरामऊ उत्तरी थाने में दर्ज निकले।

घटना गुरुवार को हुई थी। क्षेत्र के एक व्यक्ति ने माधोटांडा थाने में दी तहरीर में बताया था कि उसकी पत्नी का निधन 25 अप्रैल को हो गया था। पत्नी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए चार जून को 12 वर्षीय पुत्री के साथ आरोपी माईकल के घर गए थे। उसने उन्हें घर पर ही रोक लिया था। पांच जून को आरोपी बेटी का बैंक खाता खुलवाने की बात कहकर बाइक से उसे साथ ले गया और छेड़छाड़ की थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। किशोरी से भी बयान लिए गए। इसके बाद आरोपी नरेश शर्मा उर्फ माइकल को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर अशोक पाल ने बताया कि आरोपी नरेश शर्मा उर्फ माइकल सेहरामऊ उत्तरी थाने का हिस्ट्रीशीट है। वर्तमान में वह पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के पंजाबी कॉलोनी इलाके में रहता था।

उसे शुक्रवार को जेल भेज दिया है। इसके ऊपर बाल विवाह अधिनियम, दुष्कर्म की कोशिश, मारपीट, धमकाने, आयुध अधिनियम, गुंडा एक्ट जानलेवा हमला, बिजली चोरी के संबंध में भी पूर्व में विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज निकले हैं। आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।


माधोटांडा पुलिस की गिरफ्त में पकड़ा गया आरोपी नरेश शर्मा उर्फ माइकल।

- **पुलिस ने जुटाई 16 मुकदमों की क्रिमिनल हिस्ट्री, भेजा जेल**

## गेट पर ताला डालकर रोका काम विरोध पर धमकाया

**पीलीभीत, अमृत विचार:** एक कॉलेज के प्रधानाचार्य ने जमीन संबंधी विवाद को लेकर क्षेत्र के ही कुछ लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। उनका आरोप है कि उनकी संस्था की संपत्ति पर न्यायालय के आदेश के बावजूद कार्य करने से रोका जा रहा है। सीएंडजे उच्च माध्यमिक विद्यालय कलीनगर के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह ने माधोटांडा थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी संस्था की वार्ड नंबर आठ में संपत्ति है। इससे संबंधित एक पक्ष ने बीते दिनों न्यायालय में दायर वाद दायर किया, जो निरस्त हो चुका है। आरोप है कि उनकी संपत्ति होने के बावजूद गेट पर ताले डाल दिए गए। एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी दी गई।

## दुकान से रुपये चोरी करते पकड़ा रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार:** मोबाइल दुकानदार लघुशंका करने चला गया। इस बीच दुकान में रखी नकदी एक युवक ने चोरी कर ली। आसपास के दुकानदारों ने आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

नगर के मोहल्ला बाजार कटरा के रहने वाले प्रयास मिश्रा ने बताया कि उनकी मुख्य बाजार में मोबाइल की दुकान हैं। वह गुरुवार को दुकान पर थे। कुछ देर के लिए लघुशंका करने के लिए चले गए। इस बीच एक युवक दुकान में घुसा और 2100 रुपये चोरी कर लिए। पड़ोसी दुकानदारों ने उसे देख पकड़ लिया। उसने भागने की कोशिश की लेकिन असफल रहा। आरोपी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया है।

**कलीनगर पुल** | पुल पर दीवार खड़ी कर बंद किया गया आवागमन, लंबा रास्ता तय करने को मजबूर हुई बड़ी आबादी

# मियाद पूरी कर चुके पुल से गुजरते रहे वाहन, दरार आने पर आवागमन ठप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिम्मेदारों की हीलाहवाली के चलते हरदोई ब्रांच नहर पर बने कलीनगर पुल में भी दरार आ गई। फिलहाल अब इस पुल पर भी दीवार खड़ी कर आवागमन बंद कर दिया गया है। जिम्मेदार इसका कोई समाधान नहीं कर सके। मजबूरन लोगों को चित्तरपुर पुल समेत अन्य वैकल्पिक रास्तों से होकर लंबी दूरी तय करने के साथ भटकना भी पड़ा। हालांकि जिम्मेदारों का कहना है कि सेतु निगम द्वारा क्षतिग्रस्त डगा पुल के साथ कलीनगर पुल को कार्ययोजना में शामिल किया गया है। स्वीकृत मिलते ही कार्य शुरू कराया जाएगा।

कलीनगर तहसील क्षेत्र में बाइफरकेशन से हरदोई ब्रांच नहर निकाली गई है। इस नहर पर ब्रिटिशकाल के दौरान 04 पुल बनवाए गए थे। करीब तीन माह पूर्व गांव डगा के पास बने डगा पुल में दरार आने के बाद इसे आवागमन कर बंद कर दिया गया था। तब से इस क्षतिग्रस्त पुल पर कोई कार्य नहीं कराया जा सका है। ऐसे में इस क्षतिग्रस्त पुल से गुजरने वाले सभी वाहन कलीनगर पुल से होकर गुजर रहे थे।

बताते हैं कि मियाद पूरी कर चुके इस पुल से हर रोज भारी वाहन भी गुजरते रहे। जिस पर जिम्मेदारों ने कोई ध्यान नहीं दिया गया। इधर एक दिन पूर्व करीब 105 वर्ष पुराने कलीनगर पुल में दरारें पड़ गई। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस समेत अफसरों को दी थी। पुलिस और सिंचाई विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बैरियर लगाकर आवागमन बंद करा दिया था। इधर पुल में आई दरार के बाद सुरक्षा की दृष्टि से राज-मिस्त्री जुटाकर पुल के दोनों ओर दीवार खड़ी कर यातायात बंद करा दिया गया है। फिलहाल दूसरे दिन क्षतिग्रस्त पुल को लेकर कोई समाधान न होने से आवागमन बंद रहा। ऐसे में अब माधोटांडा समेत 150 से अधिक गांवों के लोगों को अब चित्तरपुर पुल समेत वैकल्पिक मार्गों से गुजर रहे हैं। हालांकि जानकारी के अभाव में लोग भटकते नजर आए। बाद में इधर-उधर पूछने के बाद राहगीर अन्य वैकल्पिक मार्गों से होकर अपने गंतव्यों की ओर जा सके।


कलीनगर पुल में दरार आने के बाद यातायात बंद करने को खड़ी की गई दीवार।

> बीती रात हेडवर्क्स डिवीजन के एई द्वारा उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। फिलहाल पुल से आवागमन बंद करा दिया गया है। सेतु निगम द्वारा डगा पुल के साथ कलीनगर पुल को कार्ययोजना में शामिल किया गया है। कार्ययोजना का अनुमोदन होते स्टीमेट बनाकर भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण शुरू कराया जाएगा।
> – **राजेश चौधरी**, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, प्रांतीय खंड

### तीन माह बाद भी क्षतिग्रस्त डगा पुल जस का तस

हरदोई ब्रांच नहर पर बने डगा पुल में आई दरार के बाद तीन माह बाद भी निर्माण की कोई प्रक्रिया शुरू नहीं सकी है। पुल में दरार आने के बाद पुल निर्माण कौन कराएगा, इसको लेकर झमेला पड़ा रहा। हालांकि बाद में तत्कालीन डीएम संजय कुमार सिंह के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम और सिंचाई विभाग के अभियंताओं ने संयुक्त रूप से दौरा किया था। जिसके बाद सेतु निगम की ओर से क्षतिग्रस्त पुल बनाने की हामी भरी गई, मगर आज तक इस क्षतिग्रस्त पुल के निर्माण की कोई प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। इधर अब कलीनगर पुल भी दरार पड़ने के बाद बंद कर दिया गया है। हालांकि जिम्मेदारों का कहना है कि डगा पुल के साथ कलीनगर पुल को भी कार्ययोजना में शामिल कर लिया गया था।

### मियाद पूरी कर चुके पुलों से चल रही यातायात व्यवस्था

ब्रिटिश काल के दौरान वर्ष 1920 के आसपास पुल का निर्माण कराया गया था। अमूमन कंक्रीट से बने पुराने पुलों की मियाद 100 वर्ष मानी जाती है। ऐसे में यह पुल करीब 05 वर्ष पहले ही अपनी मियाद पूरी कर चुकें है। इसके बाद भी जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। करीब पांच वर्ष पूर्व भी हरदोई ब्रांच नहर पर पीलीभीत-पूरनपुर हाईवे पर बना पुल धंस गया था। कई दिन तक वैकल्पिक रास्तों के सहारे वाहनों को गुजारा गया था। बाद में मरम्मत कराने के बाद इस पुल से आवागमन शुरू कराया गया था। बीते 07 मार्च को डगा पुल में दरार पड़ने के बाद इसे दीवार खड़ी कर बंद कर दिया गया था। इधर अब एक दिन पूर्व कलीनगर पुल भी क्षमता से अधिक भार गुजरने से क्षतिग्रस्त हो गया। इसे भी अब दीवार खड़ी कर बंद कर दिया गया है।

प्रवेश प्रारम्भ

चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस

रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.

चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान

- उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
- सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
- सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति

स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें

GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)

आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज

विशेष सुविधाएं

- मेडिक्लेम, बीमा योजना
- ICU वेन्टीलेटर सुविधा

सिटी ऑफिस

चन्द्रलोक हॉस्पिटल

दूरबीन विधि द्वारा

- पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
- गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
- प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
- रसौली, बांझपन की जाँच
- बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
- मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
- सभी प्रकार की सर्जरी
- पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
- ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
- ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
- हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज

पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

सम्पर्क करें-

9458882565
9410002566
8859493000

# हत्यारोपी बोले- मनाया, नहीं मानी इसलिए मार डाला

## पुलिस ने हत्यारोपी पति और उसके भाई को किया गिरफ्तार, घुंघचिहाई क्षेत्र में हुई थी वारदात, पुलिस ने भेजा जेल

संवाददाता, घुंघचिहाई (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** पति से हुई अनबन के बाद मां संग मायके जा रही विवाहिता की हत्या के मामले में पुलिस ने हत्यारोपी पति और उसके भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हत्या में इस्तेमाल दो बांका भी बरामद किए गए। पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद पति से जब पूछताछ की गई तो उसने कई गंभीर आरोप लगए। कहा कि बेटियों को भगाने के बाद पत्नी भी किसी के साथ जाने वाली थी। उसे समझाया, बहुत मनाया, लेकिन नहीं मानी। इसलिए गुस्से में आकर मार डाला। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

घटना 3 जून को हुई थी। घुंघचिहाई थाना क्षेत्र की रहने वाली नन्ही देवी (38) की बांके से वार करके हत्या कर दी गई थी। वह अपनी मां अनीता के साथ पति से हुए विवाद के बाद मायके जा रही थी।

इस मामले में मृतका के भाई की ओर से मृतका के पति और उसके भाई के खिलाफ हत्या की धारा में एफआईआर दर्ज की गई थी। घुंघचिहाई पुलिस घटना के बाद से ही आरोपी की तलाश कर रही थी, लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़ सका था।

गुरुवार देर शाम पुलिस ने सुरागरसी के बाद हत्यारोपी पति अखिलेश कुमार मिश्रा और उसके भाई अरविंद उर्फ छोटे को डूडा पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल दो बांका एक खेत से बरामद कर लिए गए। पूछताछ कर पुलिस ने हत्याकांड से जुड़ी जानकारी की, जिसके बाद शुक्रवार को दोनों आरोपियों को चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।



घुंघचिहाई पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी। ● अमृत विचार

> महिला की हत्या के मामले में फरार चल रहे पति समेत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में इस्तेमाल दो बांका भी बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। विवेचना जल्द पूरी कर चार्जशीट दाखिल की जाएगी।
> – प्रकाश सिंह, इंस्पेक्टर, घुंघचिहाई

### पति बोला : बेटियों को भगाने के बाद खुद भी जाने की कर रही थी तैयारी

पुलिस के अनुसार आरोपी पति अखिलेश कुमार मिश्रा ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह ट्रक चालक है और अक्सर बाहर रहता है। उसके दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। आरोप लगाया कि उसकी दोनों पुत्रियों को पत्नी ने किसी के साथ भेज दिया और इसकी जानकारी भी उन्हें नहीं दी। जब जानकारी हुई तो पूछा तो उसने टालमटोल कर दी। इतना ही नहीं, एफआईआर भी दर्ज नहीं कराई। वह कई लोगों से खुद भी बात किया करती थी। ये भी आरोप लगाया कि कई बार खाने में उन्हें नींद की गोलियां मिलाकर दे दी और वह बेहोश हो जाते थे। फिर परिचितों को घर बुलाया करती थी। उन्होंने अपने भाई अरविंद (दूसरा आरोपी) संग मिलकर 3 जून को भी काफी समझाया बुझाया।

पति को शक था कि बेटियों के बाद पत्नी भी किसी के साथ जाने की तैयारी में थी। जब वह मायके वालों को लेकर जबरन मायके जाने लगी तो रास्ते में दोनों आरोपी समझाने बुझाने गए थे। इसी दौरान जब बात नहीं मानी और भिड़ने लगी तो गुस्से में आकर बांके से वार करके हत्या कर दी। आरोपी अरविंद ने हाथ पकड़ लिए और बांके से वार करके उसने हत्या की। इसके बाद मौके से भाग गए और दोनों बांका जगदीश के ग्वार के खेत में छिपा दिए थे। फिलहाल दोनों आरोपियों को जेल भेजने के बाद पुलिस विवेचना में जुट गई है।

# पति से विवाद के महिला ने नगर में लगाई छलांग

**माधोटांडा, अमृत विचार:** पति से हुई कहासुनी के बाद एक महिला ने खुदकुशी की कोशिश की। नहर में पहले से नहा रहे युवकों ने महिला को सुरक्षित बाहर निकाला। उसे घर भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है।

घटना शुक्रवार शाम की है। माधोटांडा क्षेत्र के कस्बा कलीनगर की रहने वाली एक महिला का अपने पति से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों में जमकर कहासुनी हुई। इसके बाद गुस्से में महिला घर से निकल आई। फिर तीन सौ मीटर की दूरी पर हरदोई ब्रांच नहर पुल पर पहुंची और नहर में छलांग लगा दी। नहर में पहले से कई लोग नहा रहे थे। महिला के छलांग लगाते ही उनके होश उड़ गए। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई, जिसके बाद नहा रहे लोगों की मदद से महिला की जान बचाई जा सकी। पुलिस ने महिला से जानकारी की। परिजन भी आ गए। महिला को समझा बुझाकर उनके सुपुर्द कर दिया गया है।

# घर-घर जाकर बताई कांग्रेस की नीतियां

**पीलीभीत, अमृत विचार:** संगठन सृजन अभियान के तहत सदर विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को काशीराम कॉलोनी ईदगाह, ललौरीखेड़ा, जहानाबाद और बहोनी गांव में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे।

स्थानीय लोगों से मुलाकात कर कांग्रेस की नीतियां बताई। ग्रामीणों के नाम-नंबर आदि नोट कर संगठन से जोड़ने पर जोर दिया गया। इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अनवर अनीस, जिला महासचिव नरेश शुक्ला, सिद्दीक अहमद उस्मानी, पूर्व सभासद कामिल खान, शहरोज अहमद, दिलशाद हुसैन आदि माजूद रहे।

# भीम आर्मी ने ग्रामीणों से संपर्क कर बताई नीतियां



ग्राम भूड़ा में पहुंच भीम आर्मी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सड़ियां और भूड़ा में भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क किया।

नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद एडवोकेट की कार्यशैली को अवगत कराया। जिलाध्यक्ष सौरभ भारतीय ने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव को लेकर कार्यकर्ता एकजुट हो जाएं। लोगों को संगठन की नीतियों से अवगत कराते हुए जोड़ें। बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# शाब्दिक अर्थ के साथ सिखाए कई मंत्र

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** भारत विकास परिषद की ओर से कंपोजिट विद्यालय बरहा में शुक्रवार को बाल संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों को विभिन्न मंत्र शाब्दिक अर्थ के साथ सिखाए गए।

डॉ. शशिबाला गुप्ता ने गायत्री मंत्र, डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा ने दीप ज्योति मंत्र, डॉ. अनुरीता सक्सेना ने भोजन मंत्र, बीके सिंह ने शांति मंत्र, सचिव जगदीश सक्सेना ने त्रेताय मंत्र, शक्ति ज्ञान शक्ति, सतयुग, द्वापर, युद्ध शक्ति, संघीय शक्ति कलयुग का शाब्दिक अर्थ बच्चों को बताया।

शाखाध्यक्ष रवि शर्मा ने शिक्षिक, बच्चों और परिषद के कार्यकर्ताओं का आभार जताया। बच्चों से आग्रह किया कि वे चार दिवसीय कार्यशाला में वितरित किए गए मंत्रों को सीखें और समझें। उन्होंने बताया कि दो-तीन दिन बाद एक परीक्षा होगी, जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। बच्चों को धर्म संस्कृति और धर्म ग्रंथों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

इस मौके पर संपर्क प्रमुख विनोद गुप्ता प्रधानाचार्य ममता गंगवार, शिक्षक संतोष खरे, विजय लक्ष्मी, कमला सिंह, ऋषिमुनी त्यागी आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व भारत विकास परिषद के सदस्य। ● अमृत विचार

● कंपोजिट विद्यालय बरहा में आयोजित किया कार्यक्रम

# बिलसंडा ने बरेली को पांच रनों से हराया

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** गांधी स्मारक सुंदर लाल इंटर कॉलेज मैदान पर चल रहे राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन शुक्रवार को बरेली और लवली क्रिकेट क्लब बिलसंडा के बीच मैच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में शुरुआत में बेहतर प्रदर्शन कर रही बरेली की टीम के खिलाड़ी अंत में फ्लॉप हो गए। बिलसंडा के खिलाड़ियों ने हार की कगार पर पहुंचे मैच को अंतिम दौर में पांच रन से जीत लिया।

दोपहर 11 बजे टॉस जीतकर लवली क्रिकेट क्लब बिलसंडा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 122 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने मैदान पर उतरे बरेली के खिलाड़ियों ने शुरुआत तो अच्छी की पर अंधाधुंध पारी खेलते हुए उन्होंने जोश में होश खो डाला और एक के बाद एक धड़ाधड़ विकेट गिरते गए।लक्ष्य से महज पांच रन दूर 117 रनों पर ही उनकी पारी लड़खड़ा गई, और जीता हुआ मैच उनके हाथ से निकल गया। मैन ऑफ द मैच मोहम्मद इदरीश रहे। जिन्होंने चार विकेट लेकर अपनी टीम को शानदार 46 रन दिए। मोबाइल व्यापारी साबिर हुसैन,शाहिद, जाहिद हुसैन वाहिदी द्वारा पुरस्कार दिया गया। आयोजक सुमित जायसवाल, व्यापर मंडल नगराध्यक्ष अवनीश जायसवाल,देवदत्त सक्सेना, मोहम्मद रेहान, बंटू जायसवाल,विक्रम गंगवार, अवध नरेश जायसवाल, सभासद सुनील शुक्ला, सत्यपाल राठौर मौजूद रहे।



विजयी टीम के इदरीश को पुरस्कृत करते व्यापारी जाहिद एवं शाहिद हुसैन।

### महिला विंग्स कमेटी आज उठाएगी मैच का लुत्फ

राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रति दिन आसपास क्षेत्र से दर्शक पहुंच रहे हैं। शनिवार को नगर की महिला विंग्स की टीम भी मैच का लुत्फ उठाने पहुंचेगी। कमेटी की अध्यक्ष शिवानी जायसवाल,चांदनी गुप्ता ने बताया कि आयोजन कमेटी ने उन्हें आमंत्रित किया है। इस पर वह चार दर्जन से अधिक महिलाओं का समूह शनिवार को दोपहर 12 बजे से मैच का आनंद लेने पहुंचेगा।

# पोस्टमैन को सड़क पर आया हार्टअटैक बचाई जान

**खुटार, अमृत विचार:** पोस्टमैन को शुक्रवार दोपहर रोड पर हार्टअटैक आ गया। राहगीरों ने मिलकर उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां समय से इलाज मिलने पर उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।

पुवायां के गांव बेहटा सनवात निवासी शिवसरन वर्मा का 23 वर्षीय बेटा अविरल पटेल खुटार के टाह खुर्द कलां में डाकघर में पोस्टमैन के पद पर कार्यरत है। शुक्रवार दोपहर वह पुवायां रोड पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास स्थित बिलाहा बाबा स्थान के पास पहुंचे, तभी अचानक उनके सीने में दर्द होने लगा। इसी बीच यज्ञ में शामिल होने जा रहे हिंदू युवा संगठन (अ) के संस्थापक अध्यक्ष अवनीश मिश्र अपने साथी नीरज के साथ पहुंच गए। उन्होंने दर्द से तड़प रहे अविरल को देखा और सीने को दबाना शुरू कर दिया, जिससे उन्हें राहत मिली। फिर उन्हें सीएचसी पहुंचाया, जहां हालत खतरे से बाहर है।

# हर्बल पार्क में मिली गंदगी देख गुस्साए डीएम, सफाई के निर्देश



सियाबाड़ी पट्टी गांव में निरीक्षण कर निर्देश देते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** डीएम को सियाबाड़ी पट्टी गांव में बने हर्बल पार्क एवं ओपन जिम के निरीक्षण में गदंगी मिली। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए ग्राम प्रधान को साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान डीएम ने गांव में बन रही कान्हा गोशाला का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने प्रयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता परखने के साथ जल्द कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह शुक्रवार को ललौरीखेड़ा ब्लॉक के गांव सियाबाड़ी पट्टी पहुंचे। यहां उन्होंने मनरेगा हर्बल पार्क एवं ओपन जिम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें पार्क में गदंगी मिली। उन्होंने नाराजगी जताते हुए ग्राम प्रधान को पार्क की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने खराब संसाधनों को बदलवाने के भी निर्देश दिए। इससे पूर्व डीएम ने गांव में ही निर्माणाधीन गौशाला का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रयोग की जा सामग्री की गुणवत्ता को परखने के साथ कार्यदायी संस्था को जल्द कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए।

### महिलाओं ने व्रत रखकर की पूजा

**बिलसंडा, अमृत विचार :** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में शुक्रवार को निर्जला एकादशी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने दिनभर उपवास रखा और मंदिरों में जाकर भगवान की पूजा-अर्चना की और कथा भी सुनी। अपनी मनोकामना के लिए निर्जला एकादशी का उपवास रखकर मंदिरों में ठाकुरजी के मिट्टी को पानी से भरे कलश चढ़ाए। हाथ पंखा,चीनी, आम, खरबूजा आदि चढ़ाए। नगर की शालिनी सक्सेना, डाली, जूली, प्रीति, मंजू, सविता जायसवाल, वर्षा गंगवार आदि ने देवस्थान मंदिर स्थित पीपल एवं बरगद की पूजा की।



MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA EYE AND LASER CENTRE
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

# पूर्व मंडल अध्यक्ष ने थामा टिकैत गुट का दामन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की पंचायत में भाकियू भानु के पूर्व मंडलाध्यक्ष समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। टिकैत गुट में शामिल हुए सभी नए सदस्यों का स्वागत कर उन्हें संगठन के विभिन्न पदों की जिम्मेदारी दी गई। पंचायत में जिला प्रशासन द्वारा किसानों की समस्याओं की अनदेखी करने पर रोष जताया गया। साथ ही 16 जून से हरिद्वार में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई।

शहर के मंडी समिति गेस्ट हाउस में पंचायत शुक्रवार को जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश प्रमुख महासचिव एवं पश्चिमी यूपी के प्रभारी विजेंद्र सिंह यादव, मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलों रहे। पंचायत में भाकियू भानु गुट को छोड़कर आए कार्यकर्ताओं ने भाकियू टिकैत गुट की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एवं पदाधिकारियों ने शामिल हुए नए सदस्यों को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। पंचायत में यशपाल सिंह उर्फ चिंटू ठाकुर को प्रदेश उपाध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश, धर्मेंद्र सिंह चौहान वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष, खेमकरन लाल मंडल उपाध्यक्ष, अमित गंगवार जिला उपाध्यक्ष, अरशद नूर मंडल सचिव, माखन लाल भारती जिला संगठन मंत्री, विनय प्रताप सिंह जिला सचिव एवं नीलकमल को मंडल उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

पंचायत में किसानों की समस्याओं पर भी चर्चा की गई। पंचायत को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह यादव एवं मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलों ने कहा कि जिला प्रशासन किसानों की अनदेखी कर रहा है। इसे लेकर किसानों में आक्रोश है। यदि प्रशासन किसानों की समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं करता है तो जिला मुख्यालय पर महापंचायत कर अनिश्चित कालीन आंदोलन किया जाएगा जोकि समस्याओं के समाधान तक जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष ने संगठन को गतिशील बनाने पर जोर दिया। साथ ही पंचायत में 16 जून से 18 जून तक हरिद्वार में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। युवा जिलाध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्यारेलाल वर्मा, गुरजीत सिंह, दशरथ सिंह, नरेश मिश्रा, वीरपाल राजपूत, पूरनलाल, हिमांशु गंगवार, नागेंद्र कुशवाहा, तिलकराम, अनिल तिवारी, सूर्य प्रकाश, नंदराम वर्मा आदि मौजूद रहे।



भाकियू की पंचायत में शामिल हुए नए सदस्यों का फूल-माला पहनाकर किया स्वागत। ● अमृत विचार

● कार्यकर्ताओं संग ग्रहण की सदस्यता, फूल-माला से स्वागत

## एक नजर

### जंगली कुत्ते के हमले में बुजुर्ग घायल

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : धौरहरा सीएचसी क्षेत्र में जंगली कुत्ते ने बाइक सवार पर हमला कर दिया, जिससे चालक बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो दया। घायल को एंबुलेंस 108 से सीएचसी में भर्ती कराया है। गांव कुलहाकोट निवासी 60 वर्षीय वीरेंद्र पाल दीक्षित गुरुवार को बाइक से घर लौट रहे थे। इस दौरान एक जंगली कुत्ते ने उन पर हमला बोल दिया। ऐसे में बाइक अनियंत्रित होने से वह गिर गए, जिससे वह चोटिल हो गए। 108 एंबुलेंस के ईएमटी मुकेश चंद्र और पायलट सुबेश ने बुजुर्ग को प्राथमिक उपचार देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमिया बेहड़ ले जाकर भर्ती कराया। हालांकि बुजुर्ग की हालत अब बेहतर बताई जाती है। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि घायल को समय रहते प्राथमिक उपचार मिलना वरदान साबित हुआ है। वहीं बुजुर्ग के परिजनों ने एंबुलेंस टीम की सराहना की।

### बच्चे की मौत पर डॉक्टर के खिलाफ दी तहरीर

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के अंबारा गांव निवासी अजय अवस्थी ने दी गई तहरीर में कहा है कि वह अपनी गर्भवती पत्नी शिल्पी मिश्रा का इलाज लखीमपुर रोड स्थित एक क्लीनिक एंड मैटरनिटी होम से करवा रहा था। प्रसव के समय अस्पताल के डॉक्टर ने बताया था कि डिलीवरी ऑपरेशन से होगी। वह चार जून को सुबह 8 बजे अपनी पत्नी को अस्पताल लेकर पहुंचा। तब पता चला कि डॉक्टर नहीं है, लेकिन पर्चा बनाने वाले ने उसकी पत्नी को भर्ती कर लिया और कहा कि उसकी पत्नी की नॉर्मल डिलीवरी हो जाएगी। उसने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि जब डॉक्टर ने पहले बताया था कि ऑपरेशन होगा, फिर बाद में नॉर्मल डिलीवरी कर दी, जिससे बच्चे की मौत हो गई। कोतवाल चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण, गिरफ्तार

मितौली, अमृत विचार : शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण करने के आरोपी सोनू निवासी छैरासी गदियाना थाना कोतवाली गोला को मितौली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने बताया कि आरोपी को दोपहर करीब एक बजे शिवाला तिराहा गोला मोड़ से गिरफ्तार कर चालान भेजा गया है।

## कुम्हारों ने लगाया आधुनिकता का तड़का, स्टील के बर्तनों को मात दे रहे मिट्टी के बर्तन

# पसंद बने मिट्टी के तवा और कड़ाही, खूब हो रही खरीदारी

अवनीश शुक्ला, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार : कुम्हारों ने मिट्टी के बर्तन बनाने में आधुनिकता का तड़का लगाया है। परंपरागत बर्तनों के अलावा अब मिट्टी के तवा, कढ़ाई से लेकर कूकर आदि बना रहे हैं। मिट्टी से तैयार यह बर्तन स्टील आदि के बर्तनों को टक्कर दे रहे हैं। मिट्टी के बर्तनों में तैयार भोजन सेहत के लिए लाभकारी होने की वजह से लोग बढ़ चढ़कर इनकी खरीदारी कर रहे हैं।

गत कुछ माह से शहर में मिट्टी के बर्तनों का कारोबार बढ़ा है। मिट्टी के यह बर्तन देखने में ही आकर्षक नहीं लगते, बल्कि इनमें तैयार भोजन की सोंधी खुशबू खाने का स्वाद भी दो गुना करती है। कुम्हार पहले जहां मिट्टी के कुल्हड़, सुराही, घड़े, गमले आदि बनाते थे, लेकिन बदलते समय में आधुनिकता का तड़का लगाकर गिलास, बोतल से लेकर तवा,



विकास भवन के पास मिट्टी के बर्तनों की सजी दुकान। ● अमृत विचार

- रोजाना आठ से 10 बिक रहे मिट्टी के बर्तन


हांडी, फ्राईपैन, कढ़ाई आदि बना रहे हैं। विकास भवन के पास मिट्टी के बर्तनों की सजी दुकान शहर में विकास भवन के पास मिट्टी के बर्तनों की दुकानें सजी हैं।

वहीं कभी कभार बाहरी जिलों के लोग शहर में मिट्टी के तैयार तमाम प्रकार के बर्तन आदि की बिक्री करने आते हैं। मिट्टी के बर्तन बेचने वाले मोहम्मद इसराइल ने बताया कि पिछले कुछ सालों में मिट्टी के बर्तनों का कारोबार खत्म सा हो गया था। लेकिन, कुछ महीनों से अचानक मिट्टी के बर्तनों की मांग बढ़ गई है। इनमें सबसे ज्यादा बिक्री तवा और कढ़ाई की हो रही है।

### मिट्टी के बर्तनों की कीमत रुपयों में

1. कढ़ाई- 100 से 120
2. हांडी- 40 से 120
3. बोतल-100 से 120
4. तवा-50 से 70
5. फ्राईपैन- 250 से 400
6. गिलास- 100 से 200 रुपये दर्जन

### मिट्टी के बर्तनों में तैयार भोजन का स्वाद और पौष्टिकता अन्य से अधिक



मिट्टी के बर्तनों में तवा और कढ़ाई आदि की मांग अधिक है। खाना बनाने वाले मिट्टी के बर्तन रोजाना आठ से दस बिक जाते हैं। इन बर्तनों में तैयार भोजन का स्वाद और पौष्टिकता अन्य में बनाए गए खाने से कई गुना बढ़ जाती है। - **मोहम्मद इसराइल**, मिट्टी के बर्तन विक्रेता

### फायदेमंद है मिट्टी के बर्तनों में तैयार भोजन



राजापुर स्थित राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्साधिकारी डॉ. हरवंश कुमार बताते हैं कि मिट्टी के बर्तनों में खाना पकाने के कई फायदे हैं। इनमें पका भोजन अधिक पौष्टिक होता है, क्योंकि मिट्टी के बर्तन आयरन, फास्फोरस, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे खनिज भोजन में जोड़ देते हैं। इनमें धीमी आंच पर भोजन पकाते हैं, जिससे भोजन के पोषक तत्व नष्ट नहीं होते। मिट्टी के बर्तनों में कम तेल की जरूरत होती है। इनमें बने भोजन के पाचन में सुधार होता है और कब्ज की समस्या से राहत मिलती है। इसके अलावा मिट्टी के बर्तन में खाना पकाने से भोजन का पीएच स्तर संतुलित रहता और खाने के पोषक तत्व नष्ट नहीं होते। ऐसे में मिट्टी के बर्तनों में तैयार भोजन कई बीमारियों से सुरक्षित रखता है।

# दुल्हन घर में रखे नकदी और जेवर लेकर फरार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- पति और तीन बच्चों को खाने में नशीला पदार्थ खिलाकर कर दिया बेसुध
- पहली पत्नी की मौत,पीड़ित ने की दूसरी शादी, महिला की तलाश में जुटे परिवार वाले

अमृत विचार: थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के एक गांव में हफ्ते भर पहले दुल्हन बनकर घर आई महिला ने गुरुवार की रात अपने पति व उसके तीन बच्चों को खाने में कोई नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया और घर में रखी नकदी और सारे जेवर लेकर भाग निकली। परिवार के लोग महिला की तलाश में जुटे हैं। अभी घटना की तहरीर पुलिस को नहीं दी है।

गंव मुड़िया खुर्द निवासी राजेंद्र प्रसाद लोधी की पत्नी की कई साल पहले मौत हो गई थी। उसके पहली पत्नी से तीन बच्चे हैं। बताया जाता है कि राजेंद्र ने गांव की ही किसी परिचित महिला के सहयोग से एक सप्ताह पहले लखीमपुर निवासी एक महिला के साथ शादी की और उसे घर ले आया था। तभी से महिला दुल्हन बनकर रह रही थी। गुरुवार की रात महिला ने अपने पति और तीनों बच्चों को खाने में कोई नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया। जब चारों बेसुध हो गए। तब वह घर में रखी नकदी व जेवर लेकर भाग निकली। घर के लोग जब सुबह सोकर जगे तो पत्नी घर में नहीं मिली। घर में रखी नगदी और जेवर भी गायब मिले। यह देख परिवार वालों के होश उड़ गए। कुछ देर तक इंतजार करने के बाद महिला की तलाश शुरू की गई, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। फिलहाल पुलिस को अभी तहरीर नहीं मिली है। परिजन दुल्हन की तलाश कर रहे हैं। दुल्हन के फरार होने की खबर चर्चा का विषय बनी हुई है।

# गांव के बाहर बाग में पड़ी मिलीं सरकारी आपूर्ति की दवाएं

## सीएचसी धौरहरा के अधीक्षक ने बैच नंबर लेकर दवाओं को कराया नष्ट, सीएमओ ने टीम गठित कर मांगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, धौरहरा

- टीम गठित कर एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट तलब करने के निर्देश

अमृत विचार: सीएचसी धौरहरा क्षेत्र के एक गांव के बाहर बाग में सरकारी आपूर्ति की दवाएं पड़ी मिलने से हड़कंप मच गया। बाग मालिक ने इसकी सूचना सीएचसी अधीक्षक और सीएमओ को दी। मौके पर पहुंचकर अधीक्षक ने दवाओं का बैच नंबर नोट कर दवाओं को आग के हवाले कर नष्ट करा दिया। सीएचसी अधीक्षक का कहना है कि जो दवाएं पड़ी मिलीं थीं वह सब एक्सपायर थीं। जबकि ग्रामीणों का कहना था कि दवाओं के ढेर में कुछ दवाएं ऐसी भी थीं, जिनकी एक्सपायरी निकट थी। सीएमओ ने तीन सदस्यीय टीम गठित कर एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट तलब की है।

धौरहरा सीएचसी के गांव मैला कलुआपुर के बाहर पूरब में सत्य नरायन मौर्य का बाग है, जिसकी झाड़ियों में शुक्रवार सुबह तमाम दवाएं और सीरप पड़े मिले। दवाओं पर उत्तर प्रदेश सरकार आपूर्ति लिखा था। यह वह दवाएं थीं जो सरकारी अस्पतालों में मरीजों को निःशुल्क वितरित करने के लिए शासन से मुहैया कराई जाती हैं।

बाग में दवाओं का जखीरा पड़ा देखकर बाग स्वामी सत्यनारायण मौर्य ने इसकी सूचना धौरहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. रवि सिंह और सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता को दी। इस पर सीएचसी अधीक्षक ने मौके पर जाकर दवाओं का बैच नंबर नोट करने के साथ हर दवा का एक-एक सैंपल लेकर अन्य को आग में जलवाकर नष्ट करा दिया। अधीक्षक का कहना है कि समस्त दवाएं और सीरप सरकारी आपूर्ति के थे, लेकिन वह एक्सपायर हो चुकी थीं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. रवि सिंह ने बताया यह दवाएं किस सीएचसी, पीएचसी एवं उपकेंद्र या फिर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को जारी हुई हैं। इसकी जांच कर रिपोर्ट सीएमओ कार्यालय पर भेज दी जाएगी।



गांव कलुआपुर के बाहर बाग की झाड़ियों में पड़ीं सरकारी आपूर्ति की दवाएं।



दवाइयों को जलाते स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

**यह पड़ी थी दवाएं :** आइब्रोफेन टेबलेट, ऑसिक्लोफिनेक टेबलेट, डाइसाइक्लोमाइन टेबलेट, आइरन एण्ड फोलिक एसिड टेबलेट, त्रिफला जोल सीरफ, आयरन फोलिक एसिड सीरप, निश्चय किट, मैट्रोनिडाजोल सीरप, विटामिन सी टेबलेट, डाइक्लोफेनिक सोडियम इन्जेक्सन, क्लिडामामाइसिन एंड क्लोट्रिमाजोल टेबलेट, ओमेप्राजोल टेबलेट, पैरासीटामॉल एन्फ्लुएजन टेबलेट, लीमीप्राइड टेबलेट आदि।

> झाड़ियों में सरकारी आपूर्ति की एक्सपायरी दवाएं पड़ी होने की सूचना मिली थी। इस पर एसीएमओ डॉ. एसपी मिश्रा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की है। इसमें सीएचसी धौरहरा और ईसानगर के अधीक्षक शामिल हैं। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद जो भी दोषी होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा।
> -**डॉ. संतोष गुप्ता**, सीएमओ।

### बाइक सवार ने की सुरक्षा गार्ड से मारपीट

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार: नगर के पंजाबी कॉलोनी रोड पर सीएचसी में बिना लॉक किए बाइक खड़ी करने से मना करने पर एक व्यक्ति ने सुरक्षा गार्ड से गाली गलौज कर हाथापाई की। इससे सुरक्षा गार्ड को चोटें आई हैं। सुरक्षा गार्ड ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

सीएचसी के सुरक्षा गार्ड प्रभाकर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को अपने को रिटायर्ड बैंक कर्मी बताने वाले एक व्यक्ति ने अस्पताल परिसर में कदम के पेड़ के पास बाइक बिना लॉक किए खड़ी कर दी और जाने लगा। जब उन्होंने बाइक को लॉक करके अस्पताल परिसर में खड़ी करने को कहा तब उसने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर हाथापाई की और हेलमेट से प्रहार कर दिया, जिससे वह चोटिल हो गया। कोतवाल चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# 21 जून को मनेगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार : 21 जून को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है, जबकि 15 जून से गोला में योग सप्ताह का आरंभ होगा। इसके लिए शुक्रवार को विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय बैठक हुई।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को जिले भर में एक पृथ्वी- एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर होगा। इससे पहले 15 जून को छोटी काशी गोला के नीलकंठ मैदान पर योग सप्ताह की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर, ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थल, सरकारी एवं निजी संस्थानों में वाई ब्रेक, कार्यशाला कर उसकी फोटो आयुष कवच ऐप पर अपलोड कर जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार सिंह को भेजते रहें।

कार्यक्रम के नोडल क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरवंश कुमार एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. शैलेश प्रताप सिंह को योग प्रशिक्षकों के माध्यम से योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास कराने, प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिंग्स लगवाने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि 21 जून को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के ऑडिटोरियम में विश्व योग दिवस का आयोजन होगा। इस दौरान मौजूद अधिकारियों को वाई-ब्रेक योग का अभ्यास कराया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को सफल बनाने के लिए गायत्री परिवार, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी, भारत विकास परिषद, भारतीय योग संस्थान आदि का सहयोग लिया जा रहा है। इस दौरान योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा, अमित कुमार, मास्टर ट्रेनर शशिकांत मौजूद रहे।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर बैठक में निर्देश देते सीडीओ अभिषेक कुमार।

- आईटीआई के ऑडिटोरियम में किया जाएगा आयोजन
- 15 को छोटी काशी गोला में होगा योग सप्ताह का आरंभ

# फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र से जारी कराया उत्तराधिकार प्रमाण पत्र

संवाददाता, पलिया कलां

अमृत विचार: फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में दो भाई समेत चार लोग फंसे हैं। एसपी के आदेश पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इंदिरानगर (लखनऊ) निवासी संतोष कुमारी पत्नी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी मां किशोरी देवी दो बहने थीं। उनकी दूसरी बहन का नाम शंभू देवी था। दोनों पलिया कलां में खरीदी गई भूमि में सहखातेदार थीं। उनकी माता किशोरी देवी की मौत छह जनवरी 2004 को हो गई थी। वह अपनी मां की इकलौती पुत्री हैं। वह अपनी विरासत नहीं करा पाईं। दो भाइयों राकेश श्रीवास्तव व संजय श्रीवास्तव ने अपने साथी आजाद खां निवासी अहिरान-2 व दिलदार अहमद मोहल्ला सिंगहिया थाना पलिया कलां के साथ मिलकर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र व उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र बनवा लिया और तहसील अभिलेख में माता शंभू देवी के नाम भूमि दर्ज करा दी। शम्भू देवी की मृत्यु के बाद कथित भूमि राकेश श्रीवास्तव व संजय श्रीवास्तव ने विरासत के जरिए अपने नाम करा ली। जानकारी हुई तो उन्होंने नायब तहसीलदार के न्यायालय में वाद दायर किया जो विचाराधीन है।

अभिलेखों की जांच में पता चला कि उनकी माता किशोरी देवी की मृत्यु 28 मई 2004 नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ में दिखाकर मृत्यु प्रमाण पत्र बनाया है। मृत्यु प्रमाण पत्र का सत्यापन कराया तो वह फर्जी पाया गया। इसी मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर डीएम कार्यालय से आरोपियों ने उत्तराधिकार प्रमाण जारी करा लिया। पीड़िता एसपी से मिलकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की थी। एसपी के आदेश पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# एमओयू निवेशकों की समस्याओं का प्राथमिकता से करें निराकरण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: जिले में औद्योगिक निवेश को गति देने और एमओयू निवेशकों को बेहतर सहयोग मुहैया कराने के लिए शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इसमें डीएम ने अधिकारियों को निवेशकों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एमओयू निवेशकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण और निवेशकों को सहज वातावरण उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि निवेशकों ने जहां कहीं पर किसी भी विभाग से एनओसी प्राप्त करनी हो तो संबंधित अधिकारी सहायता करें। यदि इसमें कोई समस्या आ रही है तो अवगत कराएं। बैठक में निवेशक उद्यमियों ने तमाम समस्याएं बताई, जिनका संबंधित विभाग के अधिकारियों ने संज्ञान लेकर निराकरण कराने का आश्वासन दिया।



एमओयू निवेशकों की बैठक में मौजूद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व सीडीओ अभिषेक कुमार।

- कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर डीएम ने दिए निर्देश
- समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निस्तारण करने के निर्देश

बैठक में सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर अमिता यादव, उपायुक्त उद्योग उज्जवल सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, ईओ संजय कुमार, आईएमए के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल सहित एमओयू निवेशक मौजूद रहे। संचालन उपायुक्त उद्योग उज्जवल सिंह ने किया।

# एक घर से नकदी समेत तीन लाख के जेवर चोरी

संवाददाता, मैगलगंज

- चार दिन में दूसरी वारदात से कस्बे के लोगों में भय का माहौल

अमृत विचार: कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर सोमवार की रात हुई लाखों की चोरी का पुलिस अभी खुलासा भी नहीं कर पाई थी कि चोरों ने मोहल्ला खकरा निवासी एक मकान पर धावा बोल दिया। चोर 5500 रुपये की नकदी और करीब तीन लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

मोहल्ला खकरा नई बस्ती निवासी रफीक अहमद ने बताया कि उनके दो बेटे हैं। दोनों दिल्ली में रहकर काम करते हैं। दोनों बेटे अतीक और इलियास गुरुवार की सुबह आए थे। सभी लोग खाना खाकर सो गए। रात में किसी समय चोर घर के अंदर घुस आए और 5500 हजार रुपये, दोनों बहुओं के दो जोड़ी हार, दो जोड़ी झुमकी, तीन जोड़ी पायल समेत तीन लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। सुबह चार बजे जब सोकर उठे तो देखा कि कमरों के दरवाजे खुले थे। घर के अंदर रखा सामान बिखरा पड़ा था। यह देख परिवार वालों के होश उड़ गए। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौका मुआयना किया है। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

दो दिन पूर्व कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर पिल्लू मिश्रा के घर से चोर नगदी समेत करीब पांच लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए थे। जिसका अभी तक पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है। लगातार बढ़ती चोरियों की घटना से कस्बे वासियों में भय का माहौल है। वहीं पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं।

# मोदी सरकार के 11 साल में वैश्विक स्तर पर भारत मजबूत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल पूरे होने पर शुक्रवार को भाजपा कार्यालय पर कार्यशाला हुई। इसमें मोदी सरकार की उपलब्धियों का बखान किया गया।

मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्ष सुशासन में भारत विकास के पायदान पर सबसे आगे है। भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में चौथे पायदान पर पहुंच गई है। रक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, सड़क, दूरसंचार एवं रेलवे नेटवर्क आदि क्षेत्रों में विकास के नए नए सोपान रच रहा है। यह सब प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में संभव हुआ है। बदले भारत की सेना पाकिस्तान में जाकर आतंकवादियों के अड्डे जमींदोज कर रही है।

उन्होंने कहा कि भारत के स्वदेशी रक्षा उपकरणों ने पूरे विश्व में धूम मचा रखी है। यही कारण है वैश्विक बाजार में चीनी हथियारों की वैल्यू गिरी है, जबकि भारत के हथियारों की बढ़ी है। विशिष्ट अतिथि एवं जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य ने कहा कि भारत के गांव एवं नगरों में विकास की नई बानगी देखने को मिल रही है। हर क्षेत्र में जनता को विकास का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम संयोजक व जिला महामंत्री रामजी मौर्य ने कहा कि सेवा सुशासन गरीब कल्याण की कार्यशाला पर कहा कि इनका आयोजन विधानसभा से लेकर मंडल स्तर पर होगा। इसमें मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां जनता के बीच बताई जाएगीं। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा 11 वर्ष के कार्यकाल में पीएम मोदी ने देश को आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य सेवा सुशासन गरीब कल्याण रहा है। जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमारी, रश्मि गुप्ता, रचना शुक्ला, मंजू लता श्रीवास्तव, सहसंयोजक रामजी दीक्षित, उमेश शुक्ला, रमेश चंद्र मिश्रा, आशू मिश्रा, विनोद लोधी आदि मौजूद रहे।



भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- चौथे पायदान पर पहुंची भारत की अर्थव्यवस्था
- भाजपा कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन



योजनाओं का बखान करते मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री संजय राय।

### आउटसोर्सिंग कर्मियों को दो माह से नहीं मिला वेतन

बिझौली, अमृत विचार: जनपद लखीमपुर खीरी में बिजली विभाग में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिला है। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने बताया कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से गोला सर्किल के अंतर्गत गोला, पलिया, मोहम्मदी, मितौली, निघासन सहित कई डिवीजन में कार्य कर रहे हैं। लेकिन दो माह से वेतन न मिलने से उनका परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा है। अधिकारी मौन धारण किए हैं। कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं, जबकि पहले जितने कर्मचारी थे उससे आधे कर्मचारियों पर पूरे कर्मचारियों का कार्यभार रख दिया है। क्योंकि आधे कर्मचारियों की एक मई से छंटनी कर दी गई। काम दोगुना लेकिन वेतन का पता नहीं है, इससे सभी कर्मचारियों में रोष है। लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है।

## एक नजर

### बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शादी समारोह में शामिल होकर वापस जा रहे अधेड़ की बाइक ट्रक की चपेट में आ गई। इससे उसकी मौत हो गई। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव गोल्हापुर के मजरा छाउछ निवासी कृपा राम (56) गुरुवार को बाइक से गोला रोड पर एक गेस्ट हाउस में शादी समारोह में शामिल होने आए थे। देर रात वापस लौटते समय पंडित दीनदयाल स्कूल के आगे चौराहे पर उनकी बाइक एक ट्रक की चपेट में आ गई। इससे वह बाइक समेत सड़क पर गिर गए। हादसे में कृपा राम की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही उनके परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए।

### चोरी की दो बाइकों के साथ आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली मोहम्मदी पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की दो बाइक बरामद होने का दावा किया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी का चालान भेजा है। एसआई शिव कुमार सिंह ने बताया कि वह गश्त पर थे। इस दौरान पुलिस ने बौधी रोड की तरफ यूडी स्कूल के पास से आलोक कुमार निवासी अंटा प्रधान मजरा आलमनगर थाना मझिला जिला हरदोई को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर कस्बे से चोरी हुई दो बाइकों को बरामद किया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है।

### मां को गाली देने से मना किया तो बड़े भाई को पीटा

**पलिया कलां, अमृत विचार :** छोटी पलिया खुर्द निवासी आसाराम ने बताया कि वह गुरुवार की शाम महंगापुर से काम करके अपने घर वापस लौटा तो देखा कि छोटा भाई कमलेश मां को गाली दे रहा था। उसने जब मां को गाली देने का कारण पूछा और मना किया तो वह गाली गलौज करने लगा। मना करने पर आरोपी भाई ने अपने पुत्र कपिल के साथ ईंट-पत्थर से प्रहार कर दिया। इससे उसका सिर फट गया और वह खून से लथपथ हो गया। पत्नी गोमती देवी बीच-बचाव करने आई तो आरोपी ने उसको भी मारापीटा और जान से मार देने की धमकी दी।

### बाइक से गिरकर महिला गंभीर घायल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** मितौली थाना क्षेत्र के गांव खेरताली निवासी दीपा देवी (25) पत्नी रजनीश कुमार बाइक से गिरकर गंभीर घायल हो गई। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर दीपा देवी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# बकरीद आज, तैयारियां पूरी, नमाज का समय निर्धारित

## अंजुमन इस्लामिया के सचिव की अपील- खुले में न करें कुर्बानी, खूब बिकीं सेवइयां और कुर्बानी के लिए बकरे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** बकरीद (ईद-उल-अजहा) का पर्व शनिवार को मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां घर से लेकर मस्जिदों में पूरी हो चुकी हैं। कुर्बानी के लिए शुक्रवार को बाजार में बकरों की खरीदारी हुई। अंजुमन इस्लामिया कमेटी ने मस्जिदों में नमाज का समय भी मुकर्रर कर दिया है। साथ ही लोगों से खुले में कुर्बानी न करने की अपील की है।

ईद उल अजहा शनिवार को है। मस्जिदों में देर शाम तक नमाज की तैयारियां होती रहीं। अंजुमन इस्लामिया वक्फ ने इसका समय तय कर दिया है। सचिव रिजवान रशीद ने बताया कि नगर के ईदगाह और मस्जिदों में नमाज तय समय पर अदा होगी। उन्होंने समुदाय के लोगों से कुर्बानी खुली जगहों पर न करने और अवशेष भी इधर-उधर न फेंकने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी लोग इस बात का ध्यान रखें कि किसी की भावनाएं आहत न होने पाएं।

**बाजार में उमड़ी खरीदारों की भीड़:** बकरीद को लेकर जिले भर में तैयारियां हो रही हैं। शहर से लेकर गांवों में लोग सेवइयों से लेकर अन्य जरूरी सामान की खरीदारी कर रहे हैं। खरीदारी करने निकले रशीद ने बताया कि बकरीद का त्योहार खुशी और भाईचारे का प्रतीक है। सेवईं, मेवे आदि की खरीदारी कर परिवार के साथ त्योहार मनाएंगे। वहीं दुकानदारों में भी त्योहार को लेकर खुशी है। इनका कहना है कि बकरीद को लेकर बाजार में रौनक है। उधर, जिला प्रशासन ने भी शांति और सुरक्षा के लिए बाजार से लेकर मस्जिदों के आसपास पुलिस बल तैनात कर दिया है।



बकरीद को लेकर सेवइयां खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार



थरवरनगंज की बकरा मंडी में बिकने को आए बकरे। ● अमृत विचार

### काले रंग का बकरा कालू की कीमत 25 हजार रुपये थी

लखीमपुर खीरी। बकरीद को लेकर बकरा मंडी गुलजार रही। कुर्बानी के लिए बिक्री करने को लोग अच्छी नस्ल के सेहतमंद बकरे लेकर बाजार पहुंचे। बाजार में 10 हजार से लेकर 35 हजार तक के बकरे मौजूद रहे। बाजार में मौजूद काले रंग का बकरा कालू अपनी सेहतमंद कद-काठी को लेकर ग्राहकों की पहली पसंद बना रहा। इसकी कीमत 25 हजार रुपये थे। बकरा मालिक कैमहरा निवासी रामेश्वर दयाल ने बताया कि यह दो साल का है। वहीं सफेद रंग का बकरा 22 हजार रुपये का था।

## वक्फ इमामबाड़ा में मजलिस का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- अंजुमन हुसैनिया की ओर से मजलिस मातम का आयोजन हुआ
- जुम्मे की नमाज के बाद अरफा की दुआ की गई

**अमृत विचारः** जनाबे मुस्लिम की शहादत के गम में मोहल्ला मुगली टोला स्थित शिया वक्फ इमामबाड़ा परिसर खीरी टाउन में गुरुवार को अंजुमन हुसैनिया की ओर से मजलिस मातम का आयोजन हुआ।

इसकी शुरुआत तिलावत कुरान ए पाक से हुई, जिसको जनाब कोसैन साहब ने की पेश खानी जनाब वाएज सहाब ने की। जुम्मे की नमाज के बाद अरफा की दुआ की गई, जिसमें नमाजियों ने हिस्सा लिया। जनाबे मुस्लिम इब्ने अकील को इराक के शहर कूफा में उर्दू कलैंडर के अनुसार 9 जिल्हिजा को शहीद कर दिया गया था।

सफीरे हुसैन का मातम व मजलिस लहरपुर से आए आली जनाब मौलाना समीर अब्बास लहरपुरी ने खिताब करते हुए कहा जनाबे मुस्लिम इब्ने अक़ील अजीम इंसान थे। उनकी दर्द भरी शहादत को बयां किया लोगों ने बयान को सुनकर आंसुओं से खिराजे अकीदत पेश किया मजलिस के बाद वक्फ इमामबाड़े परिसर में देर रात को ताबूत और आलम का जुलूस निकालकर गश्त किया और सीने पर मातम किया। वहीं जुम्मे की नमाज के बाद मौलाना ने अरफा की नमाज ओर दुआ कराई, देर रात को अंजुमन गुलामने हुसैन ने शिया वक्फ इमामबाड़े में देर रात को मजलिस का आयोजन किया किया मजलिस को मौलाना जफर अब्बास साहब ने खिताब किया मजलिस के बाद अलम और ताबूत का जुलूस निकाला गया।

### ईद उल अजहा की नमाज का समय

1. मस्जिद कचहरी सुबह- 6:30 बजे।
2. मस्जिद महाराजनगर सुबह- 7:00 बजे।
3. रफाकती मस्जिद हिदायत नगर सुबह-7:00 बजे।
4. मस्जिद हुदा हिदायत नगर सुबह- 7:00 बजे।
5. मस्जिद बिलाल हिदायत नगर सुबह-7:00 बजे।
6. सुनहरी मस्जिद सुबह-7:00 बजे।
7. मस्जिद गुलजार नगर सुबह-7:00 बजे।
8. बरकाती मस्जिद नौरंगाबाद सुबह-7:00 बजे।
9. ईदगाह नौरंगाबाद सुबह-7:15 बजे।
10. हुसैनी मस्जिद हिदायत नगर सुबह-7:30 बजे।
11. मस्जिद हाथीपुर कोठार सुबह-7:30 बजे।
12. गौसिया मस्जिद महाराजनगर सुबह-7:30 बजे।
13. मस्जिद गरीब नवाज इस्लामनगर सुबह-7:30 बजे।
14. अजमेरी मस्जिद हाथीपुर उत्तरी सुबह-7:45 बजे।
15. मदीना मस्जिद हिदायत नगर सुबह-7:45 बजे।
16. कादरी मस्जिद गुलजार नगर सुबह- 7:45 बजे।
17. मस्जिद शमशेर नगर सुबह-8 बजे।
18. मस्जिद ईदगाह सुबह-8:30 बजे।
19. मथना शरीफ मस्जिद सुबह-8:30 बजे।
20. मस्जिद मीनारा सुबह-8:45 बजे।
21. ईदगाह मथना शरीफ सुबह-9:00 बजे।
22. मस्जिद गोटैय्याबाग सुबह-9:30 बजे।

## कुर्बानी के फोटो वायरल नहीं करने की अपील

**बिलहरी, अमृत विचारः** सिकंदराबाद के मदरसा हुसैनिया गरीब नवाज के मौलाना सलमान राजा ने कहा है कि कुर्बानी एक इबादत है और इबादत का दिखावा न किया जाए बल्कि कुर्बानी को छिपाकर ही करें और साफ-सफाई का ख्याल रखें।



मौलाना सलमान रजा।

उन्होंने लोगों से कुर्बानी के समय के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल न करने की गुजारिश की है। मदरसा हुसैनिया गरीब नवाज के प्रबंधक मौलाना मोहम्मद सलमान रजा ने मुस्लिम समुदाय के सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि कुर्बानी के बचे हुए अवशेषों को जमीन में कहीं दफन कर दें।

कुर्बानी सार्वजनिक जगह पर हरगिज न करें। उन्होंने कहा की आजकल सबसे बड़ी सार्वजनिक जगह सोशल मीडिया है। सोशल मीडिया पर कुर्बानी करते वक्त की फोटो, वीडियो हरगिज वायरल न करें। हुकूमतए हिंद की जानिब से जिन जानवरों पर पाबंदी लगाई गई है उन जानवरों की कुर्बानी न दें। उन्होंने बताया कि सिकंदराबाद की ईदगाह मस्जिद में ईदुलअजहा की नमाज सुबह आठ बजे अदा की जाएगी।

## ब्लॉक की ग्राम पंचायत में नहीं हैं पंचायत घर

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचारः** ब्लॉक मुख्यालय पसगवां की ग्राम पंचायत पसगवां के पास पंचायत घर नहीं है। पंचायत घर विहीन ग्राम पंचायत के नागरिक संबंधित लाभों से वंचित हैं।

गांव के विकास के दृष्टिकोण से इस ग्राम पंचायत में ठीक-ठाक विकास के काम कराए गए हैं। ब्लॉक मुख्यालय परिसर में और थाना मुख्यालय के सामने बनी नवग्रह वाटिका भी शामिल हैं। यहां बना सामुदायिक सुलभ शौचालय संचालित है। हैरत की बात यह है कि ब्लॉक मुख्यालय, थाना मुख्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ब्लॉक संसाधन केंद्र आदि हैं, लेकिन पंचायत घर नहीं है। पंचायत घर न होने से पंचायत सहायक के भी बैठने का कोई निश्चित स्थान नहीं है।

ग्राम प्रधान प्रभा गुप्ता के प्रतिनिधि राहुल गुप्ता का कहना है कि यहां पंचायत घर न बनना आश्चर्य की बात है। इसके लिए समय-समय पर संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से कहा, लेकिन सफलता नहीं मिली। पंचायत घर न होने से कम्प्यूटर आदि तमाम आवश्यक चीजों को रखने और पेमेंट करने के लिए अपनी व्यवस्था करनी पड़ती है।

गांव के प्रबुद्ध नागरिक मोहित मिश्रा ने बताया कि पंचायत घर न होने से ग्राम वासियों को बड़ी मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं। राम गोपाल राठौर का कहना है कि कोई सूचना और जानकारी नहीं मिलती है, क्योंकि सूचना लेने जाएं तो कहां जाएं। स्तुति गुप्ता और सुषमा शुक्ला का कहना है कि सर्वाधिक समस्या तो महिलाओं को झेलनी पड़ती है। ग्राम वासियों ने पंचायत घर बनवाने की मांग की है। बीडीओ मोहित कौशिक का कहना है कि मांग जायज है, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

### ग्राम पंचायत घर में होने वाले कार्य

ग्राम पंचायत की बैठकें आयोजित होती हैं, जहां ग्रामवासियों की समस्याएं और विकास योजनाओं पर चर्चा की जाती है। ग्राम पंचायत के कर्मचारी यहां काम करते हैं, जो ग्राम वासियों को विभिन्न सरकारी सेवाओं की जानकारी देते हैं और उनके आवेदन को संसाधित करते हैं। ग्राम पंचायत घर में सूचना बोर्ड होते हैं, जहां ग्रामवासियों को ग्राम पंचायत की योजनाओं, कार्यक्रमों और सेवाओं के बारे में जानकारी मिलती है। ग्राम पंचायत घर में जनवितरण प्रणाली, राशन कार्ड और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का वितरण भी किया जाता है।

- संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से कहा, लेकिन सफलता नहीं मिली

## इंस्पेक्टर ने की शांति बनाए रखने की अपील

**मझगई, अमृत विचारः** प्रभारी निरीक्षक मझगईं राजू राव ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत छेदुई पतिया में ग्रामीणों के साथ बैठक की, जिसमें गांव सिसवारा, भादुरैहिय, हक्कलपुर, पतिया गांव के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि बकरीद पर्व के दौरान आपसी सौहार्द्र बनाए रखें। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। विवाद से बचने के लिए पूर्व से ही सतर्कता बरतना बेहद जरूरी है। बैठक में ग्राम प्रधान इकराम अली, करामत, सफीक, इलियास, रहीमुद्दीन, तौसीम, डॉ रफीक अहमद, नईम खां, रहीश गाजी, कुतुबुद्दीन, रईस अहमद, यूसुफ, अमन, रसूल, इशरार, जाहिद अली, अपसर खान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## बकरीद पर नहीं मिलेगी नई परंपरा की अनुमति

संवाददाता संसारपुर

**अमृत विचारः** ईदुल अजहा के मद्देनजर संसारपुर पुलिस चौकी में पीस कमेटी की बैठक में अधिकारियों ने त्योहार पर किसी भी प्रकार की नई परंपरा न डालने, त्योहार पर शासन के दिशा निर्देशों का पालन करने और शांति से त्योहार मनाने के निर्देश दिए। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

एसडीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में दोनों समुदाय के संभ्रान्त नागरिकों तथा धर्म गुरुओं के साथ समीक्षा करते हुए सीओ गवेंद्र गौतम ने कहा कि शनिवार को को ईदुल अजहा का त्योहार सभी लोग शांति पूर्ण ढंग से मनाएं। एसडीएम गोला विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि त्योहार पर कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे किसी को ठेस पहुंचे। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्योहार मनाएं। असामाजिक तत्वों से सावधान रहें। मैलानी थाना अध्यक्ष निराला तिवारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर ने कहा कि पुलिस अराजक तत्वों पर पैनी नजर बनाए रखेगी, किसी ने शांति व्यवस्था में खलल डालने की कोशिश की तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कुकरा चौकी प्रभारी अवनीश पंवार, जामा मस्जिद के शाही इमाम मौलाना साजिद साहब, संसारपुर प्रधान रामप्रसाद देवल, सौंखिया प्रधान अजमतुल्ला बरकाती, डाटपुर प्रधान इंसाफ खान, समाजसेवी शीबू खान, निशार अहमद, मुकर्रब अली, कमर आलम, वीके शर्मा, पीयूष अग्रवाल, विनोद गुप्ता, नंदकिशोर व दोनों समुदाय के धर्मगुरु, संभ्रान्त नागरिक मौजूद रहे।



संसारपुर पुलिस चौकी में पीस कमेटी की बैठक में मौजूद अधिकारी और धर्मगुरु।

- एसडीएम और सीओ ने लोगों से की शांति मनाने की अपील

## एसडीएम और सीओ ने की पैदल गश्त

संवाददाता, कुकरा

**अमृत विचारः** बकरीद को लेकर शुक्रवार को कुकरा पुलिस चौकी में शांति समिति की बैठक के बाद एसडीएम और सीओ ने पुलिस बल के साथ विभिन्न मार्गों पर गश्त कर त्योहार को सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।

पुलिस चौकी कुकरा परिसर में हुई पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, सीओ गवेंद्र पाल गौतम, मैलानी थानाध्यक्ष निराला तिवारी, चौकी प्रभारी संसारपुर मोहित पुंडीर, चौकी प्रभारी बांकेगंज संतोष तिवारी ने कहा की सभी लोग एक दूसरे के साथ मिलकर त्योहार को खुशी पूर्वक मनाए। किसी प्रकार की कोई अप्रिय बात होने पर अधिकारियों को सूचित करें। त्योहार पर किसी भी नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि त्योहार को पारस्परिक ढंग से मनाते हुए निर्धारित स्थानों पर ही कुर्बानी दें। पीस कमेटी की बैठक के बाद अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ विभिन्न मार्गों पर पैदल ग्रस्त कर त्योहार को शांति से मनाने की अपील की।



कुकरा में पैदल गश्त करते एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता व सीओ गवेंद्र पाल गौतम।

- गश्त कर त्योहार को सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील

## संदिग्ध हालात में 10 वर्ष के बच्चे की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** थाना गौरीफंटा क्षेत्र के गांव कदरिया निवासी एक 10 वर्षीय बच्चे की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। गांव कदरिया निवासी राम प्रसाद ने बताया कि गुरुवार को वह और उनकी पत्नी रोज की तरह काम पर गए थे। बेटा दीपांश (10) घर पर अकेला था। उन्होंने बताया कि मोहल्ले से फोन आया कि दीपांश की हालत खराब है। मौके पर पहुंचे परिजन दीपांश को पहले पलिया सीएचसी लेकर पहुंचे। यहां से हालत गंभीर देखकर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में दीपांश की उपचार के दौरान मौत हो गई। बच्चे की मौत से उसके माता-पिता का रो-रोकर हाल बेहाल है।

## रेहान एलेवन, हिंदुस्तान ट्रांसपोर्ट और एलाइड क्लब की टीम विजेता

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का नौवें दिन आयोजन

**अमृत विचारः** गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के नौवें दिन खेले गए तीन मैच में रेहान एलेवन, हिंदुस्तान ट्रांसपोर्ट और एलाइड क्लब की टीमें जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। नगर के पब्लिक इंटर कॉलेज में राजेंद्र गिरी स्टेडियम में खेले जा रहे मैच में अंपायर और टूर्नामेंट कमेटी के मंत्री केके शुक्ल ने दोनों टीमों के कप्तान के साथ टॉस उछाल कर खेल की शुरुआत कराई।

गुरुवार देर शाम शुरू हुए टूर्नामेंट का पहला मैच रेहान एलेवन और मुन्नुगंज के बीच खेला गया, जिसमे टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय मुन्नुगंज के लिए अच्छा साबित नहीं हुआ और टीम 10 ओवरों में 99 रनों पर सिमट गई। रेहान एलेवन की टीम ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर 8 विकेट से मैच जीत लिया।

टूर्नामेंट का दूसरा मैच हिन्दुस्तान ट्रांसपोर्ट और श्री राजेंद्र गिरी मेमोरियल एकेडमी के बीच हुआ, जिसमें हिंदुस्तान ट्रांसपोर्ट टीम विजयी रही। तीसरे मैच में एलाइड क्लब और पॉवर बैटरी के मध्य हुआ। जिसमें एलाइड क्लब विजयी रहा। अच्छे खेल के चलते नसीर, गौरव और उदित को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। उदित को क्रिकेटर विशाल जलोटा ने अमेजिंग प्लेयर के पुरस्कार का खिताब देते हुए अंग वस्त्र प्रदान किए।

टूर्नामेंट कमेटी के संरक्षक विधायक अमन गिरी, अध्यक्ष जनार्दन गिरी, मंत्री केके शुक्ला, उपाध्यक्ष मधुसूदन गिरी, राजेश वर्मा, रामकुमार मौर्य, रेंजर केके गुप्ता, प्रमोद साहनी, सतीश जायसवाल, राम गुलाम पांडेय, अवधेश मिश्र, सुभाष मिश्रा आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## द्विवार्षिक अधिवेशन आज

**लखीमपुर-खीरी, अमृत विचारः** डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन शनिवार यानी आज होगा। संगठन के मंत्री नीरज कुमार ने बताया कि अधिवेशन के लिए सीएमओ ने उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अमितेश दत्त द्विवेदी को पर्यवेक्षक नामित किया है। अधिवेशन दोपहर बाद तीन बजे से होगा। नीरज कुमार ने अधिवेशन में सभी फार्मासिस्टों से उपस्थित रहने का आह्वान किया है।






## प्रयोगशाला सहायक संघ के सौरभ अध्यक्ष व सतेंद्र बने मंत्री



एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में नवनिर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश प्रयोगशाला सहायक संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में हुआ।

अधिवेशन जिला प्रशासनिक अधिकारी नरेंद्र कुमार एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंत्री परमानंद की देखरेख में हुआ। इसमें सौरभ शुक्ला को अध्यक्ष, निधि उपाध्याय को वरिष्ठ उपाध्याय, सतेन्द्र वर्मा को मंत्री, समीर बंसवार को उपाध्यक्ष, पंकज शुक्ला को कोषाध्यक्ष और सुरेंद्र कुमार को संप्रेक्षक चुना गया।

चुनाव अधिकारी नरेंद्र कुमार ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई सभी पदाधिकारियाओं को।

## सर्पदंश की शिकार महिला की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** मितौली थाना क्षेत्र के गांव खुदनिया में पांच दिन पहले सर्पदंश की शिकार महिला की अचानक हालत बिगड़ गई। इससे उसकी मौत हो गई। मितौली थाना क्षेत्र के गांव खुदनिया निवासी सुरेश की 45 वर्षीय पत्नी संगीता रविवार को शौच के लिए शौचालय में जा ही थी। इसी सम. किसी विषैले सर्प ने उसे डस लिया था। परिजन संगीता को पहले मितौली सीएचसी लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से करीब तीन दिन तक चले इलाज के बाद संगीता की हालत ठीक हो गई थी। वहीं शुक्रवार को दोपहर संगीता को अचानक चक्कर आया। परिजन फिर से संगीता को अस्पताल लेकर पहुंचते। इससे पहले ही संगीता की मौत हो गई।

## अंधविश्वास व अमीरी की चाह में ठगे जा रहे लोग

केके मौर्य/आरपी राना, निघासन

**अमृत विचारः** अंधविश्वास और अमीर बनने की ललक में कभी नागमणि के नाम पर तो कभी मोर की कलंगी के नाम पर लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। ठगी का यह धंधा निघासन थाना क्षेत्र में खूब फलफूल रहा है। इस काले कारोबार में पुलिस भी मौका पाकर हाथ मार रही है। करीब एक साल पहले 40 लाख की ठगी मामले में संलिप्तता मिलने पर ढखेरवा चौकी इंचार्ज पर भी गाज गिरी थी और एसपी ने उन्हें निलंबित कर दिया था।

इलाके में नागमणि, मोर की कलंगी, दोमुंहा सांप, सोने की ईंट, नोटों को दुगना करना, गड़ा धन निकालने आदि के नाम पर अंधविश्वासी लोगों को बेवकूफ बनाकर ठगी करने वाले कई गिरोह लंबे समय से सक्रिय हैं। इसी के दम पर ठग मालामाल हो रहे हैं। जबकि इन चीजों को हासिल कर अमीर बनने का ख्वाब देखने वाले लोग अपना बहुत कुछ गवां चुके हैं। ठगी को लेकर सोठियाना, मिर्जागंज समेत कई गांव काफी प्रसिद्ध हैं। इन गांवों के कई लोग पूर्व में लाखों की ठगी करने के मामले में पकड़े गए और जेल भी जा चुके हैं।

### नागमणि का झांसा देकर लूट लिए थे 16 लाख

करीब छह साल पहले ठगों ने दिल्ली के सुखवान को पहले निघासन बुलाया। उसके बाद उसे ढखेरवा क्षेत्र में ले गए। जहां पर नागमणि के नाम पर उससे ठगों ने 16 लाख रुपये लूट लिए थे। यह मामला भी काफी चर्चा में रहा था। एसपी ने ढखेरवा चौकी इंचार्ज शरद शंखधर को सस्पेंड कर दिया था और चार ठग भी गिरफ्तार कर जेल गए थे।

### ठग नागमणि के नाम पर ऐसे देते हैं झांसा

विटामिन का लाल कैप्सूल लेकर उसके ऊपर का छिलका छुड़ाकर हैस्टिक गोली में विटामिन वाले कैप्सूल को इंजेक्शन के सहारे भरकर उसका रंग बदल दिया जाता हैं। इस गोली में नन्हा सा बल्ब लगा देते है। जलने के साथ ही उसे नागमणि समझ लेते हैं।

### चौकी इंचार्ज पर गिरी थी गाज

एक साल पहले गोंडा निवासी रामसमुझ से क्षेत्र के चार ठगों ने 40 लाख रुपये की ठगी की थी, जिसमें तत्कालीन चौकी इंचार्ज ढखेरवा भी शामिल थे। मामले का खुलासा होने के बाद एसपी ने उन्हें निलंबित कर दिया था। यह मामला काफी दिनों चर्चा में रहा।




## एक नजर

### वार्डों में ऑक्सीजन सांद्रित मशीन लगवाने की मांग

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : कांग्रेसी नेता शुभम अग्निहोत्री ने बढ़ते कोरोना प्रकोप के तहत नगर के वार्डों में ऑक्सीजन सांद्रित्र मशीन को नगर पालिका अध्यक्ष से लगवाने की मांग की है। युवा समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता शुभम अग्निहोत्री ने पुन: बढ़ते हुए कोरोना के प्रकोप और देश में लगातार बढ़ रही मौत के आंकड़ों को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू से नगर के हर वार्ड में एक ऑक्सीजन सांद्रित्र मशीन उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी की पिछली दो लहर में अधिकांश मरीज उचित इलाज और ऑक्सीजन की कमी के चलते मौत की गोद में चले गए थे। ऐसे में समय रहते उचित कदम त्वरित उठाने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा की हम सभी की समाज के हर तबके के प्रति जिम्मेदारी है और खासकर बुजुर्ग जिन्होंने इस महामारी का दंश सबसे अधिक झेला है। ऐसे में नगर के संभ्रांत और शिक्षित लोग आगे आकर समाज को एक नई दिशा दे सकते हैं।


शुभम अग्निहोत्री।

# पति ने की थी रोली की हत्या, गिरफ्तार

## दूसरी पत्नी को मायके छोड़कर पंजाब भागने की तैयारी में था हत्यारोपी

संवाददाता, मैगलगंज

- जमीन में हिस्सा न देने की नीयत से उठाया कदम

अमृत विचार: थाना पुलिस ने गांव ककरहा निवासी रोली देवी हत्याकांड का शुक्रवार को खुलासा करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपी ने रोली देवी को जमीन में हिस्सा न देना पड़े, इसलिए उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने चालान कर गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार पांडेय ने बताया कि गांव ककरहा निवासी रोली देवी की शादी करीब 10 साल पहले मोहम्मदी कोतवाली के गांव अजयपुर निवासी देवेंद्र कुमार के साथ हुई थी। पति से अनबन होने के कारण सात साल से रोली देवी मायके में रह रही थी। कुछ साल पहले देवेंद्र ने दूसरी शादी भी कर ली थी। देवेंद्र को इस बात का डर सता रहा था कि रोली देवी उसकी जमीन में हिस्सा ले सकती है। इसलिए उसने उसे रास्ते से हटाने के लिए हत्या की योजना बनाई और रोली देवी की निगरानी करने लगा। तीन जून की देर शाम जब वह शौच करने के लिए घर से गई तो उसे आरोपी ने दबोच लिया और गांव से करीब दो किलोमीटूर दूर ले जाकर उसके बालों की चोटी से गला दबाकर हत्या कर दी थी और शव गन्ने के खेत में डालकर भाग निकला था। पुलिस ने मृतका के पिता अहिबरन की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने जब आरोपी के पिता रामऔतार को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने पुलिस को बताया कि रोली जमीन में हिस्सा मांग रही थी। जमीन का हिस्सा न देना पड़े। इस कारण पति देवेंद्र कुमार ने रोली की गला दबाकर हत्या की है।


हत्यारोपी देवेंद्र कुमार

### हत्या से कुछ दिन पूर्व ही बंद कर दिया था मोबाइल

प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी देवेंद्र कुमार ने हत्या करने से कुछ दिन पहले से ही मोबाइल का उपयोग बंद कर दिया था। बहुत जरूरी हुआ तो वह परिवार के दूसरे लोगों के मोबाइलों का उपयोग कर ले रहा था। इसके अलावा दूसरी पत्नी को मायके छोड़ आने के बाद बिना मोबाइल के पंजाब भागने की तैयारी में था। पुलिस ने आरोपी को गोमती पुल मोड़ तिराहा गांव रघुनाथपुर के पास गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को उसका चालान कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया है।

### पुलिस बता रही थी मिर्गी के दौरे से मौत

गन्ने के खेत में जिस स्थान पर रोली देवी का शव बरामद हुआ था। उस जगह का गन्ना टूटा पड़ा था। उसकी नाक और कान से खून बह रहा था. चेहरा भी खून से सना था। इसके अलावा तमाम ऐसे परिस्थितिजन्य साक्ष्य थे जो उसकी हत्या होने की बात की गवाही दे रहे थे। इसके बावजूद भी पुलिस हत्या मानने को तैयार नहीं थी। उसका कहना था कि रोली देवी को मिर्गी के दौरे आते थे। इसके चलते उसकी मौत हो गई, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस बैकफुट पर आ गई और मृतका के पिता की तहरीर पर आरोपी पति देवेंद्र कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

# खेत की नाप करने से मना करने पर लेखपाल से मारपीट

पसगवां, अमृत विचार: पसगवां थाना क्षेत्र के ग्राम मछेछा के लेखपाल ध्रुव कुमार राही ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि गुरुवार को वह सुधा रानी पत्नी मुंशी लाल के प्रार्थना पत्र की जांच करने पांच बजे शाम मछेछा गया था। इसी समय थाना क्षेत्र के ग्राम जंगबहादुरगंज निवासी शिवम मिश्रा अपने साथियों के साथ आया और अपना खेत नपवाने के लिए दबाव बनाने लगा, जिसे उसने किसी साथी के नाम खरीदा था। लेखपाल ने नियमानुसार खेत की नाप कराने को कहा। आरोप है कि इससे भड़के शिवम ने अपने साथियों के साथ लेखपाल को जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट की, राजस्व अभिलेख भी फाड़ डाले और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई। घटना के समय तमाम ग्रामीण मौके पर मौजूद थे। पुलिस ने आरोपी शिवम मिश्रा आदि के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना सीओ मोहम्मदी को सौंप दी है।

# भारत विकास परिषद ने कराया पौधरोपण


गुरु हरिकिशन महाविद्यालय में पौधरोपण करते भारत विकास परिषद के पदाधिकारी।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार: भारत विकास परिषद नैमिष प्रांत की शाखा द्वारा नगर में विभिन्न स्थानों पर 200 पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी ली।

पर्यावरण की सुरक्षा और संवर्धन के लिए भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों ने मोहम्मदी रोड स्थित गांधी विद्यालय, खुटार रोड स्थित गुरु हरिकिशन महाविद्यालय, बांकेगंज रोड स्थित एक पेस्टिसाइड, शाखा के कोषाध्यक्ष रवि सक्सेना के फार्म हाउस व कंपटीशन क्लासेस में तमाम प्रकार के फलदार एवं छायादार 200 पौधों का रोपण किया। एक कंपटीशन क्लासेज में पॉलीथिन मुक्त भारत विषय पर गोष्ठी हुई, जिसमें कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण की महती भूमिका पर विचार साझा किए। पौधरोपण कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू, शाखा अध्यक्ष विकास मिश्रा, डॉ. सौरभ दीक्षित, डॉ. आदर्श दीक्षित, परविजय सिंह, सुनील गुप्ता, आकाश शर्मा, श्वेतांक सक्सेना, दीपक मिश्रा, डॉ. निर्मल सिंह आदि मौजूद रहे।

# ढपली वादन सीख रहीं बेटियां सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


प्रशस्ति पत्र के साथ ढपली वादन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं छात्राएं। • अमृत विचार

- गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ चला रहा संगीत से संस्कार अभियान

अमृत विचार : गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ ने गुरुवार को दीपोत्सव एवं कन्या कौशल सम्मान समारोह आयोजित किया। इसमें ढपली वादन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं छात्राओं को सम्मानित किया गया।

युवा प्रकोष्ठ के अनुराग मौर्य बताया कि ढपली वादन का प्रशिक्षण भगवानदीन आर्य कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज, भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय से लेकर गुरु नानक विद्यक सभा कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं को दिया जा रहा है। सभी छात्राओं को मुख्य अतिथि गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या मीनाक्षी तिवारी एवं समाजसेवी डॉ. डीके वर्मा ने प्रशस्ति पत्र और गायत्री परिवार महिला मंडल की ओर से गायत्री मंत्र पट्टिका देकर सम्मानित किया।

इनके अलावा शिक्षिका वंदना उत्तम, रिंकी पाण्डेय और रचना अग्रवाल सहयोग के लिए सम्मानित हुईं। गायत्री परिवार के सत्यनारायण वर्मा एवं युवा प्रकोष्ठ सीतापुर के गंगासागर वर्मा ने संगीत छात्राओं और उनके अभिभावकों को प्रज्ञा संदेश के माध्यम से शांतिकुंज हरिद्वार के नारी जागरण और विचार क्रान्ति अभियानों से अवगत कराया। इसके बाद माता भगवती देवी इको फ्रेंडली भोजनालय में प्रसाद वितरण हुआ। इस दौरान गायत्री परिवार के उदय सिंह, केके तिवारी, उमा शंकर, अजय वर्मा, यज्ञदेव वर्मा, सर्वेश वर्मा, सीपी मौर्य, कुलदीप वर्मा, मधु तिवारी, संगीता वर्मा, आस्तिक पटेल, अमल वर्मा, निष्ठा वर्मा आदि मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधान पुत्र और उसके गुरु के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, निघासन

- दिल्ली के व्यापारी से 19.50 लाख रुपये की ठगी का मामला
- उधर 24 घंटे बाद भी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की

अमृत विचार: दिल्ली के एक व्यापारी से सोने की ईंट और झाड़ फूंक के नाम पर 19.50 लाख रुपये की ठगी करने वाले पूर्व प्रधान के पुत्र और उसके गुरु के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो गई है। पुलिस दोनों पक्षों में समझौता कराने में जुटी है। उधर 24 घंटे बाद भी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है। इससे पुलिस की फजीहत हो रही है।

दिल्ली के कृष्णानगर निवासी प्रॉपर्टी और फाइनेंस का बिजनेस करने वाले व्यापारी नरेश कुमार जैन ने गुरुवार को पुलिस को तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि उनको पता चला है कि इरफान गिरोह बनाकर लूटपाट, धोखाधड़ी व ठगी करता है। उसके खिलाफ कई थानों में ठगी आदि के मामले दर्ज हैं। उधर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी इरफान और उसके एक गुरु को हिरासत में लिया है। पुलिस अब दोनों पक्षों पर समझौते का दबाव बना रही है। कोतवाल महेश चंद्र ने बताया कि मामले में आरोपी इरफान और उसके अज्ञात गुरु के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पीड़ित को बयान के लिए बुलाया गया है। कोई सुलह नहीं कराई जा रही है।

# बच्चों ने महेशपुर फॉरेस्ट रेंज में किया भ्रमण


महेशपुर वन रेंज में शैक्षिक भ्रमण करते विद्यार्थी। • अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार: जीडी गोयनका स्कूल के बच्चों ने समर कैंप के समापन पर महेशपुर फॉरेस्ट रेंज में भ्रमण कर वन विभाग के अधिकारियों के समक्ष अपनी सीखी हुई कलाओं का प्रदर्शन किया।

21 मई से चल रहे समर कैंप में विद्यार्थियों ने प्रशिक्षकों के निर्देशन में घुड़सवारी, फायरलेस कुकिंग, शास्त्रीय एवं पश्चात नृत्य, संगीत, गायन एवं वादन, स्पोकन इंग्लिश, आर्ट और क्राफ्ट आदि का प्रशिक्षण लिया।

बच्चों ने पढ़ाई के बाद तनाव मुक्त वातावरण में उत्साहित और आनंदित होकर कई प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया। लखनऊ की शास्त्रीय नृत्य कला की प्रशिक्षिक श्रुति शर्मा ने बच्चों को शास्त्रीय नृत्य के महत्व और अभिनव कला के मुख्य बिंदुओं का अभ्यास कराया। समर कैंप के समापन पर बच्चों ने महेशपुर फॉरेस्ट रेंज में भ्रमण कर वन विभाग के अधिकारियों के सामने अपनी सीखी हुई तमाम गतिविधियों का प्रदर्शन किया। वन अधिकारियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

आवश्यकता है
- लैब टेक्निशियन (BMLT/DMLT)
- O.T. टेक्नीशियन
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male/Female)
- नर्स (Male/Female) (ANM/GNM)
- आयुर्वेद परिचारिका
- मैट्रन (नर्सिंग का अनुभव)
- वार्ड ब्यॉय/वार्ड आया
- कैंटीन कुक

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली।
मो. 8077808309, 9837357497

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)

Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)

Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# भाई के सिर पर तमंचे की बट मार बहन से लूटे जेवर-नकदी

संवाददाता, मैगलगंज

- बड़े भाई के साथ बहन को विदा कराकर घर आ रहा था युवक
- एक बाइक पर सवार होकर आए थे तीनों बदमाश

अमृत विचार: थाना मैगलगंज क्षेत्र में बहन को विदा कराकर घर आ रहे दो भाइयों को बाइक सवार तीन लुटेरों ने शुक्रवार की शाम गांव के निकट रोक लिया। दोनों भाइयों के पास से नगदी, बहन के पहने हुए करीब तीन लाख रुपये के जेवर आदि लूटकर भाग निकले। विरोध करने पर छोटे भाई के सिर पर लुटेरों ने तमंचे की बट मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सरेशाम हुई वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस लुटेरों की तलाश कर रही है।

थाना मैगलगंज क्षेत्र के गांव दीक्षितपुर निवासी ग्राम प्रधान बालगोविंद का भतीजा अनिकेत अपने छोटे भाई आदर्श के साथ बहन कोनल को विदा कराकर अपने घर वापस लौट रहा था। गांव के निकट आटा चक्की के पास शाम करीब साढ़े सात बजे बाइक पर सवार आए तीन लुटेरों ने तमंचे के बल पर तीनों को रोक लिया और लूटपाट करने लगे। उसकी बहन के सभी जेवर उतरवा लिए। अनिकेत और आदर्श से मोबाइल व नकदी लूट ली। दोनों भाइयों ने विरोध किया तो बदमाशों ने उनकी पिटाई कर दी। छोटे भाई आदर्श के सिर पर तमंचे की बट मार दी, जिससे उसका सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया। बदमाश करीब तीन लाख के जेवर और नगदी व दोनों भाइयों के मोबाइल लूट कर भाग निकले। बदमाशों के जाने के बाद दोनों भाइयों ने शोर मचाया। इस पर तमाम ग्रामीण और परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। असलहे होने के कारण ग्रामीण बदमाशों का पीछा करने की हिम्मत नहीं जुटा सके। घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार पांडेय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पीड़ित दोनों भाइयों और उसकी बहन से घटना की जानकारी ली। घायल आदर्श को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। उधर, घटना की सूचना पाकर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

### बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस

घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के थानों और चौकी की पुलिस को अलर्ट किया है। पुलिस हरदोई और शाहजहांपुर बॉर्डर की नाकेबंदी कर बदमाशों की तलाश कर रही है, लेकिन देर शाम तक बदमाशों का पता नहीं लग सका। घटना के बाद लोगों में जहां दहशत का माहौल है, वहीं उनमें पुलिस के प्रति रोष भी है।

### सीओ बोले, नहीं है जानकारी

सरेशाम गांव दीक्षितपुर के पास दो भाइयों और बहन से हुई लूटपाट मामले में जब सीओ मितौली जितेंद्र सिंह परिहार से जानकारी ली गई तो उनका कहना था कि उन्हें घटना की कोई जानकारी नहीं है। इससे पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

> लूटपाट होने की जानकारी मिली है। जांच की जा रही है। घायल को उपचार के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। -**रमेश कुमार पांडेय**, प्रभारी निरीक्षक, मैगलगंज।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खुला जन औषधि केंद्र

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- मरीजों के लिए मिलेंगी सस्ती और गुणवत्तापरक दवाइयां
- विधायक ने उद्घाटन कर जनता को सौंपा जन औषधि केंद्र

अमृत विचार: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन विधायक अमन गिरी, पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने फीता काटकर किया। जन औषधि केंद्र खुल जाने से हर वर्ग के लोगों को सस्ती और गुणवत्तापरक जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध हो सकेंगी ।

नगर की पंजाबी कॉलोनी रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का विधायक अमन गिरी, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ और किफायती बनाई जा रही हैं। इस केंद्र से हर वर्ग के लोगों को बाजार से कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां मिलेगी। इससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को काफी राहत मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि जन औषधि केंद्र का उद्देश्य लोगों को सस्ती और अच्छी जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि कुछ मरीजों को बाहर से दवाइयां लेनी पड़ती थी, जो महंगे दामों पर मिलती थी, लेकिन अब प्रधानमंत्री की इस योजना से हर वर्ग के लोगों को लाभ मिलेगा। इससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को राहत मिलेगी। इस दौरान सीएचसी प्रभारी डॉ. गणेश कुमार, आशीष गुप्ता, दीपक पुरी, विशाल पांडेय, सुरेंद्र शर्मा, केके शुक्ला, रविन्द्र कटियार, सुरेंद्र साहनी आदि मौजूद रहे।

# सहकारी समिति में नहीं मिल रही छोटे किसानों को यूरिया

संवाददाता, केशवापुर

अमृत विचार: सदर तहसील व ब्लॉक के अंतर्गत किसानों को उर्वरक, कृषि ऋण उपलब्ध कराने वाली बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बी पैक्स भल्लिया बुजुर्ग में रसूखदारों को मन मुताबिक यूरिया उपलब्ध कराई जाती है तो दूसरी ओर इसी केंद्र के परिक्षेत्र के मझोले व छोटे किसानों की अनदेखी के चलते किसानों को यूरिया नहीं मिलती, जिससे किसान गन्ने के खेत में प्राइवेट दुकानदारों से महंगे दामों पर खरीद कर डाल रहे हैं।

समिति पर खाद लेने आए किसानों का कहना है कि यदि कभी खाद मिलती भी है तो बोरी के साथ नैनो या कोई दूसरा पैकेट अनिवार्य रूप से जबरन दिया जाता है। गन्ना किसान जहां आर्थिक रूप से कमजोर हैं तो दूसरी ओर उनको समय पर बीज, उर्वरक व उपयोगी कृषि यंत्र समय से नही मिल पाती है। गन्ना किसानों को जबरन नैनों तो दिया जा रहा है, लेकिन उसके छिड़काव के लिए समिति या कंपनी स्प्रे मशीन, ड्रोन उपलब्ध नहीं करा सकी हैं। इसलिए नैनो यूरिया और डीएपी खेतों में डालने का नियम ही गलत है।



भलिया बुजुर्ग सहकारी समिति पर पसरा सन्नाटा। • अमृत विचार


सकेथू निवासी मोहम्मद रियाज बताते हैं कि उन्होंने पांच बीघा बटाई पर गन्ना बोया है, जिसमें दो बार बुवाई के लिए दो बोरी यूरिया लेना था। बुधवार को ट्रक से उतरते देख समिति पर आया था, तब बताया कि कल मिलेगी, लेकिन आज आया तो बताया कि यूरिया है ही नहीं।


खम्हौल के रहने वाले रहमत अली ने बताया कि एक एकड़ खेत में गन्ना बोया है। इस समय फसल में खाद की आवश्यकता है। इसलिए एक बोरी यूरिया लेने आया तो पता चला यूरिया चार जून की शाम छह बजे को ही बांट दी गई, जिससे उसे खाद नहीं मिल पाई है।


रजौरा गांव निवासी नीरज कुमार वर्मा ने भल्लिया बुजुर्ग बी पैक्स केंद्र के वितरण प्रणाली पर सवाल उठाए हैं। कहा उन्हें दो लोगों को केवल पांच बोरी यूरिया पर एक शीशी नैनों, दो पैकेट एनपीके .दिया गया, जबकि बाहरी किसानों को 20-20 बोरिया ज्यादा पैसे लेकर दी गई।


खम्हौल निवासी किसान गुड्डू ने कहा कि करीब एक एकड़ खेत में गन्ना बोया है, इस समय गन्ना की फसल में यूरिया खाद पड़नी थी। कल पता कराया तो बताया मैसेज नहीं आया है, आज सुबह फोन कर जानकारी ली तो बताया कि एक भी दाना खाद का नहीं बचा है। दो दिन पहले आई एक ट्रक यूरिया गुम हो गई।

> संज्ञान में आया है कि तीन जून को एक ट्रक यूरिया समिति पर आयी थी, जिसे चार जून को देर शाम वितरित किया गया, जो नियम विरुद्ध है। इसकी शिकायत किसानों ने उनसे भी की है। -**जसकरन लाल वर्मा**, अध्यक्ष, भल्लिया बुजुर्ग सहकारी समिति।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम अमृत पाल सिंह था जिसे बदलकर अब मैंने अमृत सिंह कर लिया है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी यही नाम दर्ज है। भविष्य में मुझे अमृत सिंह के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **अमृत सिंह पुत्र झरमल सिंह निवासी मोहल्ला अशरफ खां थाना कोतवाली तहसील व जिला पीलीभीत।**

आवश्यकता है
प्राचार्य /असि. प्रो. एलएल.एम./एलएल.बी. व बी.ए.एलएल.बी. विधि, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी व इतिहास विषयों के लिए। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिन के अन्दर अपने सम्पूर्ण शैक्षिक अभिलेखों सहित बायोडाटा भेजे। योग्यता व वेतन UGC मानकानुसार।
ईमेल-asianvidhi@gmail.com
मोबाइल नं. 9837175862
एशियन विधि एवं न्यायिक विज्ञान महाविद्यालय, खामपुर उर्फ गंगापुर नवाबगंज (बरेली)

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

गुणैरुत्तमतां यान्ति नोच्चैरासनसंस्थितैः ।
प्रसादशिखरस्थोऽपि किं काको गरुडायते ॥

गुणों से ही मनुष्य बड़ा बनता है, न कि किसी ऊंचे स्थान पर बैठ जाने से । राजमहल के शिखर पर बैठ जाने पर भी कौआ गरुड़ नहीं बनता ।

## संपादकीय

# मध्य वर्ग को सीधी राहत

वैश्विक स्तर पर जारी चुनौतियों के बीच अर्थव्यवस्था को जरूरी समर्थन जारी रखने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को रेपो दर को आधा प्रतिशत घटाने का बड़ा फैसला लिया है। निश्चित रूप से इस फैसले से आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। केंद्रीय बैंक ने लगातार तीसरी बार रेपो दर में कटौती की है। इस दर कटौती का उद्देश्य न केवल आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देना है बल्कि आम जनता, विशेष रूप से मध्यम वर्ग को सीधी राहत पहुंचाना भी है। इस कटौती के साथ रेपो दर तीन साल के निचले स्तर 5.5 प्रतिशत पर आ गई है। इसके साथ आरबीआई ने बैंकों के लिए अप्रत्याशित रूप से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी एक प्रतिशत की कटौती की घोषणा की। रेपो दर में कटौती के साहसिक कदम से मकान खरीदने वालों को राहत मिलेगी और रियल एस्टेट क्षेत्र में मांग भी बढ़ेगी। इस बार की कटौती ने बैंकों के लिए पूंजी जुटाना सस्ता बना दिया है, जिससे अब होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन जैसे उत्पादों की दरें घटेंगी। जहां एक ओर आम जनता को सीधी राहत मिल रही है, वहीं बैंकों के लिए यह कदम दोहरी परिस्थिति लेकर आया है। स्पष्ट है कि रिजर्व बैंक अर्थव्यवस्था को स्थिर गति देने और मांग को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से काम कर रहा है। कंपनियों के लिए भी यह फैसला वित्त पोषण को आसान बनाएगा, नई परियोजना शुरू करने में मदद करेगा और नकदी की स्थिति बेहतर करेगा। जानकारों के मुताबिक आरबीआई ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब मुद्रास्फीति अप्रैल में घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत और आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में चार साल के न्यूनतम स्तर 6.5 प्रतिशत पर आ गई है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि आगे रेपो दर में और कटौती की गुंजाइश काफी कम है।

भविष्य की मौद्रिक नीति कार्रवाई आने वाले आंकड़ों पर निर्भर करेगी। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) भविष्य की नीति तैयार करने के लिए आय के आंकड़ों और उभरते परिदृश्य का सावधानीपूर्वक आकलन करेगी। कुल मिलाकर यह दर कटौती आम लोगों की जेब पर भी सकारात्मक असर डालेगी। क्योंकि छोटे शहरों और कस्बों में भी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जहां अधिकतर ग्राहक बैंक ऋण पर निर्भर रहते हैं। निस्संदेह यह महत्वपूर्ण कटौती केवल एक मौद्रिक नीति निर्णय नहीं है बल्कि आम आदमी की जिंदगी को आसान बनाने, आर्थिक असमानता को घटाने और बाजार को फिर से सक्रिय करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

# भारत के लिए संकट नहीं बनेगा ब्रह्मपुत्र का पानी



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

> चीन के साथ सुविधा यह है कि वह अपनी नदियों के जल को अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानकर चलता है। पानी को एक उपभोक्ता वस्तु मानकर वह उसका अपने हितों के लिये अधिकतम दोहन में लगा है। बौद्ध धर्मावलम्बी चीन परंपरा और आधुनिकता के बीच मध्यमार्गी सामंजस्य बनाकर चल रहा है।

> ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को लेकर चीन का भारत से ही नहीं बांग्लादेश से भी विवाद है। इस नदी पर कई बांध बनाकर चीन ने ऐसे जल प्रबंध कर लिए हैं कि वह जब चाहे तब भारत और बांग्लादेश में पानी के प्रवाह को रोक दे और जब चाहे तब ज्यादा पानी छोड़कर ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे बसे इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न कर दे। चीन ने ऐसी हरकत करते हुए साल 2016 में भारत में जलापूर्ति करने वाली ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी जियाबुकू का पानी रोक भी दिया था। लेकिन इसका असर पूर्वोत्तर की कृषि पर देखने में नहीं आया था। ब्रह्मपुत्र एशिया की सबसे लंबी नदी है। इस नदी की लम्बाई 3000 किमी है। इसी की सहायक नदी जियाबुकू है। जिस पर चीन हाइड्रो प्रोजेक्ट बना रहा है।

ऑपरेशन सिंदूर और सिंधु जल संधि के निलंबन से आहत पाकिस्तान भारत को सबक सिखाने के दिन में स्वप्न देख रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के सलाहकार राणा अहसान अफजल ने एक नई धमकी देते हुए कहा है कि यदि चीन ब्रह्मपुत्र का पानी रोक दे तो भारत का क्या हाल होगा? चूंकि पाकिस्तान न तो ब्रह्मपुत्र के भूगोल से परिचित है और न ही पानी के प्रवाह के तकनीकी के ज्ञान से? इसलिए इस भूगोल और तकनीक का ज्ञान असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कराकर पाक के नैरेटिव की हवा निकाल दी। बिस्वा ने अपनी एक्स पोस्ट पर ठोस तथ्यों के साथ लिखा कि ब्रह्मपुत्र एक ऐसी नदी है, जिसका प्रवाह भारत में घटता-बढ़ता नहीं है। अतएव नदी को अपना प्रवाह बनाए रखने के लिए चीन के पानी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है। ब्रह्मपुत्र के कुल जल प्रवाह में चीन केवल 30 से 35 प्रतिशत तक का योगदान देता है। यह भी ज्यादातर हिमनदों के पिघलने और बारिश से मिलता है। शेष 65 से 70 प्रतिशत जल भारत में बहने वाली ब्रह्मपुत्र की सहायक नदियों से मिलता है। इसलिए यह नदी भारत में प्रवेश के बाद सशक्त हो जाती है। अतएव यह वर्षा जल से पोषित भारतीय नदी प्रणाली का हिस्सा है न कि किसी एक जल स्रोत पर निर्भर है। पाकिस्तान को यह सच्चाई जाननी चाहिए। फिर भी चीन ब्रह्मपुत्र के जल को कम करता भी है तो वह भारत के लिए मददगार ही साबित होगा। क्योंकि इस नदी की बाढ़ से प्रतिवर्ष लाखों लोगों को विस्थापन का दंश झेलना पड़ता है।

ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को लेकर चीन का भारत से ही नहीं बांग्लादेश से भी विवाद है। इस नदी पर कई बांध बनाकर चीन ने ऐसे जल प्रबंध कर लिए हैं कि वह जब चाहे तब भारत और बांग्लादेश में पानी के प्रवाह को रोक दे और जब चाहे तब ज्यादा पानी छोड़कर ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे बसे इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न कर दे। चीन ने ऐसी हरकत करते हुए साल 2016 में भारत में जलापूर्ति करने वाली ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी जियाबुकू का पानी रोक भी दिया था। लेकिन इसका असर पूर्वोत्तर की कृषि पर देखने में नहीं आया था।

ब्रह्मपुत्र एशिया की सबसे लंबी नदी है। इस नदी की लम्बाई 3000 किमी है। इसी की सहायक नदी जियाबुकू है। जिस पर चीन हाइड्रो प्रोजेक्ट बना रहा है। दुनिया की सबसे लंबी नदियों में 29वां स्थान रखने वाली ब्रह्मपुत्र 1625 किमी तिब्बत क्षेत्र में बहती है। इसके बाद 918 किमी भारत और 363 किमी की लम्बाई में बांग्लादेश में बहती है। समुद्री तट से 3300 मीटर की ऊंचाई पर तिब्बती क्षेत्र में बहने वाली इस नदी पर चीन ने 12वीं पंचवर्षीय योजना के तहत तीन पनबिजली परियोजनाएं निर्माण के प्रस्ताव पहले ही मंजूर कर चुका है और अब नए बांध निर्माण को मंजूरी दे दी है। चीन इन बांधों का निर्माण अपनी आबादी के लिये व्यापार, सिंचाई, बिजली और पेयजल समस्याओं के निदान के उद्देश्य से कर रहा है, लेकिन उसका इन बांधों और जल सुरंगों के निर्माण की पृष्ठभूमि में छिपा एजेंडा, खासतौर से भारत के खिलाफ जल हथियार के रूप में रणनीतिक इस्तेमाल के रूप में भी देखी जाती हैं। लेकिन यदि चीन ब्रह्मपुत्र के पानी को औजार बनाता है तो भारत से कहीं ज्यादा चीन की ही बिजली, सिंचाई और पेयजल योजनाएं प्रभावित होंगी।

दरअसल चीन में बढ़ती आबादी के चलते इस समय 886 नगर और 110 बड़े नगर पानी के गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। उद्योगों और कृषि संबंधी जरूरतों के लिए भी चीन को बड़ी मात्रा में पानी की जरूरत है। चीन ब्रह्मपुत्र के पानी का अनूठा इस्तेमाल करते हुए अपने शिनजियांग, जांझु और मंगोलिया इलाकों में फैले व विस्तृत हो रहे रेगिस्तान को भी नियंत्रित करना चाहता है। चीन की यह नियति रही है कि वह अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए पड़ोसी देशों की कभी परवाह नहीं करता। चीन ब्रह्मपुत्र के पानी का मनचाहे उद्देश्यों के लिए उपयोग करता है तो तय है, अरुणाचल में जो 17 पनबिजली परियोजनाएं प्रस्तावित व निर्माणाधीन हैं, इनके अटकने के अनुमान लगा लिए जाते हैं। ये परियोजनाएं पूरी हो जाती हैं और ब्रह्मपुत्र से इन्हें पानी मिलता रहता है तो इनसे 37827 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इस बिजली से पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में बिजली की आपूर्ति तो होगी ही, पश्चिम बंगाल और ओड़ीसा को भी अरुणाचल बिजली बेचने लग जाएगा । चीन अरुणाचल पर जो टेढ़ी निगाह बनाए रखता है, उसका एक बड़ा कारण अरुणाचल में ब्रह्मपुत्र की जलधारा ऐसे पहाड़ व पठारों से गुजरती है, जहां भारत को मध्यम व लघु बांध बनाना आसान है। ये सभी बांध भविष्य में अस्तित्व में आ जाते हैं और पानी का प्रवाह बना रहता है तो पूर्वोत्तर के सातों राज्यों की बिजली, सिंचाई और पेयजल जैसे बुनियादी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। पिछले 11 साल में इन बांधों के निर्माण में तेजी आई है।

चीन के साथ सुविधा यह है कि वह अपनी नदियों के जल को अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानकर चलता है। पानी को एक उपभोक्ता वस्तु मानकर वह उसका अपने हितों के लिए अधिकतम दोहन में लगा है। बौद्ध धर्मावलम्बी चीन परंपरा और आधुनिकता के बीच मध्यमार्गी सामंजस्य बनाकर चल रहा है। जो नीतियां एक बार मंजूर हो जाती हैं, उनके अमल में चीन कड़ा रुख और भौतिकवादी दृष्टिकोण अपनाता है। इसलिए वहां परियोजना के निर्माण में धर्म और पर्यावरण संबंधी समस्याएं रोड़ा नहीं बनती। नतीजतन एक बार कोई परियोजना कागज पर आकार ले लेती है तो वह आरंभ होने के बाद निर्धारित समयावधि में लगभग पूरी हो जाती है। चीन और भारत के बीच ब्रह्मपुत्र के जल-बंटवारे को लेकर विवाद और टकराव बढ़ रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पानी के उपयोग को लेकर कई संधियां हुई हैं। इस लिहाज से चीन को सोची-समझी रणनीति के तहत पानी रोकने या उसकी धारा बदलने का अधिकार है ही नहीं। इस संधि में जल प्रवाह के आंकड़े साझा करने की शर्त भी शामिल है। लेकिन चीन संयुक्त राष्ट्र की इस संधि की शर्तों को मानने के लिये इसलिए बाध्यकारी नहीं है, क्योंकि इस संधि पर अब तक चीन और भारत ने हस्ताक्षर ही नहीं किए हैं।

दरअसल ब्रह्मपुत्र का पानी अधिक मात्रा में छोड़ने या रोकने से भारत पर बहुत बड़ा असर पड़ने वाला नहीं है, क्योंकि नदी का जलभराव क्षेत्र का 22 से 30 फीसदी हिस्सा चीन में है, वहीं 21 फीसदी जल चीन से आता है। तिब्बती जल स्रोतों, बारिश और हिमनदों के पिघलने से यह पानी नदी में आता है। भूटान एक छोटा देश जरूर है, लेकिन ब्रह्मपुत्र नदी में उसका भी योगदान चीन के बराबर करीब 21 फीसदी है। जबकि भूटान में नदी का बहाव क्षेत्र केवल 7 फीसदी हिस्से में है। वहीं भारत में यह 34 फीसदी के करीब है। परिणामतः ब्रह्मपुत्र में सबसे ज्यादा पानी भारत से ही जाता है। यह करीब 39 प्रतिशत है। भारत में प्रवेश करने से पहले ब्रह्मपुत्र में केवल 14 फीसदी पानी ही शेष बचता है। बाकी जो पानी बढ़ता है, वह भारतीय जल स्रोतों से ही बढ़ता है। चूंकि चीन का पानी पहले से ही बहुत कम है, इसलिए चीन जल प्रवाह रोकता भी है तो उसका भारत पर ज्यादा असर पड़ने वाला नहीं है। मानसून के समय चीन सीमा पर पानी भारत की तुलना में सात गुना तक कम रहता है। अतएव हिमंत बिस्वा ने कड़ा जबाव देकर पाकिस्तान की बोलती बंद कर दी है।

## प्रसंगवश

# खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की चुनौती

**विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस**



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

खाद्य सुरक्षा को एक मानवाधिकार माना गया है, जिसके तहत सभी को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन का उपभोग करने का अधिकार है। इसी के साथ खाद्य जनित बीमारियों के बोझ को कम करके खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना भी अनिवार्य माना गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दूषित खानपान के कारण 200 से अधिक बीमारियां होती हैं और दुनियाभर में प्रतिवर्ष 10 में से 1 व्यक्ति दूषित भोजन के कारण बीमार पड़ता है। प्रतिवर्ष वायरस, बैक्टीरिया, परजीवी अथवा रासायनिक पदार्थों से दूषित भोजन खाने से करोड़ों लोग बीमार पड़ते हैं और लाखों लोग विभिन्न खाद्य जनित बीमारियों के शिकार होकर मर जाते हैं। अस्वास्थ्यकर भोजन के सेवन के कारण गरीबी से ग्रस्त तबके में बीमारियां होने का खतरा ज्यादा होता है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा खाद्य सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और खाद्य जनित बीमारियों को रोकने के लिए कार्रवाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की स्थापना की गई। डब्ल्यूएचओ के अनुसार यह दिन सभी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में आने वाली चुनौतियों पर विचार करने का अवसर प्रदान करता है, जिसमें सुरक्षित भोजन तक पहुंच की कमी, गरीबी और संघर्ष शामिल हैं। इस दिवस की स्थापना का उद्देश्य मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए खाद्य सुरक्षा की आवश्यकता को उजागर करना था। यह वैश्विक दिवस यह सुनिश्चित करने के प्रयासों को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है कि मनुष्यों द्वारा खाया जाने वाला भोजन सुरक्षित है। लोगों के लिए यह जानना भी बहुत महत्वपूर्ण है कि कौन से खाद्य पदार्थ सुरक्षित हैं और हमारे स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं क्योंकि हमारा भोजन ही सुरक्षित नहीं होगा तो हमारा स्वास्थ्य कैसे अच्छा रहेगा?

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर 2018 को 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित करने और सुरक्षित भोजन के बहुत सारे लाभों पर प्रकाश डालने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। उसके बाद संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की दो एजेंसियों खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से प्रतिवर्ष 7 जून को खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाने लगा। 7 जून 2019 पहला खाद्य सुरक्षा दिवस 'खाद्य सुरक्षा, सभी का व्यवसाय' विषय के साथ मनाया गया था। 3 अगस्त 2020 को विश्व स्वास्थ्य सभा ने खाद्य सुरक्षा मुद्दों और दुनिया में आवश्यक कार्रवाइयों के बारे में एक प्रस्ताव पारित किया और हर साल 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित कर दिया गया। प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ मनाए जाने वाले इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य वैश्विक, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय स्तर पर खाद्य जनित बीमारियों को रोकना तथा खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना है। 2021 में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 'स्वस्थ कल के लिए आज सुरक्षित भोजन' विषय के साथ, 2022 में 'सुरक्षित भोजन, बेहतर स्वास्थ्य', 2023 में 'खाद्य मानक जीवन बचाते हैं' और 2024 में 'खाद्य सुरक्षाः अप्रत्याशित के लिए तैयार रहें' विषय के साथ मनाया गया था।

विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2025 का विषय है 'खाद्य सुरक्षाः क्रियाशील विज्ञान'। यह विषय सुरक्षित भोजन सुनिश्चित करने में वैज्ञानिक ज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे वैज्ञानिक साक्ष्य खाद्य सुरक्षा में प्रगति को आगे बढ़ाते हैं, विशेषज्ञ सलाह से लेकर निगरानी और वैश्विक सहयोग तक। यह विषय वैज्ञानिक ज्ञान को व्यवहार में लाने के महत्व को भी रेखांकित करते हुए इस बात पर जोर देता है कि भोजन तभी सुरक्षित हो सकता है, जब मार्गदर्शन और सलाह को अमल में लाया जाए। असुरक्षित भोजन कई निम्न और मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के विकास को भी बाधित करता है, जिससे श्रमिकों की विकलांगता, बीमारी और असामयिक मृत्यु के कारण उत्पादकता में करीब 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर की हानि होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक खाद्य सुरक्षा को जलवायु संकट भी प्रभावित करता है और बढ़ता तापमान सुरक्षित खाद्य उत्पादन के लिए बड़ा खतरा बन रहा है।

# फिर से भड़कता दिख रहा रूस-यूक्रेन युद्ध



राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

> दोनों पक्षों के पास न तो निर्णायक जीत है और न ही शांति का कोई साफ रास्ता। इस लंबी और थकाऊ लड़ाई के बाद भी यह तय नहीं हो पाया है कि कौन जीत रहा है।

फरवरी 2022 में शुरू हुआ रूस-यूक्रेन युद्ध चौथे साल में चल रहा है। लाखों लोगों की जान जा चुकी है, शहर उजड़ चुके हैं और अब दुनिया की नजरें इस सवाल पर टिकी हैं- आखिर कौन जीत रहा है यह युद्ध? क्या यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस के ताकतवर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को मात दे रहे हैं या फिर रूस धीरे-धीरे अपनी रणनीति में सफल हो रहा है?

विश्लेषकों का मानना है कि तुर्की में रूस और यूक्रेन के बीच हुई बातचीत के बाद स्थिति और उलझ गई है। पुतिन ने साफ कर दिया है कि उन्हें सिर्फ एक ही बात स्वीकार है-यूक्रेन का सरेंडर। दूसरी ओर, यूक्रेन कुछ शर्तों पर रियायत देने को तैयार है, लेकिन रूस अपने कठोर रुख से टस से मस नहीं हो रहा। दूसरी ओर यूक्रेन, टेक्नोलॉजी के मोर्चे पर, रूस को कड़ी टक्कर दे रहा है। हाल ही में यूक्रेनी ड्रोन हमलों ने रूस के बमवर्षक विमानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। रूस ने सोचा भी नहीं होगा कि यूक्रेन रूस के 4000 किलोमीटर अंदर घुसकर उसके एयरबेस उड़ा सकता है, लेकिन उसने ऐसा किया। अब 5 एयरबेस पर हमले का नुकसान तो बड़ा है और रूसी राष्ट्रपति पुतिन का गुस्सा भी स्वाभाविक है। ऐसे में रूस-यूक्रेन युद्ध एक बार फिर से भड़कता दिख रहा है और शांति की उम्मीदें लगभग मंद हो गई हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि इस युद्ध में अब तक करीब 14 लाख लोग हताहत हो चुके हैं। यूक्रेन के 75 हजार से ज्यादा सैनिक या तो मारे जा चुके हैं या गंभीर रूप से घायल हुए हैं। रूस की कुर्स्क पर भारी कार्रवाई के बाद यूक्रेनी सेना को पीछे हटना पड़ा। इसके बाद रूस ने पलटवार करते हुए सूमी प्रांत पर हमला शुरू कर दिया है। सूमी की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यदि रूस इस पर कब्जा कर लेता है, तो वह सीधे कीव की ओर जमीनी हमला कर सकता है। इससे यूक्रेन की राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था कमजोर हो जाएगी। फिलहाल, यूक्रेनी सेना रूस के कब्जे वाले इलाकों में जवाबी कार्रवाई कर रही है। उन्हें अमेरिका और यूरोपीय देशों से तकनीकी और खुफिया जानकारी मिल रही है, जिससे उन्हें हमलों की रणनीति बनाने में मदद मिलती है। इसके अलावा, यूक्रेन में अब अपने ही ड्रोन बनाने की फैक्ट्री और विशेषज्ञ तैयार हो चुके हैं।

हालांकि यूक्रेन को आधुनिक तकनीक और समर्थन मिल रहा है, लेकिन उसकी चुनौतियां भी कम नहीं हैं। जैसे ड्रोन हमले रूसी सेना को धीमा कर सकते हैं, लेकिन उन्हें पूरी तरह रोक नहीं सकते,-रूस लगातार मिसाइल और बमबारी करता जा रहा है, यूरोप और अमेरिका से हथियारों की सप्लाई बनाए रखना ओर नए हथियारों के लिए सैनिकों को ट्रेनिंग देना भी यूक्रेन के लिए बड़ी चुनौती है।

रूस की रणनीति अब यह है कि यूक्रेनी सेना की सप्लाई लाइन को काटा जाए, उन्हें घेरा जाए और धीरे-धीरे एक-एक इलाके पर कब्जा किया जाए। इसके लिए रूसी सेना छोटे-छोटे समूहों में काम कर रही है ताकि वे ड्रोन हमलों से बच सकें। यूक्रेन की गैर पारंपरिक रणनीतियां-जैसे लंबी दूरी तक ड्रोन से हमला-रूस के लिए परेशानी बन चुकी हैं, लेकिन रूस अब भी उनके खिलाफ कोई ठोस समाधान नहीं निकाल पाया है। इससे संकेत नहीं मिलते कि रूस हमला धीमा करने वाला है।

इस समय रूस ने 5 यूक्रेनी प्रांतों के 19प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर लिया है। इनमें से 12 प्रतिशत इलाके पर वह पहले ही 2014 में कब्जा कर चुका था। पुतिन की चाहत है कि यूक्रेन की 25 प्रतिशत जमीन रूस के अधीन आ जाए, जिसमें एक बफर ज़ोन भी शामिल हो। आपको बता दें कि रूस क्रीमिया पर 2014 में कब्जा कर चुका है लेकिन उसकी मांग सिर्फ क्रीमिया तक सीमित नहीं है, अब वह उन इलाकों को भी यूक्रेन से चाहता है, जिन पर उसकी सेना ने अभी तक कब्जा नहीं किया है, लेकिन रूस अपना दावा करता है। इसके अलावा, वह चाहता है कि युद्ध खत्म होने के बाद यूक्रेन की सेना, उसके हथियार और उसकी सीमाएं नियंत्रित कर दी जाएं-कुछ-कुछ वैसा ही जैसा प्रथम विश्व युद्ध के बाद जर्मनी के साथ किया गया था।

इस समय दोनों पक्षों के पास न तो निर्णायक जीत है और न ही शांति का कोई साफ रास्ता। इस लंबी और थकाऊ लड़ाई के बाद भी यह तय नहीं हो पाया है कि कौन जीत रहा है। रूस की धीमी लेकिन स्थायी बढ़त को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, वहीं यूक्रेन भी टेक्नोलॉजी और नाटो समर्थन के दम पर लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। अगर किसी तरह से शांति समझौता हो भी जाता है, तब भी यह जरूरी नहीं कि संघर्ष थम जाएगा। जानकारों का मानना है कि यूक्रेन के भीतर गुरिल्ला युद्ध चलता रहेगा और नाटो देश रूस के लिए लंबे समय तक परेशानी बने रहेंगे। फिलहाल दुनिया को इंतजार है कि यह युद्ध कब और कैसे खत्म होगा?

## सोशल फोरम

# परिवेश



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बहुत से लोग अमरीका और पश्चिमी देशों की ओर देखते हैं, और बहुत से लोग अभी भी रूस की ओर देखते हैं- सोचते हैं कि भारत का समाज ऐसा ही होना चाहिए। निश्चित ही आज का जीवन ग्लोबल या वैश्विक बन चुका है तथा जो सामान्य परिस्थितियां वैश्विक हैं, उनमें अनेक समानताएं अपने यहां भी होंगी। यह परिवेश का ही प्रभाव है। निश्चित ही जितने अंशों में परिवेश की समानता होगी, उतने अंशों में जीवन की शैली में भी समानता हो सकेगी। जिस तरह के उत्पादन के साधन या टैक्नोलोजी होंगे, उसी तरह की भाषा भी होगी, संस्कृति भी होगी और मानव-व्यवहार भी वैसा ही होगा।

इसी के साथ यह भी है कि संसार में जो शक्तियां प्रबल होंगी, वे निर्बल के जीवन को प्रभावित भी करेंगी। चाहेंगी कि विकासशील देशों की व्यवस्था, विकसित देशों और प्रबल शक्तियों के हितों की पूरक हों। आनुवंशिकता के बाद मनुष्य जीवन का सबसे अधिक प्रभावशाली निर्णायक-तत्व परिवेश होता है। परिवेश से ही मनुष्य जीवन की शक्ति प्राप्त करता है। वह परिवेश प्राकृतिक भी होता है, समुद्र, नदी , पहाड़, ऋतु देह और मन दोनों को प्रभावित करते हैं

एक रिसर्चर ने बिहार में रहते हुए बुद्ध की विचार-भूमि पर अनुसंधान-कार्य किया था और बताया था कि क्यों निर्वाण ही इस विचार-सरणि का अन्तिम गन्तव्य बना? उसने बुद्ध काल की उन परिस्थितियों का विश्लेषण किया है, जिनमें अत्यन्त कष्ट-पूर्ण जीवन है। ये परिस्थितियां ही हैं, जिनके कारण पश्चिम में भौतिकवादी-दर्शन का जन्म हुआ और वह प्रभावी बन सका तथा भारत में अध्यात्मवाद का जन्म हुआ और वह प्रभावी बना। जो सामान्य परिस्थितियां हैं, उनके कारण दोनों भूमियों में समान विचारों का जन्म और प्रभाव हुआ। लेकिन परिवेश पूरी तरह समान कभी भी नहीं हो सकेगा। रूस तथा उक्रेन में एक जैसे विचार को लेकर राजसत्ता बनी किन्तु परिवेश की भिन्नता ने दोनों को आमने सामने कर दिया। गोरे शासकों की शह पाकर जिन्ना ने धर्म की समानता का नारा लगाया था, पूर्वी पाकिस्तान भी पाकिस्तान ही बना था, किन्तु परिवेश की भिन्नता ने दोनों को अलग कर दिया।

**-फेसबुक वॉल से**

# किनकी देखरेख में हुई आजाद भारत की पहली जनगणना



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

> भारत में 16 साल बाद फिर से जनसंख्या की गणना कराई जाएगी। राष्ट्रीय जनगणना की अधिसूचना 16 जून 2025 को जारी होगी। जनगणना 1 मार्च 2027 को पूरी होगी।

देश की पहली जनगणना की शुरुआत 20 फरवरी 1951 से हुई। उस दिन भारत के राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से सारी जानकारी भारत के जनगणना उपायुक्त रामेश्वर दयाल ने राष्ट्रपति भवन में जाकर हासिल की। डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अपनी उम्र 66 वर्ष, पेशा "राष्ट्रपति" बताया और बताया था कि कि उन्हें हिंदी के अलावा अंग्रेजी और बांग्ला भाषाएं आती है। उनके बाद उनकी पत्नी श्रीमती राजवंशी देवी से जानकारी ली गई थी।

भारत में 16 साल बाद फिर से जनसंख्या की गणना कराई जाएगी। राष्ट्रीय जनगणना की अधिसूचना 16 जून 2025 को जारी होगी। जनगणना 1 मार्च 2027 को पूरी होगी। भारत जैसे विशाल देश में जनगणना कराना सच में बहुत बड़ी चुनौती रही है। देश के आजाद होने के बाद आईसीएसके मद्रास कैडर के तेज-तर्रार अफसर आरए गोपालस्वामी के नेतृत्व में पहली बार 1951 में जनगणना करवाई गई थी, जो 1872 से हर दस साल में होने वाली नौवीं जनगणना थी। यह जनगणना 1948 के जनगणना अधिनियम के तहत हुई, जिसने भारत में जनगणना की प्रक्रिया को औपचारिक और कानूनी रूप दिया।

गोपालस्वामी ने डब्ल्यू.डब्ल्यू.एम. येट्स की जगह ली, जिन्हें 1951 की जनगणना के लिए नियुक्त किया गया था, लेकिन 1948 में उनकी मृत्यु हो गई थी। सरकार ने गोपालस्वामी को 1949 में स्वतंत्र भारत का पहला जनगणना आयुक्त कर दिया था। वे भारतीय सिविल सेवा के 1927 बैच के अफसर थे। कुछ सालों तक मौजूदा तमिलनाडु में अहम पदों पर रहने के बाद वे 1940 में नई दिल्ली आ गए थे। यहां वे कृषि विभाग में भी रहे।

गोपालस्वामी के मार्गदर्शन में 1951 की जनगणना में उम्र, लिंग, वैवाहिक स्थिति, धर्म, शिक्षा और पेशे जैसे सामाजिक और आर्थिक आंकड़े जुटाए गए। जनगणना के अनुसार भारत की आबादी 36.10 करोड़ थी, जिसमें पुरुष-महिला अनुपात 1000:946 था। साक्षरता दर 18 प्रतिशत थी और औसत आयु 32 साल थी। इसके अलावा, विभाजन के कारण हुए विस्थापन का भी डेटा दर्ज किया गया, जिसमें 72.26 लाख मुस्लिम पाकिस्तान गए और 72.49 लाख हिंदू और सिख भारत आए। इस डेटा ने आजाद भारत की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने की नींव रखी। बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे "स्वतंत्रता जनगणना" भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। यह ब्रिटिश शासन की जनगणनाओं से बिल्कुल अलग थी, जो मुख्य रूप से प्रशासन और राजस्व के लिए होती थीं। 1951 की जनगणना ने भारत में डेटा आधारित शासन की नींव रखी।

दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं, जैसे कम साक्षरता दर (केवल 1 प्रतिशत) और देश की विशालता और विविधता के कारण लॉजिस्टिक समस्याएं। गोपालस्वामी ने इन बाधाओं के बावजूद व्यवस्थित तरीके से जनगणना सुनिश्चित की। जम्मू-कश्मीर में अस्थिरता के कारण वहां 1951 में जनगणना नहीं हो सकी, और वहां की आबादी का अनुमान 1941 की जनगणनाओं के आधार पर लगाया गया। उनकी नेतृत्व क्षमता ने डेटा की विश्वसनीयता बनाए रखी।

1951 की जनगणना का डेटा भारत के पहले पंचवर्षीय योजना (1951-1956) के लिए आधार बना। इसने आर्थिक विकास, शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए नीतियां बनाने में मदद की। कम साक्षरता और आयु जैसे मुद्दों को उजागर कर यह लक्षित हस्तक्षेपों का आधार बना। गोपालस्वामी ने जनगणना को साक्ष्य-आधारित शासन का महत्वपूर्ण साधन बनाया, जो आज भी भारत की नीति निर्माण को प्रभावित करता है।

आरए गोपालस्वामी ने 1948 के जनगणना अधिनियम को लागू करने, व्यापक डेटा संग्रह और विभाजन की चुनौतियों से निपटने में उनकी कोशिशों ने भविष्य की जनगणनाओं की नींव रखी। 1951 की जनगणना भारत के सांख्यिकीय इतिहास में एक मील का पत्थर है, जिसने आजादी के शुरुआती दौर में देश की जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति की महत्वपूर्ण जानकारी दी। गोपालस्वामी 1949-1953 तक देश के जनगणना आयुक्त रहने के बाद वापस मद्रास चले गए थे। इस बीच, यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे पहले, 1872 में लॉर्ड मेयो के शासनकाल में पहली बार जनगणना का प्रयास किया गया था, लेकिन वह आंशिक और असंपूर्ण थी। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है, और इसकी देखरेख डब्ल्यूसी प्लौडेन ने की।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## जज और सीबीआई प्रमुख बनकर 1 करोड़ 2 लाख ठगे

### साइबर ठगों ने व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट कर बनाया शिकार

- फर्जी डिजिटल कोर्ट, वीडियो कॉल पर ही करा दी पीड़ित की पेशी
- एफडी तुड़वा कर हड़पा पैसा जमानत का ऑर्डर भी करा दिया उपलब्ध

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** साइबर ठगों ने सुप्रीम कोर्ट का जज और सीबीआई चीफ बनकर महानगर के एक संभ्रांत व्यक्ति से एक करोड़ दो लाख रुपये की ठगी कर ली। जालसाजों ने पीड़ित को झांसे में लेने के लिए फर्जी डिजिटल कोर्ट तक बना डाला और उसमें पीड़ित की वीडियो कॉल के जरिए पेशी भी करा दी और पीड़ित की एफड़ी तुड़वा कर पैसा अपने खाते में भिजवा कर हड़प लिया। पीड़ित के पास सुप्रीम कोर्ट का फर्जी ऑर्डर तक भेज दिया गया। इसके बाद जालसाज लापता हो गए और उनके मोबाइल भी स्विच ऑफ हो गए। तब पीड़ित को ठगी का पता चला और उन्होंने मामले की रिपोर्ट साइबर थाने में दर्ज कराई।

चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दीवान जोगराज निवासी शरद चंद्र की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया है कि 6 मई को उसके पास एक फोन आया, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) का अधिकारी बताया। साथ ही खुद को सुप्रीम कोर्ट का जज, आईपीएस अधिकारी के रूप में पहचान दी और कहा कि वित्त मंत्रालय से जुड़े एक केस में उससे पूछताछ होनी है। कॉल करने वाले ने आरोप लगाया कि पीड़ित के खाते से सेंट्रल बैंक मुंबई में 2.80 करोड़ रुपये ट्रांसफर हुए हैं।

> मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पीड़ित से ट्रांसफर की गई रकम के साक्ष्य मांगे गए हैं। मामले की जांच की जा रही है।
>
> -सर्वेश कुमार शुक्ला, साइबर क्राइम थाना प्रभारी

व्हाट्सएप वीडियो कॉल पर पूछताछ के दौरान पीड़ित ने इनकार किया और बताया कि वह पिछले 20 वर्षों से मुंबई नहीं गया है। 7 मई को एक अन्य कॉल में कॉलर ने खुद को सीबीआई चीफ बताया और कहा कि उसे सुप्रीम कोर्ट के जज के समक्ष पेश होना होगा। उसे टैबलेट के माध्यम से वीडियो कॉल पर पेश किया गया। वहां एक व्यक्ति ने खुद को सुप्रीम कोर्ट का जज बताया और कहा कि पीड़ित की एफडी 94 लाख रुपये की है, जिसे लिक्विडेट करके बताए गए अकाउंट में ट्रांसफर कर दे।

पीड़ित ने 14 मई को ठगों द्वारा बताए गए अकाउंट में 71 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। 14 मई को आरोपी विजय खन्ना ने पीड़ित को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत की बेल ऑर्डर की कॉपी भी भेजी। उनके कहने पर उनके बताए अकाउंट में साढ़े 9 लाख रुपये फिर भेज दिए। एफआईआर के अनुसार, 7 मई को सुप्रीम कोर्ट के जज ने कहा था सारा पेमेंट करने पर उनकी जमानत देखी जाएगी। पीड़ित ने 23 लाख 45 हजार 130 रुपए अकाउंट में भेजे और फिर 32 हजार रुपए फोन पे के माध्यम से भेजे। इस तरह कुछ एक करोड़ दो लाख रुपये की ठगी की गई। 19 मई को सुप्रीम कोर्ट से एक पत्र पीड़ित के पास आया। इसमें उसको सभी आरोपों से बरी करते हुए पीड़ित का सारा पैसा वापस भेजने के निर्देश दिए गए। इसके बाद से पीड़ित का किसी से संपर्क नहीं हो रहा है।

### मास्टर योग ट्रेनर ने कराया पूर्व योग अभ्यास का प्रशिक्षण

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** नगर पालिका परिसर में जिला आयुष समिति के क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरबंस कुमार व जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र कुमार की देखरेख में योगा अभ्यास शुरू कराया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ईओ की मौजूदगी में जिले के मास्टर योग ट्रेनर शशिकांत दीक्षित ने प्रशिक्षण दिया। नगर पालिका में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां प्रारम्भ हो गई हैं। शुक्रवार को प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम में सूक्ष्म व्यायाम ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, दण्डासन, भद्रासन, वज्रासन उष्ट्रासन, शशकासन, वक्रासन, कपालभाति, भ्रामरी एवं ज्ञान ध्यान के कराए गए योग अभ्यास प्रशिक्षण में भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी आदि ने योग कराया।

### खनन की सूचना पर मारा छापा

**घुंघचिहाई, अमृत विचार:** अवैध खनन की सूचना पर नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी ने क्षेत्र में छापामारी की। सिमरिया, दिलावरपुर, कसगंजा, सिकराहना, मटेहाना कॉलोनी आदि में खनन से जुड़ी शिकायतें मिल रही थीं। हालांकि इस दौरान कोई पकड़ा नहीं जा सका।

## ट्रक ने ट्रॉली को मारी टक्कर, दो मजदूरों की मौत

- चार घायल, लखनऊ से अपने घर संभल जा रहे थे सभी
- पहिया पंचर होने के चलते खड़ी थी ट्रैक्टर-ट्राली



पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक शाकिर के परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर/रौसर कोठी

**अमृत विचार:** सीतापुर रोड पर अटसलिया गांव के सामने पंचर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे ट्राली पर सवार छह लोग घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को मेडिकल कालेज भेज दिया। डॉक्टर ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि चार घायलों को बरेली रेफर कर दिया। मृतक और घायल संभल के रहने वाले थे, जो बकरीद पर लखनऊ से अपने घर संभल जा रहे थे।

संभल जिले के थाना नखासा के गांव कबीररइसा निवासी शकील, जाकिर, शोएब, अशरफ, नौशाद और राशिद लखनऊ क्षेत्र में एक ईट भट्टे पर काम करने के लिए गए थे। शनिवार को ईद होने के कारण शुक्रवार को सभी लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली से लखनऊ से संभल लौट रहे थे। रोजा थाना क्षेत्र में अटसलिया गांव के सामने शुक्रवार की सुबह पांच बजे ट्राली एक पहिया पंचर हो गया। ट्रॉली पर लोगों ने चारपाई डाल रखी थी। ट्रैक्टर-ट्राली को सड़क के किनारे खड़ा करके पंचर ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। सभी लोग ट्राली पर पड़ी चारपाई पर लेटे हुए थे। ट्रक ने पीछे से ट्राली को टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई। ट्रॉली पर सवार सभी लोग दबकर घायल हो गए।

रोजा थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों की मदद से ट्राली में दबे लोगों को बाहर निकाला गया। पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज भेज दिया, जहां डॉक्टर ने 30 वर्षीय शकील और 50 वर्षीय जाकिर को मृत घोषित कर दिया।

डॉक्टर ने चार घायलों को बरेली के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतकों के परिवार वालों को सूचना दे दी थी। पुलिस ने चालक और ट्रक को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



हादसे में क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर।



हादसे में क्षतिग्रस्त ट्राली।

### आधा घंटे बनी रही जाम की स्थिति

ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को इतनी जबरदस्त टक्कर मारी कि ट्रॉली का कुंडा ट्रैक्टर से टूट गया। ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क पर आ गए। इस दौरान सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग जाम लग गया। बड़े वाहनों को रोक दिया गया और छोटे वाहनों को साइड से पुलिस पास करवा रही थी। पुलिस ने क्रेन को मंगवाया। क्रेन से ट्रैक्टर-ट्रॉली को सड़क के किनारे किया। इस दौरान आधे घंटे बाद जाम खुल पाया।

### बकरीद त्योहार की खुशियां मातम में बदली

संभल जिले के मजदूर लखनऊ में स्थित एक ईंट-भट्टे पर मजदूरी करते थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली मजदूरों की अपनी थी। गुरुवार की शाम मजदूर ट्रैक्टर-ट्रॉली से लखनऊ से संभल के लिए निकले थे। ट्रॉली पर चारपाई डाल रखी थी और उसी पर लेटकर आ रहे थे। सभी मजदूर बकरीद मनाने के लिए अपने घर जा रहे थे। मजदूरों ने बच्चों के लिए कुछ सामान लखनऊ से खरीदकर ले जा रहे थे। मजदूर शकील और जाकिर के घर मौत की खबर सुनकर रोना पीटना मच गया। बकरीद का त्योहार मातम में बदल गया।।

## उद्यमियों को विशेषज्ञों ने लीन तकनीक की विस्तार से दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



एमएसएमई प्रतिस्पर्धी कार्यशाला में जानकारी देते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** डीपीआईआईटी एवं उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय द्वारा एमएसएमई प्रतिस्पर्धी (लीन) योजना की कार्यशाला का आयोजन किया गया। डीएम की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में विशेषज्ञों ने उद्यमियों को लीन तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

शहर में एक होटल में शुक्रवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद कानपुर एवं राइस मिल एसोसिएशन पीलीभीत की ओर से हुई कार्यशाला में डिप्टी डायरेक्टर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय प्रीति गंगवार ने उद्यमियों से लीन तकनीक का इस्तेमाल करने की सलाह दी। डीएम ने लघु और मध्यम उद्यमों एमएसएमई को अधिक प्रतिस्पर्धात्मक कैसे बनाया जाए, इस पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने लीन तकनीक के माध्यम से उद्यमी अपनी उत्पादकता कैसे बढ़ाएं, बजट कैसे कम हो, कचरा और अनावश्यक खर्च कैसे कम हो, उत्पाद की गुणवत्ता में कैसे सुधार हो, समय पर डिलीवरी कैसे हो आदि के बारे में जानकारी दी। राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने उद्यमियों से लीन योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य उत्पादन को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाना है।

कार्यशाला में विशेषज्ञों ने प्रक्रिया और प्रदर्शन को स्पष्ट रूप से दर्शाने के लिए दृश्य संकेतकों के उपयोग, मानक संचालन प्रक्रिया, सेलुलर लेआउट, उत्पादन के लिए एक नियंत्रण प्रणाली का उपयोग करना, उत्पादन का केंद्रीयकरण आदि के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर उपायुक्त उद्योग संजय कुमार, सीए वैभव अग्रवाल, उद्यमी अजमेर सिंह छीना, मनोज खंडेलवाल, ब्रजेश गुप्ता, अशोक खंडेलवाल, राजीव अग्रवाल, राजीव गुप्ता, नितीश अग्रवाल, शरद अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, अमरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### आत्महत्या के लिए उकसाने वाला पति गिरफ्तार

**पुवायां, अमृत विचार:** पुलिस ने महिला को प्रताड़ित करने व आत्महत्या के लिए उकसाने वाले मुड़िया वैश्य निवासी पति राहुल को बड़ागांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार अभियुक्त व सुधीर उर्फ अनुज व सौरभ कुमार के खिलाफ ओमप्रकाश निवासी गौहनिया आलम, थाना पसगवां, जनपद खीरी ने 3 जून को बेटी को प्रताड़ित करने व आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

ओमप्रकाश के अनुसार उनका दामाद राहुल अपने मामा की बेटी से बात करता था, जिसका उनकी बेटी मीनाक्षी विरोध करती थी। इसी बात को लेकर उक्त लोगों ने उसे प्रताड़ित करते हुए मारपीट की थी, जिसके बाद 2 जून को उसके आत्महत्या करने की जानकारी मिली थी। फिलहाल पुलिस ने मुख्य आरोपी राहुल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने रोपा एक पेड़ मां के नाम





मैलानी में पौधरोपण करतीं पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी। ● अमृत विचार

संवाददाता, मैलानी

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नगर पंचायत मैलानी के पार्क में एक पौधा मां के नाम के तहत पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी ने पौधा रोपित किया।

मोहल्ला काली मंदिर में सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान चलाकर पंचायत अध्यक्ष ने लोगों को प्लास्टिक (पॉलीथिन) यूज न करने की शपथ दिलाई। पॉलीथिन व प्लास्टिक यूज न करने के लिए जागरूक करते हुए पौधरोपण किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ थानाध्यक्ष निराला तिवारी, अधिशासी अधिकारी राजेश चौधरी, भवानी शंकर माहेश्वरी, गुरमीत कौर सहित पंचायत कर्मचारी, नागरिक, सभासद मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**पुवायां, अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला ने गुरुवार देर रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच पड़ताल की।

क्षेत्र के गांव सतवां बुजुर्ग निवासी भाईलाल मिश्रा पुवायां नगर में बीएसएनएल टावर के पास किराए के मकान में परिवार के साथ रहते हैं। गुरुवार रात किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हो गई। बताया जाता है कि इसके बाद भाईलाल अपने भतीजे के जनेऊ में चले गए। सुबह पत्नी बबली का शव फंदे पर लटकता पाया गया। भाईलाल के अनुसार वह जब लौटे तो पत्नी को लटकते पाया। उसने बताया कि कार्यक्रम में जाने को लेकर दोनों में कहासुनी हुई थी।

नाराज पत्नी बबली ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। बबली के शिवांशु और गोलू दो पुत्र हैं। बबली की आत्महत्या से कोहराम मचा गया।





## सार-संक्षेप

### पौधरोपण कर दिलाई पर्यावरण रक्षा की शपथ



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** नगरीय निकाय की सहायक निदेशक सविता शुक्ला ने नगर पालिका परिषद का स्थलीय निरीक्षण कर परिसर में पौधरोपण कराकर पर्यावरण सुरक्षा की शपथ दिलाई। सहायक निदेशक नगरीय निकाय सविता शुक्ला ने नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के साथ एक पेड़ मां के नाम थीम पर पौधरोपण कर पर्यावरण सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए उन्होंने नगर पालिका परिषद के अन्तर्गत आने वाली दुकानों में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने एवं थैले का प्रयोग करने के बारे में बताया। कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा एवं संवर्धन सबका धर्म है। निरीक्षण के समय अधिशाषी अधिकारी सुरेंद्र कुमार, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, जेई आदर्श मिश्रा, जेई अनिल कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

### चेयरमैन ने मनाया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन



**पीलीभीत, अमृत विचार:** नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने सभासदों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर केक काटा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दीर्घायु और स्वस्थ रहने की कामना की। पालिकाध्यक्ष, सभासद और भाजपा कार्यकर्ता नेहरू पार्क में एकत्र हुए और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के उपलक्ष्य में केक काटा। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष के अलावा भाजपा नगर अध्यक्ष इंद्रेश चौहान, सभासद विपिन कुमार, अवतार सिंह, वतनदीप मिश्रा, राशिद हुसैन, विकास बाबू, नंदकिशोर कश्यप, सचिन चौधरी, देव प्रकाश, दीप अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

### गल्ले से रुपये निकालने के बाद पीटा

**माधोटांडा, अमृत विचार:** कस्बा कलीनगर के निवासी पूरनलाल चाय की दुकान चलाते है। शुक्रवार को एक टेंपो चालक उनके पास पांच सौ का नोट लेकर आया और छुट्टे मांगे। आरोप है कि जैसे ही दराज खोली आरोपी ने पांच हजार रुपए निकाल लिए। जब उसे पकड़ लिया तो पीड़ित पर हमला कर दिया। शोर पर जमा भीड़ ने बचाया। पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। फिलहाल घायल का मेडिकल कराकर जांच की जा रही है।

## ठेकेदार सहित दो पर गैंगरेप की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार:** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने बरेली के थाना बारादरी के आकाशपुरम् निवासी ठेकेदार जावेद, बमनेश और दो अज्ञात साथियों के खिलाफ गैंगरेप आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने बताया कि वह चार मार्च की शाम पांच बजे मुरादाबाद फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर स्थित भोला ढाबा के पास कालीचरण के मकान के सामने टेंपो से उतरी, वहीं एक सफेद रंग की इनोवा गाड़ी खड़ी थी, जिसमें जावेद एवं बमनेश निवासी बरेली व दो अज्ञात व्यक्ति बैठे थे। नामजद लोगों ने उसे जान से मारने की नीयत से तमंचा दिखाते हुए बुरी नीयत से पकड़ लिया और खींच कर गाड़ी में डाल दिया। आरोपी उसे एक अज्ञात गांव में मकान में कमरे के अंदर ले गए, जहां उसे बंधक बनाकर डाल दिया, शिवरात्रि के समय करीब 12 बजे जावेद अली, बमनेश ने दुष्कर्म किया।

शोर मचाने पर जान से मार की नीयत से गर्दन दबा दी, कानों में सोने के कुंडल एवं उसके पास 70 हजार रुपये भी छीन लिए। आरोपी मरणासन्न अवस्था में गाड़ी में डालकर बदायूं फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे किनारे गांव नौगवां मुबारिकपुर से पहले गहरी खंती में डालकर चले गए। इसी समय मिर्जापुर की तरफ से एक टेंपो आया, जिससे वह कलान थाने गई, जहां तहरीर देने पर पुलिस ने जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज करने की बात कह कर टरका दिया। अधिकारियों के चक्कर काटने के बाद कोर्ट गई, तब कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज हुई।

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**जलालाबाद।** अल्लाहगंज थाना क्षेत्र के गांव प्रेमनगर मजरा बझेड़ा में गांव के पश्चिम में खड़े आम के पेड़ से गांव निवासी युवक अजय (28) पुत्र रज्जन का शव लटकता हुआ मिला। जिससे गांव में सनसनी फैल गई। गांव के लोगों ने शव को उतार कर घर में रख लिया। पिता रक्षपाल ने बताया कि उसकी गांव के ही कुछ लोगों से रंजिश चल रही थी। इस कारण हमारे लड़के को मार कर लटकाया गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## प्रभु राम की लीला देखने शिव भी आए थे अयोध्या

- रामकथा में सुनाया श्रीराम की बाल लीलाओं का प्रसंग

संवाददाता, बिलसंडा



बिलसंडा में हनुमान मढ़ी पर रामकथा का श्रवण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** हनुमान मढ़ी मंदिर पर गीत संगीत के बीच चल रही नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा एवं अमृत वर्षा महोत्सव में शुक्रवार को श्रीराम जन्मोत्सव के बाद उनकी बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया गया। जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। बीच बीच में गाए सुंदर भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे।

श्री सुंदरकांड पाठ समूह द्वारा आयोजित रामकथा में फर्रुखाबाद से आए पंडित अम्बरीश तिवारी ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की कथा सुनाई। कहा कि पूजा में भाव की महत्ता होती है। प्रभु भक्त के भाव को देखते हैं, यदि हम राम को पाना चाहते हैं तो वे हमें अनुराग से प्राप्त होंगे। प्रभु की छवि को ही मन में बसाना होगा। कथा वाचक ने प्रभु श्री राम की बाल लीलाओं का सुंदर चित्रण किया।

कहा कि जब श्रीराम ने दशरथ नंदन के रूप में कौशल्या की कोख से जन्म लिया तो, दासियां दौड़ पड़ीं। अयोध्या सजने लगी, जन-जन में उत्साह छा गया। भगवान राम के जन्म के बाद पूरे अयोध्या में शहनाई की आवाज गूंज रही थी। राम की लीला संसार की सकारात्मक एवं सुखद आनंदमई लीला है। भगवान राम की बाल लीलाओं में ही उनके साम्यवादी चिंतन तथा उनका क्रियात्मक रूप स्पष्ट होता है। उन्होंने कहा कि बाल काल में उनकी लीलाओं के दर्शन करने के लिए देवता भी तरसते थे। भगवान शिव खुद ही वीर हनुमान के साथ रुप बदलकर भगवान राम की बाल लीलाओं के दर्शन करने आए थे।

हमें भगवान राम द्वारा स्थापित किए गए आदर्शों पर चलने का प्रयास करना चाहिए। आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। इस मौके पर महन्त अवधेशानंद गिरि, राजेश मिश्रा राजू, अरविन्द शुक्ला, रजनीश मिश्रा, दिनेश अवस्थी, सचिन मिश्रा, मनोज वर्मा, भोलेनाथ जायसवाल, नीरज वैश्य, राजीव त्रिवेदी, अशोक शुक्ला, कंचन, गोल्डी, सलोनी, अनीता, पुष्पा, सुनीता जायसवाल, मनोरमा मिश्रा, ज्योति मिश्रा, सोनी जायसवाल, पूर्व चेयरमैन मंजू जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# गिरफ्तारी से बचने को अस्पताल में भर्ती फर्जी कस्टम इंस्पेक्टर को भेजा जेल

## कस्टम इंस्पेक्टर बताकर निकाह करने वाले के खिलाफ पत्नी ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गिरफ्तारी से बचने के लिए सीने में दर्द होने का बहाना बनाकर इलाज के लिए पिछले कई दिनों से 300 बेड अस्पताल में भर्ती फर्जी कस्टम इंस्पेक्टर को बारादरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद शुक्रवार को उसे जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से दो जोड़ी वर्दी, दो आईडी और अन्य सामान बरामद किया।

हाफिजगंज निवासिनी इकरा ने अपने पति शहजाद अहमद निवासी हाफिजगंज के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और फर्जी कस्टम इंस्पेक्टर बनकर शादी करने का आरोप लगाते हुए थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपी को तलाश करने लगी थी। इसी

> फर्जी कस्टम इंस्पेक्टर को तीन सौ बेड अस्पताल से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को पूछताछ के बाद जेल भेजा गया है। - **पंकज कुमार श्रीवास्तव, सीओ तृतीय**

बीच आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई, लेकिन वह बीमार हो गया। तब पुलिस ने उसे छोड़ दिया था, लेकिन जब पुलिस दोबारा आरोपी के घर पर पहुंची तो वह गायब मिला।

लोकेशन ट्रेस करने पर पता चला कि शहजाद गिरफ्तारी से बचने के लिए सीने में दर्द होने का बहाना बनाकर 300 बेड अस्पताल में भर्ती हो गया है। इसके बाद इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने उसे 300 बेड अस्पताल से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पुलिस को दो खाकी वर्दी, 2 फ्लेप जिसमें 3-3 स्टार लगे हुए हैं। एक सीटी, दो नेम प्लेट, जिस पर शहजाद अहमद लिखा है। एक बाजू लोगो, दो ईएमई बैज, एक खाकी पी कैप, एक लाल रंग की चमड़े की बेल्ट, दो आधार कार्ड, दो फर्जी आईडी, जिस पर आरोपी के फोटो लगे हैं। आईडी पर असिस्टेंट कमिश्नर के अंग्रेजी में हस्ताक्षर हैं। दूसरा आईडी कार्ड उत्तर प्रदेश पुलिस के सब इंस्पेक्टर का है।

### इकरा से शादी करने को बना फर्जी इंस्पेक्टर

आरोपी शहजाद ने पूछताछ में बताया कि हाफिजगंज में उसके मकान के पास ही इकरा का परिवार किराये पर रहता था। तब वह इकरा के घर आने जाने लगा। उसे इकरा से प्रेम हो गया। तब उसने इकरा के परिजनों से शादी की बात की, लेकिन इकरा के घर वालों ने बेरोजगार से बेटी का निकाह करने से इनकार कर दिया। वह बीकाम है। नौकरी की तलाश में वह कुछ दिन मुरादाबाद रहा। वहां रहकर कस्टम इंस्पेक्टर और उत्तर प्रदेश पुलिस सब इंस्पेक्टर की परीक्षा की तैयारी की।

### यू-ट्यूब से सीखा पुलिसिया स्टाइल

आरोपी ने बताया कि उसने यूट्यूब से पुलिसिया स्टाइल सीखा। कस्टम इंस्पेक्टर कैसे बात करते हैं। कैसे चलते हैं। वर्दी कैसी पहनी जाती है। पूरा स्टाइल सीखकर वह वर्दी में अपने कस्बे में पहुंचा। तब वहां के लोगों ने उसका जमकर स्वागत किया। कई चैनलों पर उसका इंटरव्यू हुआ। इससे उसका मनोबल बढ़ गया। फेसबुक पर वर्दी पहनकर कई वीडियो अपलोड किए। जब इकरा के परिजनों को पता चला कि वह कस्टम इंस्पेक्टर बन गया है। तब वे लोग भी शादी के लिए तैयार हो गए। उसने इकरा से भी यह बात छिपाई थी।

# छह साल की बच्ची को आवारा कुत्तों ने नोचकर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** दूध लेने मां के साथ गई 6 साल की बच्ची को लौटते समय कुत्तों के झुंड ने घेरकर बुरी तरह नोच डाला। घायल बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मामला थाना अफजलगढ़ के मोहल्ला फैजी कालोनी का है, जहां बच्ची यासमीन अपनी मां के साथ दूध लेने गई थी। लौटते समय मां, बेटी से करीब 100 मीटर आगे निकल गई और इस बीच बच्ची पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्ची को 50 से अधिक जगहों पर काटा, उसका पेट तक फाड़ दिया। कुत्ते बच्ची के सिर व पेट का काफी मांस खा गए। कुत्ते बच्ची को घसीट रहे थे तो मां गुलशन ने चिल्लाकर लोगों से मदद मांगी। जब तक बच्ची को कुत्तों से छुड़ाया गया, उसकी मौत हो चुकी थी। बच्ची की



- मां के साथ दूध लेने गई थी, बच्ची का पेट तक फाड़ दिया

मां ने बताया कि घर में दूध नहीं था, इसलिए दूध लेने गई थी। लौटते समय बेटी पीछे रह गई थी, तभी बच्ची को कुत्तों ने घेर लिया और बुरी तरह नोचा। बच्ची की चीख सुन शोर मचाया तो पीछे काम कर रहे मजदूरों ने कुत्तों को भगाया। मां गुलशन शादियों में बर्तन धोने का काम करती है और पिता मजदूरी करते हैं। बता दें कि चार माह पहले भी अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर आबाद में एक बच्चे की कुत्तों के हमले में मौत हो गई थी। नगरपालिका ईओ का कहना है कि घटना पालिका क्षेत्र से बाहर की है, कुत्तों को पकड़वाने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की है।

# उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार का हिस्सा बने 34 डिप्टी एसपी



फोटो-701 पासिंग आउट परेड के बाद डिप्टी एसपी के साथ मुख्य अतिथि डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तम वर्मा व अन्य पुलिस अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तम वर्मा ने ली परेड की सलामी और एडीजी राजीव सभरवाल ने किया परेड का निरीक्षण

**अमृत विचार:** एक साल 15 दिन कड़े प्रशिक्षण के बाद शुक्रवार को 34 डिप्टी एसपी पासिंग आउट परेड के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस का हिस्सा बन गए। डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी के मैदान में परेड की सलामी डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तमा वर्मा ने ली और अकादमी के एडीजी राजीव सभरवाल ने शपथ दिलाई। 34 डिप्टी एसपी में नौ महिलाएं और 25 पुरुष शामिल हैं।अब नए डिप्टी एसपी शनिवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलेंगे।

यूपी पीसीएस परीक्षा-2023 में चयनित 36 डिप्टी एसपी का बैच लगभग एक साल पहले ट्रेनिंग के लिए डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी में भेजा गया था। इसमें दो अभ्यर्थी बीच में ही ट्रेनिंग छोड़कर चले गए थे। 34 प्रशिक्षु डिप्टी एसपी की 12 माह 15 दिन तक इंडोर और आउटडोर की ट्रेनिंग हुई। फाइनल परीक्षा में सभी अभ्यर्थी उत्तीर्ण हो गए। शुक्रवार की सुबह 8.40 बजे से शुरू हुई पासिंग आउट परेड में सभी शामिल हुए। कदम ताल करते हुए मैदान तक पहुंचे। मुख्य अतिथि डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तमा वर्मा के पहुंचने पर परेड शुरू हुई। सबसे पहले डीजी और एडीजी राजीव सभरवाल को परेड कमांडर अवनीश कुमार सिंह ने परेड का निरीक्षण कराया। बाद में देश का तिरंगा और पुलिस ध्वज मैदान में लाया गया। तिरंगे के साथ डिप्टी एसपी कदम ताल कर रहे थे। बाद में सभी ने मैदान के दो चक्कर लगाकर परेड पूरी की।

परेड की सलामी डीजी ने ली। तिरंगे व पुलिस ध्वज के सामने सभी को पद की शपथ दिलाई गई। सर्वांग सर्वोत्तम बनें जिला सुल्तानपुर के तहसील जयसिंहपुर क्षेत्र के गांव रामनाथपुर निवासी गौरव उपाध्याय। इंडोर टॉपर बनीं महाराजगंज की आकांक्षा गौतम और आउटडोर टॉपर बने गाजियाबाद के अवनीश कुमार सिंह को डीजी ने ट्राफी व शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान मौजूद नवागत डिप्टी एसपी के परिवारों का उत्साह देखते ही बन रहा था। सभी का सीना फक्र से चौड़ा था।

# खंभे से टकराई बाइक, दुल्हन के चाचा सहित दो लोगों की मौत

## मातम में बदलीं शादी की खुशियां, लावर गांव के पास हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, संभल/ जुनावई

**अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में अनियंत्रित होकर बाइक के खंभे से टकराने पर दुल्हन के चाचा सहित दो लोगों की मौत हो गई। जिससे परिवारों में कोहराम मच गया। हादसे से शादी की खुशियां भी मातम में बदल गईं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के गांव बबक्करपुर निवासी सुंदर (47 वर्ष) पुत्र उदयराम के बड़े भाई भीकम सिंह निवासी गांव सैमला भूड़ थाना धनारी की बेटी सोनी की शुक्रवार को शादी थी। सुंदर और उसके रिश्ते का भतीजा धर्मवीर पुत्र नन्हें (32 वर्ष) निवासी गांव अलीनगर थाना इस्लामनगर बदायूं बाइक द्वारा गांव पतरिया से मैदा लेकर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार लावर गांव के पुल के पास मोड़ पर पहुंचे तो बाइक अनियंत्रित होकर पोल से टकरा गई। हादसे में सुंदर और धर्मवीर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देखकर



सुंदर(फाइल फोटो)



धर्मवीर (फाइल फोटो)

आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन अस्पताल पहुंच गए। वहीं पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस हादसे से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

### डिवाइडर से टकराई बाइ , पिता-पुत्र घायल

**बबराला, अमृत विचार :** मोहल्ला टंकी निवासी नरेश (30) पुत्र सोनपाल शुक्रवार को अपनी ससुराल गुन्नौर से अपने 8 वर्षीय पुत्र अमित के साथ बुलेट से वापस लौट रहा था। करीब 11 बजे आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गांव इटउआ के पास बुलेट अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें बाइक सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। हादसे में सिर में गंभीर चोटें होने पर नरेश को गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार देने के बाद मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ रेफर किया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव सिरसानाल निवासी किसान नन्हे सिंह (65 वर्ष) गुरुवार की रात मक्का फसल के रखवाली करने के लिए घर से खेत के लिए गया था। गांव सिरसानाल और बहरामपुर के बीच अज्ञात वाहन ने नन्हे सिंह को टक्कर मार दी, जिससे नन्हे सिंह की मौत हो गई।

### बाइकों की टक्कर में 4 लोग घायल, एक गंभीर

**चन्दौसी , अमृत विचार :** थाना बनियाठेर क्षेत्र के बहजोई रोड स्थित आटा चौकी तिराहे पर एक बाइक को दूसरी बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइकों पर सवार 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी में घायलों को उपचार के बाद रेफर कर दिया। जिसमें एक घायल की हालत नाजुक बताई जा रही है। शुक्रवार सुबह 10 बजे करीब थाना बिलारी निवासी सुरेन्द्र अपने ससुर भाय सिंह को उनके गांव जगन्नाथपुर थाना गुन्नौर को छोड़ने के लिए जा रहा था। वहीं, थाना बनियाठेर के गांव मोहम्मदपुर बावई निवासी फिदा हुसैन अपने पुत्र सुहेल हुसैन के साथ बनियाठेर बाजार में बकरी बेचकर लौट रहा था। सुबह करीब 10 बजे सुरेन्द्र जब बहजोई रोड आटा चौकी तिराहे के पास हाइवे से गुजर रहा था। उसी समय फिदा हुसैन की बाइक अनियंत्रित होकर सुरेन्द्र की बाइक से पीछे से टकरा गई। जिससे बाइक पर बैठक चारों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लेकर आई। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सुरेन्द्र, भाय सिंह, सुहैल हुसैन, फिदा हुसैन को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।



सीएचसी में घायल का उपचार करते स्वास्थकर्मी। ● अमृत विचार

# डिप्टी सीएम के काफिले की कार से टकराई बाइक, दो लोग घायल

**बरेली, अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के काफिले के पीछे चल रही सीएमओ की कार से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक शुक्रवार को बरेली दौरे पर आए थे। जिला अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद वह बदायूं रोड स्थित विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा के आवास जा रहे थे। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह की कार काफिले में सबसे पीछे चल रही थी। काफिला जैसे ही करगैना चौकी के सामने पहुंचा, बाइक सवार सुभाषनगर थाना क्षेत्र के गांव इटौआ सुखदेवपुर निवासी सुशील उर्फ वेदपाल और यशपाल ने रोड पार करना चाहा। इसी दौरान बाइक सीएमओ की कार से टकरा गई। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।


**ग्राम पंचायत खामपुर उर्फ गंगापुर विकास खंड नवाबगंज, बरेली**

**निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के कार्ययोजना वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत कार्य कराये जाने हेतु आवश्यक सामग्री सीमेन्ट, बालू, मिट्टी, सरिया, बजरफुट, रेता, ईट, रोड़ी, बजरी आदि की आपूर्ति कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्ते एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है जिसे ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा के जी.एस.टी फर्म का रजिस्ट्रेशन पैन कार्ड की प्रमाणित कापी संलग्न करनी होगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। निविदा दिनांक 02.06.2025 से 03.06.2025 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसे दिनांक 03.06.2025 को दोपहर 3:00 बजे खोला जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | रामगोपाल के घर से होली चौराहे तक सी.सी. व नाली कार्य निर्माण | 388986/- |
| 2. | मुन्नालाल के टीन सेड का निर्माण कार्य | 93102/- |
| 3. | चेतराम के घर से छत्रपाल के घर तक सी.सी. व नाली कार्य निर्माण | 334661/- |
| 4. | भोलेनाथ के घर से सूरजपाल के घर तक सी.सी. व नाली कार्य निर्माण | 181583/- |

मुन्नी देवी-प्रधान  आशीष गंगवार-सचिव


# मंदिर के तालाब में मिला 8 साल के बालक का शव

**अमरोहा, अमृत विचार :** घर से लापता 8 वर्षीय बालक का शव श्री वासुदेव तीर्थ मंदिर के तालाब में पड़ा मिला। वह नानी से बाहर घूमने के लिए कहकर घर से निकला था। शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बिहार के पुरनिया जिले की निवासी फुलिया देवी अपने अपने धेवते कोहिनूर के साथ नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला किशनगढ़ में रहती है। फूलिया देवी माली का काम करती है। 8 वर्षीय कोहिनूर के माता-पिता की कई साल पहले मौत हो गई थी। गुरुवार की शाम को कोहिनूर अपनी नानी से बाहर खेलने के लिए कहकर निकला था। लेकिन देर रात तक भी वह घर नहीं पहुंच पाया। जिसके बाद नानी फूलिया देवी ने उसकी काफी तालाश की लेकिन वह नहीं मिला। बाद में पुलिस को सूचना दी। शुक्रवार की सुबह श्री वासुदेव तीर्थ मंदिर के तालाब में उसका शव मिला। सूचना पर नगर पुलिस मौके पर पहुंच गई। धेवते का शव देखकर नानी बदहवास हो गईं। बताया जा रहा है कि कोहिनूर नहाने के लिए तालाब में गया था, डूबने से उसकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि तालाब में बालक का शव पड़ा मिला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। वहीं धेवते की मौत के बाद नानी का बुरा हाल है।

- घर से खेलने जाने के लिए कहकर निकला था कोहिनूर



कोहिनूर फाइल फोटो)


**कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय सिंचाई खण्ड बरेली नानकसागर (ऊधमसिंहनगर)**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि द्वितीय उपखण्ड नानकसागर बांध, सिंचाई खण्ड बरेली से संबंधित निम्नलिखित नीलामी दिनांक-13.06.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे दिन में खण्डीय कार्यालय सिंचाई खण्ड बरेली में सम्पन्न की जायेगी। प्रत्येक बोलीदाता को बोली बोलने से पूर्व नीलामी के सम्मुख अंकित धरोहर धनराशि का बैंक ड्राफ्ट (अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड बरेली के नाम का) जमा करना होगा। जो उच्चतम बोलीदाता के अतिरिक्त शेष बोलीदाताओं को वापस कर दिया जायेगा। धरोहर धनराशि जमा करने का समय 12.00 बजे से 12.45 बजे तक रहेगा। उच्चतम बोलीदाता को सम्पूर्ण धनराशि नीलामी के 03 दिवस के अन्दर नकद जमा करनी होगी। जमा की जाने वाली धनराशि कैश में मान्य नहीं होगी। उच्चतम बोलीदाता को एकमुश्त धनराशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चेक/चेक, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड बरेली के नाम का जमा करना होगा। उच्चतम बोली आने पर बोलीदाता को नीलाम स्वीकृत कराने से पूर्व नीलाम शर्तों का शपथ-पत्र के साथ चरित्र प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। नीलामी की अन्य शर्तें किसी भी कार्य दिवस में अद्योहस्ताक्षरी एवं खण्डीय कार्यालय में देखी व पढी जा सकती हैं।

| क्र0 सं0 | नीलामी का विवरण | धरोहर धनराशि | नीलामी की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम जंगल जोगीठेर के खसरा नं0 91 में स्थित तालाब/झील में सिंघाडा डालने व मछली पकडने की नीलामी। | 5000.00 | स्वीकृति की तिथि से 30.06.2026 तक |
| 2. | नानकसागर बांध के अन्तर्गत घास-फूस, खडिया, चमडा, टाटर आदि की नीलामी। | 2000.00 | स्वीकृति की तिथि से 30.06.2026 तक |

नोटः- निर्धारित तिथि को किसी भी कारणवश अवकाश आदि होने की दशा में नीलामी अगले कार्य दिवस में सम्पन्न की जायेगी।

UP - 234601 **दिनांक:** 05/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

सहायक अभियन्ता द्वितीय
सिंचाई खण्ड बरेली
नानकसागर ऊधमसिंहनगर



BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


# चारों ओर फैला मिलावट का जाल, न मावा शुद्ध न ही दूध

**खाद्य सुरक्षा दिवस पर विशेष**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- हजारों मिलावटखोर सक्रिय लेकिन कागजों में रुकावट का शोर
- लगातार सैंपल हो रहे फेल और मिल रहे अधोमानक

**अमृत विचार :** स्वस्थ जीवन के लिए सबसे अधिक जरूरी आहार है। डॉक्टर भी परामर्श में पोषण आहार जैसे दूध, दही, दाल और हरी सब्जियों समेत अन्य खाद्य पदार्थों के सेवन की सलाह देते हैं, लेकिन हम सुबह से लेकर रात तक जिन भी खाद्य पदार्थों का सेवन कर रहे हैं, इनके शुद्ध होने की गारंटी नहीं है, ऐसा हम नहीं, बल्कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की बीते कई सालों में जारी रिपोर्ट बयां कर रही है।

दरअसल, बीते साल शहर से लेकर देहात तक 3 हजार से अधिक प्रतिष्ठानों और दुकानों पर विभागीय टीमों ने छापेमारी की। रिपोर्ट आने पर बड़ी संख्या में सैंपल फेल हुए हैं। सैंपल फेल होने वाले पदार्थों में दूध, मावा, पनीर, मसाले समेत अन्य खाद्य पदार्थ शामिल हैं।

> शासन के निर्देश पर मिलावटखोरों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है, अनियमितता मिलने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जा रही है। जल्द मंडलीय खाद्य प्रयोगशाला आरंभ होगी, जिससे मिलावटखोरी पर काफी हद तक अंकुश लग सकेगा। - **अक्षय गोयल, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी**

### टीमों ने 3577 दुकानों पर की थी छापेमारी

विभागीय अधिकारियों के अनुसार वर्ष 2024 में एफएसडीए की टीम ने कुल 3577 दुकानों पर छापेमारी कर 1382 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए थे। जांच में 537 नमूने फेल हो गए थे। खास बात ये है कि जो नमूने फेल हुए हैं, इनमें रोजमर्रा में सेवन करने वाले खाद्य पदार्थ शामिल हैं, जैसे नमकीन, दूध से निर्मित पदार्थ, तेल, मसाले, आईसक्रीम आदि। हैरत की बात ये है कि इनमें 111 ऐसे खाद्य पदार्थ शामिल हैं, जो असुरक्षित हैं यानी सेहत के लिए घातक हैं। जांच में 352 नमूने अधोमानक पाए गए हैं।

### त्योहार पर मचता है शोर, फिर शांत

होली, दिवाली समेत अन्य त्योहार के निकट आते ही एफएसडीए की टीमें धरातल पर नजर आती हैं। 7 से 10 दिनों तक व्यापक रूप से अभियान चलाया जाता है, लेकिन इसके बाद सब शांत हो जाता है, हालांकि मिलावट संबंधी शिकायत मिलने के बाद ही विभाग की टीमें मौके पर नजर आती हैं।

### आज जागरूकता कार्यक्रम कर होगी इतिश्री

आज यानि शनिवार को खाद्य सुरक्षा दिवस के तहत एफएसडीए की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा इस दौरान अधिकारी मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के साथ ही लोगों को मिलावटी खाद्य पदार्थों की पहचान कर सेवन न करने पर जागरूक भी करेंगे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत खेड़ा जलालपुर पुख्ता विकास खण्ड उसावाँ**

पत्रांक : 36  दिनांक : 06.06.2025

ग्राम पंचायत खेड़ा जलालपुर पुख्ता विकास खण्ड उसावाँ (बदायूँ) में राज्य वित्त/15वें वित्त आयोग (टाइड/अनटाइड) के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में उपलब्ध धनराशि एवं धन आने की प्रत्याशा में निम्नानुसार प्रस्तावित/स्वीकृत निर्माण कार्य हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री (ईट, इण्टरलॉक, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, सरिया, टाईल, बजरफुट, सेनेटरी आईटम, हैण्डपम्प का मटेरियल आदि) निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 06.06.2025 से दिनांक 12.06.2025 दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स में सीलबन्द लिफाफे में जमा करें, तथा दिनांक 12.06.2025 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन को सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप पायी जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | साइज | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 01 | शिम्भू नगला में भूरे सक्सेना के घर से गिरीश मिस्त्री के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 90 मी. | 352919.00 |
| 02 | गढिया चौरा में गेन्दू के घर से तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | 75 मी. | 298830.00 |
| 03 | शिम्भु नगला में राजेन्द्र शाक्य के घर से आशाराम के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 90 मी. | 365904.00 |
| 04 | शिम्भु नगला में मोहकम शाक्य के घर से शिवलाल भगत के घर तक नाला कार्य। | 90 मी. | 365028.00 |
| 05 | बंगस नगला में जसवीर के घर से तालाब तक नाली/पुलिया निर्माण कार्य। | | 94940.00 |
| 06 | खेड़ा जलालपुर पुख्ता में हनीफ के घर से सी.सी. रोड तक इन्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 87 मी. | 367433.00 |
| 07 | शिम्भु नगला में अहिवरन की बैठक से मैकू के घर तक इन्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 81 मी. | 266443.00 |

सचिव
अलख निरन्जन

प्रधान
श्री ध्यानपाल सिंह

## एक नजर

### 14 राजकीय मेडिकल कॉलेजों में स्थापित होंगे अग्निशमन संयंत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** कानुपर में जेके कैंसर समेत प्रदेश के सभी राजकीय मेडिकल कॉलेजों अग्निशम संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए राज्य सरकार ने 33 लाख प्रति संस्थान के आधार पर 14 कॉलेजों के लिए चार करोड़ 64 लाख 70 हजार किए हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव मनोज कुमार सिंह ने बजट करते हुए स्पष्ट किया है कि राजकीय मेडिकल कॉलेजों में बदायूं मेडिकल कॉलेज शामिल नहीं है। बजट पाने वालों में आगरा मेडिकल कॉलेज को 32.96, कानुपर को 33.49, प्रयागराज, को 33.50 करोड़, मेरठ में 335 करोड़, इसी प्रकार बांदा को मिले 33.50, जालौन, हृदय रोग संस्थान कानपुर को 31 लाख, इतना ही नहीं जेके कैंसर इंस्टीट्यूट को भी 31 लाख दिए गए हैं। इस बजट से फायर फाइटिंग सिस्टम एवं इलेक्ट्रिकल सेफ्टी के उपकरणों का क्रय किया जाएगा।

### मेजर ध्यानचंद हिल का होगा पर्यटन विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र.पर्यटन विभाग द्वारा झांसी स्थित मेजर ध्यानचंद हिल का पर्यटन विकास होगा। यहां पर्यटकों की सुविधाएं विकसित करने के लिए राज्य सरकार ने 2.16 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य प्रारंभ किए गए हैं। इस परियोजना से न केवल मेजर ध्यानचंद की विरासत को सम्मान मिलेगा, बल्कि झांसी प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा झांसी में हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के श्रद्धांजलि स्वरूप पर्यटन विकास कार्य किया जा रहा है। पर्यटन स्थल पर बैठने की सुविधा, पेयजल की व्यवस्था, छायादार स्थान सहित अन्य पर्यटन अनुकूल सुविधाएं विकसित की जाएंगी। मालूम हो कि मेजर ध्यानचंद का बाल्यकाल और शेष जीवन झांसी में ही बीता, जिससे यह शहर उनके जीवन के महत्वपूर्ण पलों से जुड़ा रहा है।

# मानचित्र स्वीकृति के तीन माह के भीतर कराना होगा पंजीकरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रियल एस्टेट परियोजनाओं की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

**अमृत विचार :** सभी विकास प्राधिकरणों को अब रियल एस्टेट परियोजनाओं के स्वीकृत किए जाने वाले सभी मानचित्रों की एक प्रति रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) को अनिवार्य रूप से भेजनी होगी। इससे रेरा परियोजनाओं के पंजीकरण की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से ट्रैक कर सकेगा और परियोजनाओं की गुणवत्ता व समयबद्धता को सुनिश्चित किया जा सकेगा।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने यह भी निर्देश दिए हैं कि मानचित्र स्वीकृति पत्र (सैंक्शन लेटर) में यह उल्लेख किया जाए कि डेवलपर को तीन माह के भीतर परियोजना को रेरा में पंजीकृत करवाकर प्राधिकरण को सूचित करना होगा। उन्होंने कहा कि एग्रीमेंट फॉर सेल को पंजीकृत करने और रजिस्ट्री की व्यवस्था को ऑनलाइन होनी चाहिये। साथ ही, फ्लैट की सेल डीड में रेरा पंजीकरण संख्या को अंकित करना अनिवार्य किया जाए, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को लंबित आवासीय, व्यावसायिक एवं औद्योगिक परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए एक बैठक आयोजित की गई।

# पछुआ हवा फिर से बढ़ाएगी गर्मी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के कई इलाकों में मानसून से पहले हुई बारिश से भले राहत मिली हो, लेकिन अब मौसम फिर पलटने वाला है। ऐसे में अब गर्मी सताएगी। मौसम विभाग के अनुसार, कुछ दिनों के लिए गर्म पछुआ हवा के चलने से गर्मी बढ़ेगी। इससे अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस और बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने हीटवेव का अलर्ट भी जारी किया है। अगले तीन-चार दिनों में कई इलाकों में दिन का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इस दौरान कुछ इलाकों में लू चलने की चेतावनी भी जारी की गई है। मौसम विभाग ने 12 जून तक मॉनसून आने का अनुमान जताया है।

# हर समस्या पर होगी प्रभावी कार्रवाई : मुख्यमंत्री

## जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं, अपराधियों व भू-माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में अपराधियों व भूमाफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। लोगों को आश्वस्त किया कि हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई होगी।

जनता दर्शन के दौरान योगी करीब 200 लोगों से मिले। अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। समस्या से जुड़ी शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों व भूमाफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा यदि कोई दबंग, माफिया किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। गरीबों को उजाड़ने वाले कतई न बख्शे जाएं। इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए लोगों को भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा।

# 8.39 लाख किसानों ने लिया विकसित कृषि का संकल्प

## अभियान की सफलता के लिए प्रदेश सरकार ने दी 410 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृति

राजय ब्यूरो, लखनऊ

- कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख के साथ की जानकारी साझा की



लोक भवन में विकसित कृषि संकल्प अभियान के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख। अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रदेश में 8.39 लाख किसानों ने विकसित कृषि का संकल्प लिया है। राज्य सरकार ने इस अभियान के सफलता के लिए 410 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृति दी है। दरअसल, विकसित कृषि संकल्प अभियान को केंद्र सरकार ने किसानों की प्रगति के लिए शुरू किया है। इस विशेष अभियान में किसानों को खरीफ फसलों के लिए नवीनतम कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, आधुनिक खेती के तौर-तरीकों तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख के साथ शुक्रवार को लोक भवन, लखनऊ स्थित मीडिया सेन्टर में विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 (29 मई से 12 जून) को लेकर तमाम जानकारियां पत्रकारों से साझा कीं। उन्होंने कहा कि यह अभियान एक देश, एक कृषि, एक टीम के संकल्प के साथ प्रदेश के किसानों को नवीनतम वैज्ञानिक तकनीकों और उन्नत किस्मों की जानकारी देकर उनकी आय बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। कृषि मंत्री ने बताया कि अभियान में प्रदेश के सभी 75 जिलों में 10,125 स्थानों पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों, कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों के साथ ही राज्य सरकार के कृषि, उद्यान, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य, रेशम एवं जलशक्ति विभाग के अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। इन स्थलों पर वैज्ञानिक-कृषक संवाद और प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे अब तक कुल 4,959 स्थलों पर 8,39,617 कृषक लाभान्वित हो चुके हैं, जिनमें 6,48,449 पुरुष एवं 1,91,168 महिलाएं शामिल हैं।कृषि मंत्री ने बताया कि अब तक 550 वैज्ञानिकों एवं विषय वस्तु विशेषज्ञों द्वारा कृषकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

अभियान के तहत किसानों को समय से खरीफ फसलों की बुवाई के लिए प्रेरित करने तथा वैज्ञानिक तरीके से खेती को बढ़ावा देने के लिए 5 जून को कृषि मंत्री द्वारा कुल 41067.12 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के लिए 16290.00 लाख रुपये, फूड एवं न्यूट्रिशन सिक्योरिटी के लिए 10276.92 लाख रुपये तथा कृषोन्नति योजना के अंतर्गत 14500.20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

# ललितपुर के जेल अधीक्षक निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूर्व सांसद रिजवान जहीर को जेल में सुविधाएं देने के मामले में कार्रवाई

**अमृत विचार :** पूर्व सांसद रिजवान जहीर को ललितपुर जेल में सुविधाएं मुहैया कराने के प्रकरण में शुक्रवार को जेल अधीक्षक मुकेश कुमार को भी निलंबित कर दिया गया है। इससे पहले बुधवार को रिजवान के बैरक से आपत्तिजनक बस्तुएं बरामद होने के बाद डिप्टी जेलर जय नारायण भारती को निलंबित कर दिया गया था। जेल अधीक्षक मुकेश कुमार के खिलाफ विभागीय जांच के लिए शासन को संस्तुति की गई है, जबकि जेलर जीवन सिंह पर भी विभागीय कार्रवाई चल रही है।

पहले भी दो प्रधान बंदी रक्षक राजेन्द्र प्रसाद, वीरेन्द्र शाह और बंदी रक्षक रजनेश यादव को निलम्बित किया गया था। 31 मई को डीआईजी और मंडलायुक्त के छापे में रिजवान जहीर को नियम के विरुद्ध सुविधाएं देने का खुलासा हुआ था। इसके बाद ही कानपुर रेंज के डीआईजी जेल को इसकी जांच सौंपी गई थी। जांच में सामने आया था कि जेलकर्मियों की मिलीभगत से रिजवान जहीर को कई सुविधाएं दी जा रही थीं। उनकी बैरक में कई वस्तुएं मिली थीं, जो जेल मैनुअल के अनुसार बैरक में बंदियों को नहीं दी जा सकती है। डीआईजी जेल की छानबीन जारी है।




निर्वाचन के बाद आईआईए के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल को माला पहनाकर बधाई देते कार्यकारिणी के सदस्य।

# दिनेश गोयल बने आईआईए के अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बरेली के उद्योगपति दिनेश गोयल वर्ष 2025-2026 के लिए इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए। चुनाव अधिकारी एसबी जाखोटिया ने परिणामों की घोषणा की। दिनेश 1 जुलाई से कार्यभार संभालेंगे।

वर्ष 1963 में नई दिल्ली में जन्मे दिनेश गोयल चार्टेड अकाउंटेंट हैं। वह मेसर्स रामा श्यामा पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड बरेली के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक व वैल्यूमेट पैक-एन-प्रिंट के निदेशक हैं। वह इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के महासचिव और वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। वर्तमान में वह इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग जनरल बॉडी के सदस्य, फारेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट में रिसर्च एनालैसिस ग्रुप देहरादून के सदस्य और रोहिलखंड इनक्यूबेशन फाउंडेशन एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय के मुख्य सलाहकार हैं। उन्हें बरेली के गौरव के रूप में भी सम्मानित किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद गोयल ने कहा कि उनकी प्राथमिकता वैश्विक प्रतिस्पर्धी माहौल में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को बढ़ावा देना है।

# पूर्व अग्निवीरों को 20 फीसदी आरक्षण का शासनादेश जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने पुलिस भर्ती में पूर्व अग्निवीर सैनिकों को 20 फीसदी आरक्षण देने का शासनादेश जारी कर दिया है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि उप्र. पुलिस में सिपाही, पीएसी, फायरमैन और घुड़सवार के पदों पर सीधी भर्ती में पूर्व सैनिकों की तरह अग्निवीर के रूप में की गई सेवा अवधि को घटाते हुए अधिकतम आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। साथ ही 20 प्रतिशत पदों पर क्षैतिज आरक्षण दिया जाएगा।

गृह विभाग से जारी आदेश के अनुसार अग्निवीर जिस श्रेणी का होगा, उसे उसी श्रेणी में समायोजित किया जाएगा। इसका खास ध्यान रखा जाएगा कि आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से आगे न बढ़े। दरअसल, 2026 के बाद के सेवा से बाहर आने वाले पूर्व अग्निवीरों को ही पुलिस में भर्ती होने पर आरक्षण प्रदान किया जाना है।

# शिकायतों के लिए गांवों में लगेंगी चौपाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गोंडा में शुरू की गई अनूठी पहल को पूरे प्रदेश में लागू करने की तैयारी
- डीएम से लेकर बीडीओ तक फील्ड में जाकर सुन रहे हैं समस्याएं

**अमृत विचार :** गोंडा जिला प्रशासन की अनूठी पहल पूरे प्रदेश में लागू करने की तैयारी है। इसके तहत ग्रामीण समस्याओं के स्थलीय समाधान के लिए ग्राम चौपाल लगेगी। ग्राम चौपाल के माध्यम से डीएम की अगुवाई में अधिकारी गांव पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे। मौके पर ही समस्याओं का समाधान होगा।

प्रशासन गांव की चौखट पर के मूलमंत्र के साथ यह कार्यक्रम गोंडा में 3 जून से शुरू हुआ है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने उन गांवों की पहचान की, जहां से बार-बार और सर्वाधिक शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इस वैज्ञानिक विश्लेषण के आधार पर ऐसे 40 ग्राम पंचायतों को चिन्हित किया गया, जो प्रशासनिक दृष्टि से अधिक संवेदनशील और शिकायत बहुल मानी गईं।

आईजीआरएस, समाधान दिवस, जनता दर्शन जैसे माध्यमों से प्राप्त बार-बार की शिकायतों को प्राथमिकता में लेते हुए चिन्हित गांवों में अफसरों की पूरी टीम के साथ समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शुरुआत के दिन पथवलिया, पिपरा पदुम, उमरा, पुरैनिया और दत्तनगर विशेन जैसे गांवों में डीएम खुद पहुंचीं। मौके पर ही समाधान सुनिश्चित कराया गया।

### ग्राम चौपाल क्यों है खास

- जन-जन तक शासन की पहुंच
- फील्ड में समाधान, कागजों में नहीं
- शासन-प्रशासन की जवाबदेही तय
- सक्रिय जन सहभागिता से पारदर्शिता
- शिकायत की केस-टू-केस समीक्षा

# पुलिस विभाग में महिलाकर्मियों की संख्या में होगी बढ़ोतरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश पुलिस में महिलाकर्मियों की संख्या में भी बढ़ोतरी होने वाली है। ऐसे में महिला पुलिसकर्मियों की संख्या लगभग 55 हजार हो जाएगी। दरअसल, निकट भविष्य में 24 हजार पदों पर होने वाली भर्ती में भी लगभग 3800 महिलाओं को खाकी पहनने का मौका मिलने जा रहा है।

इस क्रम में पीएसी की तीन नई महिला वाहिनियों में 2388 पद भरे जाने हैं, जबकि नागरिक पुलिस में भी सिपाही और उपनिरीक्षक के 20 प्रतिशत पदों पर महिलाओं को भर्ती होने का मौका मिलने वाला है। प्रदेश पुलिस में वर्तमान में लगभग 37 हजार महिलाएं हैं। इसमें से 35 हजार नागरिक पुलिस में हैं। सिपाही नागरिक पुलिस की भर्ती में भी बीते दिनों 12 हजार महिलाएं शामिल हुई हैं।

# जाति देखकर लिए जा रहे फैसले : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा प्रमुख ने अब्बास अंसारी की विधायकी रद होने को बताया राजनीतिक साजिश



प्रेस वार्ता करते अखिलेश यादव।

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अब्बास अंसारी की विधायकी रद होने को 'राजनीतिक साज़िश' बताया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में फैसले न्याय नहीं, बल्कि जाति देखकर लिए जा रहे हैं। अब्बास अंसारी की सदस्यता जानबूझकर रद की गई है। आरोप है कि सत्ता में बैठे कुछ लोग पद का इस्तेमाल कर निर्णय करवा रहे हैं। सपा से डीएनए मांगने वालों की सदस्यता क्यों नहीं जाती है, भाजपा सरकार में फैसले जाति-धर्म के आधार पर हो रहे हैं।

सपा प्रमुख शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस संबोधित रहे थे। इस दौरान उन्होंने हाल ही में हुई कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति को लेकर कहा कि डीजीपी तो अच्छे दिखते हैं, लेकिन उन्हें उस सिस्टम से बाहर कैसे निकाला जाएगा, जो पहले से बिछाया गया है। हालात ये हैं कि यूपी में पुलिस ही पुलिस पर एफआईआर दर्ज करा रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो गया है। पुलिस प्रशासन से राजनीतिक दबाव में काम कराया जा रहा है। उसे भ्रष्ट कर दिया गया है।

## वर्ग पहेली- 454

**बाएं से दाएं**

4.1. नीली कुईं, कोका, इंदीवर 2. पृथ्वी, भूमंडल।

5.1. घुल-मिल जाना 2. पूर्ण होना 3. मिलना।

7.1. व्यक्ति

**ऊपर से नीचे**


1. शौच कराना, किसी अन्य को मल त्याग कराना।

2.1. तुलना के योग्य 2. जिससे तुलना की जा सकती हो।

3.1. देखने में सुंदर और भला लगने वाला 2. सुंदर, ख़ूबसूरत 3. मनोरम 4. प्रियदर्शन।

4.1. किसी विश्वविद्यालय का प्रधान अधिकारी, (वाइस चांसलर) 2. पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंतर्गत किसी कुल या परिवार का स्वामी, मुखिया 3. प्राचीन काल में गुरुकुल का प्रधान अधिकारी जो छात्रों की शिक्षा और भोजन आदि की व्यवस्था करता था।

6. जानवरों को होने वाला एक रोग।




### वर्ग पहेली -453 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 कि | | | | | |
| र | | 2 छि | 3 गु | नी | |
| कि | | | ज | | |
| री | | 4 अ | रा | ड़ | |
| | 5 जृं | भि | त | | 6 म |
| 7 यू | | ग | | | ह |
| रो | | 8 म | ज़ | कू | री |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 जून, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- द्वादशी पूर्णरात्रि तक।

**मेष :** आज नए व्यवसाय को लेकर योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। आपकी दिनचर्या काफी व्यस्त रहने वाली है। अधिकारियों से संबंध मजबूत होंगे। विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा में आ रही बाधा दूर होगी।

**वृष :** आज सेहत को लेकर आप काफी जागरूक रहेंगे। कार्यक्षेत्र में सब आपके पक्ष में ही होता दिख रहा है। बेवजह सोशल मीडिया पर लोगों से संपर्क न रखें। अनावश्यक बातों में समय व्यर्थ हो सकता है। उधार दिया हुआ धन प्राप्त हो सकता है।

**मिथुन :** आज परिवार को लेकर चिंता दूर होगी। साझेदारी वाले प्रोजेक्ट्स में लाभ प्राप्त होगा। जीवनसाथी से कोई उपहार प्राप्त हो सकता है। विद्यार्थी नए स्टार्टअप और करियर को लेकर गंभीर रहेंगे। भावनाओं में आकर कोई व्यावसायिक निर्णय न लें।

**कर्क :** आज दिन की शुरुआत में कुछ तनाव हो सकता है। व्यावसायिक अनुबंध प्रभावित हो सकते हैं। संपत्ति विवाद के मामले उलझ सकते हैं। डायबिटीज के रोगियों को अपनी सेहत और खानपान को लेकर सावधान रहना चाहिए। आपको छोटी-छोटी बातों पर क्रोध आ सकता है।

**सिंह :** आज दिन सकारात्मक रहने वाला है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करेंगे। संतान के करियर को लेकर समस्या दूर होगी। जीवनसाथी से सलाह लेकर काम करें। भाई-बहनों से संबंध अत्यंत मधुर रहेंगे।

**कन्या :** आज दूसरों पर अपने विचारों को लादने से बचें। घर का वातावरण काफी अच्छा रहेगा। लेखन कार्यों से जुड़े लोगों के मन में रचनात्मक विचार जन्म ले सकते हैं। परिवार के साथ घूमने की योजना बनायेंगे। पैरों में अकड़न की समस्या हो सकती है। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें।

**तुला :** आज नए कारोबारी अनुबंध होंगे जो आपके लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होंगे। कार्यक्षेत्र में बड़े अधिकारियों का सहयोग आपको मिलेगा। आज काफी रोमान्टिक समय बितायेंगे। आपके कार्य व्यवहार की प्रशंसा होगी। आय के नये स्रोत बन सकते हैं।

**वृश्चिक :** आज आपके बने बनाए काम बिगड़ सकते हैं। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार नम्र रखें। कारोबार में अस्थिरता हो सकती है। शान्तिपूर्वक मामलों को सुलझाने का प्रयास करें। ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान अधिक धन खर्च हो सकता है।


**धनु :** आज मित्रों से आपके सम्बन्ध मधुर रहेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर तनाव दूर होगा। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त कर लेंगे। उच्च अधिकारियों से आपको शाबाशी मिल सकती है। परिवार में मांगलिक आयोजन की योजना बन सकती है। सभी कार्यों में प्रगति होगी।

**मकर :** आज नौकरीपेशा लोगों को विदेशी संस्थान से जॉब के ऑफर मिल सकते हैं। लम्बित कार्यों को पूरा करने में अतिरिक्त धन खर्च हो सकता है। भोग-विलास में आप अत्यन्त रुचि ले सकते हैं। आप लोगों की समस्याओं को दूर करने को लेकर भी काफी सक्रिय रहेंगे।

**कुंभ :** आज परिवार में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कमीशन से जुड़े कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा। सामाजिक और धार्मिक कार्यों में धन खर्च करेंगे। कार्यक्षेत्र में शानदार परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों की आय बढ़ सकती है। आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा।

**मीन :** आज नया कार्य शुरू करने में जल्दबाजी न करें। बीमारियों पर धन खर्च होगा। कार्यक्षेत्र में किसी सहकर्मी के कारण मूड खराब हो सकता है। कारोबारी गतिविधियों में परिश्रम के उपरान्त भी सफलता इच्छानुसार नहीं मिलेगी। आपको पर्याप्त मात्रा में आराम करना चाहिए।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल- भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- चित्रा 09.40 तक तत्पश्चात स्वाती।

## सुडोकू -1

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 2 | 3 | | |
| 9 | | 7 | | | 1 | | | 8 |
| | 8 | | | | | 9 | 4 | |
| 5 | | 1 | | 7 | | | 3 | |
| | 4 | | 3 | | 6 | | 8 | |
| | 2 | | | 4 | | 7 | | 6 |
| | 9 | 6 | | | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | | 2 | | 5 |
| | | 2 | 8 | | | | | 3 |

### सुडोकू - 177 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 | 6 | 1 |
| 7 | 3 | 5 | 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 7 | 9 |
| 4 | 7 | 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 5 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 6 | 9 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 5 |
| 6 | 1 | 2 | 4 | 5 | 9 | 7 | 3 | 8 |

## एक नजर

### फोनपे ने जीएसपे आईपी का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन भुगतान मंच फोनपे ने नए फीचर फोन में एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) पर आधारित भुगतान सेवा लाने के लिए जीएसपे के आईपी का अधिग्रहण किया है। जीएसपे बातचीत के मंच 'गपशप' की प्रौद्योगिकी इकाई है। फोनपे ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वह अगली कुछ तिमाहियों में भारत में नए फीचर फोन के लिए अपना यूपीआई भुगतान ऐप लाने की योजना बना रही है।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 1.24 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 30 मई को समाप्त सप्ताह में 1.23 अरब डॉलर घटकर 691.49 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को विदेशी मुद्रा भंडार के नवीनतम आंकड़े जारी किए। पिछले सप्ताह कुल भंडार 6.99 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 692.72 अरब डॉलर हो गया था। विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

# रेपो दर में कटौती से गति पकड़ेगी आर्थिक वृद्धि

## विशेषज्ञों ने कहा- 0.5 प्रतिशत की कटौती उम्मीद से भी ज्यादा, कर्ज वृद्धि को मिलेगा बढ़ावा

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय बैंकिंग जगत ने शुक्रवार को रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चरणबद्ध कटौती की रिजर्व बैंक की घोषणा का शुक्रवार को स्वागत करते हुए कहा कि इन मौद्रिक उपायों से ऋण वृद्धि में तेजी आएगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रेपो दर को 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत पर लाने और सीआरआर में एक प्रतिशत कटौती करने की घोषणा की।

सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा कि आरबीआई का यह नीतिगत कदम 'सक्रिय, अभिनव, लीक से हटकर और अप्रत्याशित' था। भारतीय बैंक संघ के भी प्रमुख शेट्टी ने कहा



- दिग्गज बैंकरों ने कहा- भारतीय रिजर्व बैंक का यह अप्रत्याशित कदम स्वागत योग्य

कि मौद्रिक नीति समिति ने वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण वृद्धि में संभावित मंदी से जुड़ी सभी चिंताओं पर 'व्यापक रूप से विचार' किया है। शेट्टी ने कहा, यह नीति निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों, विशेषकर बैंकिंग और वित्त के लिए सकारात्मक है। विशेष रूप से उधार लेने की कम लागत किसी भी अनिश्चितता के लिए एक संतुलनकारी कारक के रूप में कार्य करेगी।

पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंध निदेशक अशोक चंद्र ने कहा कि आरबीआई के नीतिगत कदम मूल्य और वित्तीय स्थिरता बनाए रखते हुए वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा, मुद्रास्फीति में कमी आने और व्यापक आर्थिक संकेतकों में मजबूती दिखाने के साथ, यह नीतिगत कदम ऋण उठाव को समर्थन देगा, निवेशक भावना को बढ़ावा देगा।

इंडियन ओवरसीज बैंक के एमडी एवं सीईओ अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा, रेपो दर को 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.50 प्रतिशत करने और सीआरआर को चार चरणों में एक प्रतिशत कम करने का निर्णय एक मजबूत तथा समय पर नीतिगत बदलाव को दर्शाता है जो मूल्य स्थिरता के साथ वृद्धि को संतुलित करने के अनुरूप है।

### रेपो दर में आगे और कटौती की गुंजाइश काफी कम

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि नीतिगत दर रेपो में 0.50 प्रतिशत कटौती की घोषणा के बाद इसमें आगे और कमी करने की बहुत कम गुंजाइश दिख रही है। मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद संवाददाताओं से कहा कि भविष्य की मौद्रिक नीति कार्रवाई आने वाले आंकड़ों पर निर्भर करेगी। उन्होंने कहा, वृद्धि का अनुमान लगभग 6.5 प्रतिशत है और हम मुद्रास्फीति के इस साल 3.7 प्रतिशत और अगले वर्ष के लिए चार प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान लगा रहे हैं। यदि ये सब होता है, तो फिर दर में कटौती की बहुत सीमित गुंजाइश है। उन्होंने कहा, हम आने वाले आंकड़ों पर नजर रखना जारी रखेंगे और मुख्य रूप से वही कदम उठाएंगे जो आंकड़े हमें सुझाएंगे।

### सेंसेक्स 747 अंक उछला निफ्टी 25,000 के पार

**मुंबई।** आरबीआई की घोषणा के बाद शेयर बाजार उछल गए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक 746.95 अंक यानी 0.92 प्रतिशत उछलकर 82,188.99 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी फिर 25,000 के स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में यह 252.15 अंक यानी 1.02 प्रतिशत चढ़कर 25,003.05 अंक पर बंद हुआ।

### पीएनबी ने ब्याज दर घटाई

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती के कुछ घंटे बाद पंजाब नेशनल बैंक ने ऋण दर में 0.50 प्रतिशत की कमी की घोषणा की। इससे बैंक के मौजूदा और नए उधारकर्ताओं को राहत मिलेगी।

# यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री मई में तीन प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण कई राज्यों में ग्राहकों के खरीदारी में देरी करने तथा छोटी कारों की मांग में नरमी आने से मई में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार तीन प्रतिशत की गिरावट आई। वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने यह जानकारी दी।

वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, पिछले महीने यात्री वाहनों का पंजीकरण 3,02,214 इकाई रहा, जबकि मई 2024 में यह 3,11,908 इकाई रहा था। इसमें कहा गया, छोटी कारों की मांग सबसे अधिक प्रभावित हुई है। सीमित वित्तपोषण और कमजोर उपभोक्ता भावना इसकी मुख्य वजह रही।

जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान



- मांग में नरमी आने का असर छोटी कारों की मांग सबसे ज्यादा हुई प्रभावित

और गुजरात में युद्ध संबंधी चिंताएं एवं सीमा पर तनाव बढ़ने से ग्राहकों ने खरीदारी में देरी की। हालांकि, बुकिंग काफी अच्छी रही, लेकिन स्थगित निर्णयों के कारण खुदरा बिक्री में कमी आई। वाहन डीलरों के संगठन के अनुसार, मई में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 16,52,637 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 15,40,077 इकाई थी। वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री मई में चार प्रतिशत घटकर 75,615 इकाई रह गई।

# व्यापार वार्ता के लिए पहुंचा अमेरिकी दल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौता सीमा शुल्क को कम कर, व्यापार बाधाओं को घटाकर और आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण में सुधार कर वस्तुओं के लिए अधिक बाजार पहुंच प्रदान करेगा।

एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि दोनों देशों की टीमों के बीच चल रही बातचीत का उद्देश्य बीटीए (द्विपक्षीय व्यापार समझौते) के प्रारंभिक चरण को शीघ्र और पारस्परिक रूप से लाभकारी निष्कर्ष तक पहुंचाना है। बीटीए के लिए चल रही वार्ता के तहत अमेरिका के



- 10 जून तक रहेगा भारत में, वार्ता को निष्कर्ष तक पहुंचाने का उद्देश्य

अतिरिक्त व्यापार प्रतिनिधि नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल चार से 10 जून तक भारत की यात्रा पर है।

अधिकारी ने कहा, दोनों देश अधिक बाजार पहुंच को सुविधाजनक बनाने, शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने और आपूर्ति श्रृंखला मजबूती और एकीकरण को बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से केंद्रित चर्चाओं में लगे हुए हैं। दोनों पक्ष प्रस्तावित बीटीए के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा में लगे हुए हैं।

दोनों देशों ने 13 फरवरी, 2025 को 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना से अधिक बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करने पर सहमति व्यक्त की थी। इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए भारत और अमेरिका ने 2025 की शरद ऋतु तक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पहली किस्त पर बातचीत करने की योजना की घोषणा की।

## एनटीपीसी समूह की स्थापित क्षमता 80,265 मेगावाट पहुंची

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी की अनुषंगी की अनुषंगी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी ने 1,255 मेगावाट की खावड़ा सौर परियोजना से 110.25 मेगावाट की वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू कर दी है। इसके साथ एनटीपीसी समूह की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 80,265 मेगावाट हो गई है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी की पूर्ण अनुषंगी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड की 1,255 मेगावाट की खावड़ा-I सौर पीवी परियोजना के पहले चरण के तहत 110.25 मेगावाट की क्षमता छह जून को रात 12 बजे बजे वाणिज्यिक रूप से परिचालन में आ गयी। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी एनटीपीसी लि. की एक अनुषंगी कंपनी है। इसके साथ ही एनटीपीसी समूह की कुल स्थापित और वाणिज्यिक क्षमता 80,265 मेगावाट हो गई है।

# कश्मीर में रेल सेवा से जम्मू के व्यापारी बेचैन

**कटरा, एजेंसी**

कश्मीर घाटी में रेल संपर्क शुरू होने से जहां एक ओर लोग खुशी मना रहे हैं, वहीं पड़ोसी जम्मू के व्यापारी थोड़े चिंतित हैं। उन्हें डर सताने लगा है कि यात्री सीधे कश्मीर चले जाएंगे, जिससे उनका व्यापार प्रभावित होगा। इसी कारण कटरा जिले के व्यापारी संगठनों ने सरकार से इस आर्थिक प्रभाव पर विचार करने और इससे निपटने का आग्रह किया है।

जम्मू ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नीरज आनंद ने रेल सेवा की शुरुआत पर कहा, हम इस ऐतिहासिक कदम के लिए प्रधानमंत्री को बधाई देते हैं। यह कश्मीर को हर मौसम में संपर्क प्रदान करेगा। लेकिन इसका जम्मू के




- यात्रियों के सीधे कश्मीर चले जाने से अपना व्यापार प्रभावित होने का डर
- सरकार से जम्मू के व्यापार की रक्षा के लिए किया नीति बनाने का आग्रह

व्यापार पर अनिवार्य रूप से असर पड़ेगा। सरकार को इस पहलू पर गौर करना चाहिए।

व्यवसायी सुदर्शन सिंह ने जम्मू के व्यापार और आजीविका की रक्षा के लिए एक नीति बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, यह सिर्फ वाणिज्य के बारे में नहीं है। यह पर्यटन, यात्रा और जम्मू में लोगों के रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित करेगा। हम सरकार से आग्रह करते हैं कि वह स्थानीय हितों की रक्षा के लिए सक्रिय कदम उठाएं।

जम्मू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने इसके लिए सरकार की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, मैं यह सपना पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं, क्योंकि एक ट्रेन अब कश्मीर तक पहुंचने में सक्षम है। घाटी में पर्यटकों की संख्या को काफी बढ़ावा मिलने, कृषि, बागवानी, और हस्तकला उत्पादों को राष्ट्रीय बाजारों में बढ़ावा देने और सामान, कच्चे माल और यात्रियों का तेज और अधिक आवागमन सुनिश्चित होने की उम्मीद है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### मणिपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम और बिष्णुपुर जिलों से सुरक्षा बलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के घारी माखा लेईकोई क्षेत्र से बृहस्पतिवार को प्रतिबंधित यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया, जबकि प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के चार सदस्यों को जिले के ताओथोंग खुनौ और बिष्णुपुर से गिरफ्तार किया गया। बृहस्पतिवार को पीआरईपीएके (प्रो) के एक सक्रिय सदस्य को भी गिरफ्तार किया गया था।

### कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामले पांच हजार के पार

**नई दिल्ली।** देशभर में कोराना संक्रमण के 464 सक्रिय मामले बढ़ने के साथ सक्रिय मामलों की संख्या शुक्रवार सुबह बढ़कर 5364 तक पहुंच गयी। पिछले 24 घंटों में संक्रमण से चार और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 55 पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अभी तक 4724 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1266 मामले सामने आए हैं। सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं।

### पंजाब में सतर्कता विभाग के एसएसपी निलंबित

**लुधियाना।** पंजाब सरकार ने शुक्रवार को सतर्कता विभाग लुधियाना के एसएसपी जगतप्रीत सिंह को कर्तव्य के प्रति लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है। पंजाब सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक शेखर ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। सतर्कता विभाग ने लुधियाना पश्चिम सीट के उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार और पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशु को पूछताछ के लिए समन भेजा था। एसएसपी के निलंबन को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

### बीजापुर में नक्सलियों ने ट्रक को आग लगाई

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने गुरुवार देर शाम बीजापुर और गीदम के बीच नेशनल हाइवे में एक ट्रक को आग के हवाले कर इलाके में दहशत फैलाने की कोशिश की। नक्सलियों ने बीजापुर की ओर से जगदलपुर की ओर जा रहे एक ट्रक को भैरमगढ़ के पास रोककर आग के हवाले कर दिया। नक्सलियों के ट्रक में आगजनी से दोनों तरह वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

# भगदड़ के जिम्मेदारों की गिरफ्तारी शुरू

## आरसीबी और प्रबंधन कंपनी के चार अफसर गिरफ्तार, खुफिया विभाग के एडीजी हटाए गए

**बेंगलुरु, एजेंसी**

बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के मामले में कर्नाटक सरकार ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और आयोजन का प्रबंधन करने वाली कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के चार अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा प्रदेश सरकार ने खुफिया विभाग के एडीजी का ट्रांसफर कर दिया। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव गोविंदराज भी हटा दिए गए।

आईपीएल के फाइनल में आरसीबी की जीत के जश्न में भाग लेने के लिए बुधवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों के जुटने के बाद मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई



- मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव गोविंदराज को भी किया पदमुक्त

और 56 लोग घायल हो गए थे। गिरफ्तार किए गए लोगों में आरसीबी के विपणन एवं राजस्व प्रमुख निखिल सोसले, 'डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड' के सुनील मैथ्यू और किरण कुमार शामिल हैं। गिरफ्तारी के बाद उन्हें पूछताछ के लिए कब्बन पार्क पुलिस थाने लाया गया।

पुलिस ने आरसीबी, डीएनए और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के खिलाफ गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद यह कार्रवाई की।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने आरसीबी और डीएनए और केएससी के प्रतिनिधियों को तुरंत गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था।

इसके साथ कर्नाटक सरकार ने विधान परिषद सदस्य के गोविंदराज को शुक्रवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के राजनीतिक सचिव के पद से मुक्त कर दिया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक खुफिया विभाग के एडीजी हेमंत निंबालकर का भी तबादला कर दिया गया है। सिद्धरमैया ने बृहस्पतिवार को भगदड़ की घटना के सिलसिले में खुफिया विफलता की बात स्वीकार करते हुए कहा था, इस संबंध में क्या कार्रवाई की जाए, फिलहाल इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। हमने इस पर चर्चा की है। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने भगदड़ की घटना के सिलसिले में बृहस्पतिवार को बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी दयानंद और चार अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया था।

### केएससीए अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने शुक्रवार को एक अंतरिम आदेश में प्रदेश पुलिस को निर्देश दिया कि वह भगदड़ के सिलसिले में केएससीए के पदाधिकारियों के खिलाफ अगले आदेश तक कोई दंडात्मक कार्रवाई न करे। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के अध्यक्ष रघुराम भट, सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ईएस जयराम ने भगदड़ की घटना के सिलसिले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के अनुरोध के साथ हाईकोर्ट का रुख किया था। याचिका पर सुनवाई करने वाले न्यायमूर्ति एसआर कृष्ण कुमार ने केएससीए अधिकारियों को अंतरिम राहत दे दी।

### तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत नौ जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की न्यायिक हिरासत नौ जुलाई तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने यह आदेश तब पारित किया जब राणा को न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया। राणा के वकील ने उसकी सेहत को लेकर चिंता जताई थी जिस पर अदालत ने तिहाड़ प्रशासन से नौ जून तक रिपोर्ट मांगी है। राणा, 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ता और अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी है। उसे अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा चार अप्रैल को उसकी भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका खारिज किए जाने के बाद भारत लाया गया था।

# वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन के लिए शुरू किया उम्मीद पोर्टल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- रिजीजू ने कहा- वक्फ संपत्तियों का निष्पक्ष उपयोग तय करेगा पोर्टल

सरकार ने शुक्रवार को 'उम्मीद' पोर्टल की शुरुआत की, जिसमें सभी वक्फ संपत्तियों की 'जियो-टैगिंग' के बाद एक डिजिटल सूची तैयार की जाएगी। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू ने इसे ऐतिहासिक कदम बताया, जो समुदाय के स्वामित्व वाली वक्फ संपत्तियों का गरीब मुसलमानों के लिए प्रभावी और निष्पक्ष उपयोग को सुनिश्चित करेगा।

उम्मीद पोर्टल एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995 का संक्षिप्त रूप है। रीजीजू ने इस पोर्टल की शुरुआत करने के बाद कहा, उम्मीद पोर्टल भारत में वक्फ संपत्ति प्रबंधन और प्रशासन के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगा। इससे न केवल पारदर्शिता आएगी बल्कि आम मुसलमानों, खासकर महिलाओं और बच्चों को भी मदद मिलेगी।

इस पोर्टल की औपचारिक शुरूआत केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के राज्यमंत्री जॉर्ज कुरियन की मौजूदगी में की गई। इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए रीजीजू ने इस बात पर जोर दिया कि 'उम्मीद' केंद्रीय पोर्टल महज तकनीकी उन्नयन से कहीं अधिक है।

### नई शुरुआत



जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के संगलदान में वंदे भारत एक्सप्रेस में सवार सुरक्षाकर्मी। पीएम मोदी ने शुक्रवार को कटरा और श्रीनगर के बीच वंदे भारत सेवा को हरी झंडी दिखाई, जो कश्मीर घाटी और जम्मू क्षेत्र के बीच पहली रेल सेवा है। एजेंसी

## जमानत पर जेल से रिहा हुई इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली

**कोलकाता।** सांप्रदायिक टिप्पणियों वाला वीडियो साझा करने से जुड़े मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय से अंतरिम जमानत मिलने के बाद 'सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर' शर्मिष्ठा पनोली को शुक्रवार को जेल से रिहा कर दिया गया। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पनोली की अंतरिम जमानत याचिका बृहस्पतिवार को मंजूर कर ली थी। अदालत ने कहा था कि पनोली (22) के खिलाफ शिकायत में किसी संज्ञेय अपराध की बात सामने नहीं आई है। कोलकाता पुलिस ने विधि छात्रा पनोली को पिछले हफ्ते हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया था। उसके खिलाफ कोलकाता के गार्डन रीच पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद यह कदम उठाया गया था।

# कोयला घोटाला : अदालत ने पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता समेत कई को बरी किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई की एक विशेष अदालत ने कोयला घोटाला मामले में पूर्व कोयला सचिव एच सी गुप्ता, पूर्व संयुक्त सचिव (कोयला) के एस क्रोफा और तत्कालीन निदेशक के सी समारिया को शुक्रवार को बरी कर दिया।

सीबीआई अदालत ने हालांकि जेएएस इन्फ्रास्ट्रक्चर कैपिटल लिमिटेड और उसके तत्कालीन निदेशक मनोज कुमार जायसवाल को धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का दोषी ठहराया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश संजय बंसल ने झारखंड के महुगढ़ी कोयला ब्लॉक के संबंध में अपना फैसला सुनाया। इस मामले में सजा पर बहस अब आठ जुलाई को होगी। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, सीबीआई द्वारा जांचे गए कोयला ब्लॉक आवंटन मामलों में यह 19वीं दोषसिद्धि है। शुरुआत में सीबीआई ने 20 नवंबर, 2014 को मामले में अंतिम रिपोर्ट (क्लोजर) दाखिल की थी।

# मुर्शिदाबाद हिंसा: पिता-पुत्र की हत्या के मामले में 13 के खिलाफ आरोप पत्र

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल पुलिस ने मुर्शिदाबाद के जाफराबाद में अप्रैल में हुई हिंसा के दौरान पिता-पुत्र की हत्या के मामले में 13 लोगों के खिलाफ शुक्रवार को आरोप-पत्र दाखिल किया। जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टि की।

वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को लेकर जिले में हुए विरोध प्रदर्शनों के सिलसिले में धुलियान-सुती-शमशेरगंज में हुई सांप्रदायिक हिंसा के दौरान 11 अप्रैल को

- दोनों को घर का दरवाजा तोड़कर निकाला था उपद्रवियों ने बाहर

हरगोबिंदो दास (74) और उनके बेटे चंदन दास (40) की हत्या कर दी गई थी। हिंसा में तीन लोगों की मौत हुई थी और कई घायल हुए थे, सैकड़ों लोगों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा था। सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को भी बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया गया था।

अधिकारी ने कहा, हमने अपराध के 55 दिन के अंदर जिला अदालत के समक्ष आरोप-पत्र दाखिल कर दिया है और इसमें 13 लोगों के नाम हैं। बेटबोना गांव में दास परिवार के घर को निशाना बनाया गया था। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, हमलावरों ने मुख्य दरवाजा तोड़कर चंदन दास और हरगोबिंदो दास को बाहर निकाला और उनकी पीठ पर कुल्हाड़ी से वार किया। बताया जाता है कि एक व्यक्ति उनकी मौत होने तक वहीं रहा। हालांकि आरोप पत्र में नामजद लोगों और उनपर लगाई गई धाराओं का विवरण तुरंत स्पष्ट नहीं हुआ है।

## कक्षा निर्माण मामले में एसीबी के समक्ष पेश हुए सत्येंद्र जैन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार के मामले में पूछताछ के लिए शुक्रवार को भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) के समक्ष पेश हुए। जैन को दिल्ली सरकार की एसीबी ने पूछताछ के लिए बुलाया था।

एसीबी कार्यालय जाने से पहले जैन ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने दिल्ली की शिक्षा में सुधार की दिशा में काम किया, मौजूदा भाजपा नीत सरकार केवल राजनीति कर रही है। जैन ने कहा कि भाजपा प्रमुख मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। जैन ने कहा, पहले मुझे बताएं कि घोटाला शब्द कहां से आया। भाजपा काम नहीं करना चाहती और निजी स्कूलों को फीस बढ़ाने में मदद कर रही है।

उन्होंने कहा, पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने स्कूलों में बेहतरीन काम किया। उन्हें तलब किया गया। ये सब ध्यान भटकाने के हथकंडे हैं।

# मिट्टी के कणों के जरिए कोविड-19 की जांच पद्धति विकसित की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आईआईटी गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने हासिल की उल्लेखनीय उपलब्धि

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने पाया है कि मिट्टी के कण कोविड-19 का कारण बनने वाले वायरस सार्स-कोव-2 की उपस्थिति में अलग तरह से प्रतिक्रिया करते हैं। इस शोध का उपयोग उन्होंने एक सरल, वहनीय जांच विकल्प विकसित करने के लिए किया है।

शोध में पता चला है कि मिट्टी कण वायरस युक्त नमकीन-पानी के घोल में कितनी जल्दी तल पर बैठते हैं। 'एप्लाइड क्ले साइंस' पत्रिका में प्रकाशित शोध में शोधकर्ताओं ने लिखा है, वायरस की उपस्थिति से मिट्टी के कणों के बल में परिवर्तन से मिट्टी की इलेक्ट्रोलाइट प्रणाली की सेडिमेंटेशन दर बदल गई।

टीम ने कहा कि ये निष्कर्ष सार्स-कोव-2 का पता लगाने के लिए फिलहाल उपयोग की जाने वाली जटिल, महंगी विधियों की तुलना में एक सरल और वहनीय विकल्प प्रदान करते हैं। आईआईटी गुवाहाटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख लेखक टी.वी. भरत ने कहा, ''पॉलीमरेज चेन रिएक्शन (पीसीआर) जैसी मौजूदा विधियां अत्यधिक संवेदनशील हैं, लेकिन समय लेती हैं और भारी उपकरणों की आवश्यकता होती है। इसी तरह, एंटीजेन परीक्षण तेज होता है।

## खेल डायरी

### विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा पेरिस डायमंड लीग में लेंगे भाग

**नई दिल्ली :** मौजूदा भाला फेंक विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा 20 जून को स्टेड सेबेस्टियन-चार्लीटी में होने वाली पेरिस डायमंड लीग 2025 में भाग लेंगे। नीरज आठ साल बाद पेरिस डायमंड लीग में वापसी करेंगे। वर्ष 2017 में वह इस स्पर्धा में 84.67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। जर्मनी के जोहान्स वेटर ने 88.74 मीटर का थ्रो कर इस स्पर्धा को जीता था। नीरज के 2024 संस्करण में भाग लेने की उम्मीद थी, लेकिन पेरिस ओलंपिक की तैयारी के मद्देनजर वह इस स्पर्धा में भाग नहीं ले सके। मई में दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा ने 90.23 मीटर दूर भाला फेंक कर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोडा था। नीरज का सबसे हालिया प्रदर्शन 23 मई को पोलैंड के चोरजो में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में हुआ था।



### न्यूजीलैंड ने रॉब वाल्टर को मुख्य कोच नियुक्त किया

**वेलिंगटन :** न्यूजीलैंड ने गैरी स्टीड के स्थान पर रॉब वाल्टर को अपनी पुरुष क्रिकेट टीम के तीनों प्रारूपों का कोच नियुक्त किया है। वाल्टर जनवरी 2023 से इस साल अप्रैल तक दक्षिण अफ्रीका की वनडे और टी20 टीमों के कोच रहे। इससे पहले वह न्यूजीलैंड के ओटागो प्रांत और सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स एसोसिएशन में पांच साल तक कोच रहे। वाल्टर के कोच रहते हुए दक्षिण अफ्रीका ने वनडे विश्व कप 2023 और इस साल चैंपियंस ट्रॉफी के सैनी फाइनल में जगह बनाई थी। यही नहीं उन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। स्टीड 2018 से तीनों प्रारूपों में न्यूजीलैंड के मुख्य कोच थे।

### भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर पहले दौर के बाद शीर्ष 10 में

**टेनेरिफ (स्पेन) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने स्पेन में शानदार शुरुआत की। वह यहां खेली जा रही लेडीज यूरोपीय टूर की प्रतियोगिता टेनेरिफ महिला ओपन में दो अंडर 70 का स्कोर बनाकर पहले दिन संयुक्त छठे स्थान पर रहीं। दीक्षा शीर्ष पर चल रही आयरलैंड की लॉरेन वाल्श और डेनमार्क की सोफी किब्सगार्ड नीलसन से तीन शॉट पीछे हैं, जिन्होंने पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रही अन्य भारतीय खिलाड़ियों में अवनी प्रशांत (71), हिताशी बक्शी (72), त्वेसा मलिक (73) और स्नेहा सिंह (77) शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा के अलावा अवनी प्रशांत ने अच्छा प्रदर्शन किया और वह पहले दौर के बाद संयुक्त 17वें स्थान पर हैं।

### अय्यर की फाल्कंस ने सूर्यकुमार की नाइट्स को चार विकेट से हराया

**मुंबई :** भारतीय टीम के सीमित ओवरों के सितारों के बीच मुकाबले में श्रेयस अय्यर की सोबो मुंबई फाल्कंस ने शुक्रवार को यहां टी20 मुंबई लीग के एक रोमांचक मैच में सूर्यकुमार यादव की ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट को चार विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर नाइट्स की टीम तेज गेंदबाजों की मददगार परिस्थितियों में पांच विकेट पर 145 रन ही बना सकी। फाल्कंस ने चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

### गुकेश व कार्लसन नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट खिताब के दावेदार

**स्टावेंजर (नॉर्वे) :** मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में चीन के वेई यी को हराकर तीन अंक हासिल किए। वह नॉर्वे के स्टार मैग्नस कार्लसन के साथ खिताब के लिए शीर्ष दावेदार बन गए। अब जब कि केवल एक दौर की बाजी खेली जानी बाकी है तब गुकेश 14.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन छह खिलाड़ियों के डबल राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में उनसे केवल आधा अंक आगे हैं। कार्लसन ने हारने की स्थिति से वापसी करते हुए अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को हराया और पूरे अंक हासिल किए।

### लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलना बहुत बड़ा क्षण: डिविलियर्स

**लंदन :** एबी डिविलियर्स का मानना है कि लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलना दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट इतिहास का एक बड़ा क्षण है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया 11 से 15 जून तक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे सत्र के फाइनल में खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया गत चैंपियन है। डिविलियर्स ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा यह (लॉर्ड्स में फाइनल) दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट के लिए एक बहुत बड़ा पल है। उम्मीद है कि हम जीतने में सफल होंगे। डिविलियर्स ने 114 टेस्ट मैचों में 22 शतकों सहित 8,765 रन बनाए हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को संतुलित टीम करार देते हुए कहा कि वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उलटफेर करने में सक्षम है।

### भारत ए ने चाय के विश्राम तक तीन विकेट पर 213 रन बनाये

**नॉर्थम्पटन :** सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल की नाबाद 93 रन की पारी के बूते भारत ए ने इंग्लैंड लायंस (ए टीम) के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को चाय तक तीन विकेट पर 213 रन बना लिए। चाय के विश्राम के समय राहुल के साथ विकेटकीपर ध्रुव जुरेल 37 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। राहुल और जुरेल ने चौथे विकेट के लिए अब तक 87 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। पहले सत्र में बारिश के कारण गंवाए गए ओवरों की भरपाई के लिए खेले गए लंबे दूसरे सत्र में भारतीय बल्लेबाजों ने अनुकूल पिच पर अच्छा प्रदर्शन किया। क्रिस वोक्स (30 रन पर तीन विकेट) को छोड़कर लायंस का कोई भी गेंदबाज प्रभाव नहीं छोड़ सका। भारत ने दूसरे सत्र में करुण नायर के रूप में एकमात्र विकेट गंवाया। नायर 40 रन पर वोक्स की गेंद पर पगबाधा हुए।

# बैठकों में सिर्फ पुजारा को आउट करने पर होती थी चर्चा: रोहित शर्मा

● पुजारा की पत्नी पूजा की किताब 'द डायरी ऑफ ए क्रिकेटर्स वाइफ' के विमोचन पर बोले- रोहित शर्मा

**मुंबई, एजेंसी**

चेतेश्वर पुजारा को कैसे आउट किया जाए? यह एक ऐसा सवाल था जिस पर रोहित शर्मा और मुंबई के उनके साथी जूनियर क्रिकेट के दिनों में अक्सर चर्चा करते थे, क्योंकि उन्हें पता था कि सौराष्ट्र का यह बल्लेबाज लगातार दो या तीन दिन बल्लेबाजी करके उनकी उम्मीदों पर सकता है। रोहित ने खुलासा किया कि पुजारा का विकेट अक्सर आयु वर्ग के मैचों में उनकी टीम के लिए जीत या हार का अंतर होता था। यह इस दिग्गज बल्लेबाज के शुरुआती लक्षण थे, जिन्होंने 103 टेस्ट मैचों में 43.60 की औसत तथा 19 शतक और 35 अर्द्धशतक की मदद से 7,195 रन बनाए।

रोहित ने गुरुवार को यहां पुजारा की पत्नी पूजा की किताब 'द डायरी ऑफ ए क्रिकेटर्स वाइफ' के विमोचन के अवसर पर कहा मुझे अब भी याद है कि टीम बैठकें सिर्फ इसी पर केंद्रित होती थीं कि उसे कैसे आउट किया जाए। अगर हम उसे आउट नहीं कर पाते हैं तो हम मैच हार सकते हैं। पूर्व भारतीय कप्तान ने मजाक में कहा कि पुजारा के खिलाफ खेलने से उनका चेहरा इतना बदल जाता था कि उनकी मां भी थोड़ी परेशान हो जाती थीं। उन्होंने कहा मुझे बस इतना याद है कि जब मैं 14 साल का था और मैदान से शाम को जब वापस आता था, तो मेरे चेहरे का रंग बिल्कुल बदल जाता था।

रोहित ने कहा क्योंकि वह पूरे दिन बल्लेबाजी करता था और हमें दो-तीन दिन तक धूप में फील्डिंग करनी पड़ती थी। मुझे अब भी याद है कि मेरी मां ने मुझसे कई बार पूछा था कि जब तुम घर से खेलने जाते हो, तो तुम अलग दिखते हो और जब तुम एक हफ्ते या 10 दिन बाद घर आते हो, तो तुम अलग दिखते हो। रोहित ने कहा मैं कहता था, मां मैं क्या करूं। चेतेश्वर पुजारा नाम का एक बल्लेबाज है। वह तीन दिनों से बल्लेबाजी कर रहा है। पुजारा को लेकर हमारी शुरुआती धारणा यही थी। रोहित ने कहा कि करियर की शुरुआत में दोनों घुटनों में एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) की चोट के बावजूद 100 से अधिक टेस्ट खेलने का श्रेय पुजारा को दिया। उन्होंने कहा (यह) बहुत बड़ी और बहुत बुरी चोट थी। उसकी दोनों एसीएल चली गई थीं। किसी भी क्रिकेटर, एक खिलाड़ी के लिए यह बहुत मुश्किल होता है जब वह अपनी दोनों एसीएल गंवा देता है। इसके बावजूद वह भारत की तरफ से 100 से अधिक टेस्ट मैच खेलने में सफल रहा। इसका पूरा श्रेय पुजारा को जाता है।



रोहित शर्मा।



चेतेश्वर पुजारा।

**2016-17** में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को अपने करियर की सबसे मुश्किल सीरीज बताया पुजारा ने

इस अवसर पर पुजारा ने 2016-17 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को अपने करियर की सबसे मुश्किल सीरीज बताया। पुजारा ने कहा मैं एक घटना का जिक्र कर सकता हूं। भारतीय टीम जब 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 200 रन के आसपास आउट हो रही थी तो वह मेरे करियर का सबसे मुश्किल दौर था। उन्होंने कहा वह बेंगलुरु में खेला गया दूसरा टेस्ट मैच था। हमारी टीम ने पहली पारी में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था और दूसरी पारी में भी हम परेशानी में थे, लेकिन मैंने अनिल (कुंबले) भाई से नाथन लियोन से निपटने के तरीके के बारे में बात की और उन्होंने तकनीक को लेकर एक सुझाव दिया जिससे मुझे फायदा मिला। पुजारा और रोहित दोनों ने अपने माता-पिता द्वारा उनके करियर को आगे बढ़ाने के लिए किए गए संघर्षों को याद किया। पुजारा ने कहा, ''जब मैं 17 साल का था तब मेरी मां का निधन हो गया था लेकिन जब मैं छोटा था तो मेरे माता-पिता ने मेरा पूरा समर्थन किया। पूजा ने किताब में इसका अच्छी तरह से वर्णन किया है। मुझे याद है कि मेरी मां ने मुझसे कहा था तुम जीवन में जो कुछ भी करो उससे पहले तुम्हें एक अच्छा इंसान बनना पड़ेगा। रोहित ने कहा मुझे मेरे माता-पिता का शुरू से भरपूर समर्थन मिला। मैं जानता हूँ कि उन्होंने मेरे और मेरे भाई के लिए कितने त्याग किए हैं।

# उज्बेकिस्तान और जॉर्डन ने रच दिया इतिहास

## विश्व कप के लिए पहली बार किया क्वालीफाई, चीन हुआ बाहर

**सियोल, एजेंसी**

चीन का 2002 के बाद पहली बार विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने का सपना गुरुवार को इंडोनेशिया के हाथों हार के साथ टूट गया। वहीं, उज्बेकिस्तान और जॉर्डन ने पहली बार इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। चीन को जहां करारा झटका लगा वहीं दक्षिण कोरिया ने लगातार 11वीं बार विश्व कप में जगह पक्की की।

विश्व कप फुटबॉल अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा। अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ उज्बेकिस्तान के लिए ग्रुप ए में ईरान के बाद दूसरा स्वतः क्वालीफिकेशन स्थान हासिल करने के लिए पर्याप्त था। ग्रुप बी में दक्षिण कोरिया ने इराक को 2-0 से हराकर विश्व कप में अपना स्थान पक्का किया। दक्षिण कोरिया की दो गोल के अंतर से जीत जॉर्डन के लिए पहली बार विश्व कप में जगह बनाने के लिए पर्याप्त थी। उसने इससे पहले ओमान को 3-0 से हराकर शीर्ष दो में जगह बनाई थी। जॉर्डन की तरफ से तीनों गोल अली ओलवान ने किए। ग्रुप सी में चीन को जकार्ता में इंडोनेशिया के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। चीन इस तरह से विश्व कप में क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो गया है। वह 2002 में आखिरी बार विश्व कप में खेला था जब इसका आयोजन जापान और दक्षिण कोरिया में किया गया था। इस ग्रुप के एक अन्य मैच में अजीज बेहिच के अंतिम मिनट में किए गए गोल से ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में पहले से ही क्वालीफाई कर चुकी जापान की टीम को 1-0 से हराया। इससे ऑस्ट्रेलिया की टीम लगातार छठी बार विश्व कप में खेलने के करीब पहुंच गई।



जीत के बाद जशन मनाते उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**प्रो लीग का यूरोपीय चरण**

### भारतीय हॉकी टीम की नजरें विश्व कप में सीधे जगह बनाने पर

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड) :** बेल्जियम और नीदरलैंड में अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने की कवायद में भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अधिकतम अंक जुटाने की कोशिश में होगी।

हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम इस समय प्रो लीग की तालिका में आठ मैचों में 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। बेल्जियम और इंग्लैंड के 16 अंक हैं। प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अच्छे प्रदर्शन से भारत की अगले साल होने वाले विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने की संभावना बढ़ जाएगी। कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि टूर्नामेंट की अहमियत को देखते हुए अनुभव पर भरोसा किया गया है।

उन्होंने कहा यह सभी को पता है कि विश्व कप के लिये सीधे क्वालीफाई करने का यह भी एक रास्ता है। हमारी प्राथमिकता वही है कि यहां से सीधे विश्व कप का टिकट कटाएं।



फ्रेंच टेनिस ओपन के सेमीफाइनल मैच के दौरान इटली के लोरेंजो मुसेट्टी के खिलाफ शॉट लगाते स्पेन के कार्लोस अल्काराज। ● एजेंसी

# कोको गाफ का फाइनल में मुकाबला सबालेंका से

**फ्रेंच ओपन**

**पेरिस, एजेंसी**

अमेरिका की कोको गाफ का सामना शनिवार को फ्रेंच ओपन महिला एकल फाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका से होगा।

तीन साल पहले फ्रेंच ओपन में पदार्पण करने वाली 18 साल की गाफ फाइनल में हार गई थी। उन्होंने इस बार फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी लोई बोइसों को 6-1, 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने मई में मैड्रिड ओपन में गाफ को हराया था। इस बार उन्होंने सेमीफाइनल में गत चैम्पियन इगा स्वियातेक को 7-6, 4-6, 6-0 से मात दी।



कोको गाफ व एरिना सबालेंका।

# टेस्ट में करारी हार होने पर कोहली बदल सकते हैं फैसला: क्लार्क

**नई दिल्ली, एजेंसीः**

आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट को सर्वोपरि मानने वाले विराट कोहली इस प्रारूप से संन्यास का फैसला बदल सकते हैं अगर भारत को इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट की सीरीज में करारी हार का सामना करना पड़ता है। कोहली ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। उन्होंने 123 टेस्ट खेलकर 30 शतक समेत 9230 रन बनाए। क्लार्क ने 'बियोंड23' क्रिकेट पॉडकास्ट पर कहा मुझे ऐसा लगता है। अगर भारतीय टीम इंग्लैंड में 5 . 0 से हार जाती है तो प्रशंसक यही चाहेंगे कि विराट संन्यास का फैसला बदलकर टेस्ट क्रिकेट फिर खेलें। उन्होंने कहा अगर कप्तान, चयनकर्ता और प्रशंसक ऐसा चाहेंगे तो वह वापसी कर सकता है । उसे अभी भी टेस्ट क्रिकेट से प्यार है। उसके शब्दों में टेस्ट क्रिकेट के लिये उसका जुनून झलकता है। आरसीबी के पहला आईपीएल खिताब जीतने के बाद कोहली ने कहा था कि वह इस जीत को टेस्ट क्रिकेट से पांच पायदान नीचे रखेंगे।



क्लार्क ने कहा रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा। मुझे लगता है कि किसी भी टीम को उसकी कप्तानी की कमी खलेगी । वह शानदार कप्तान था। कोहली ने टेस्ट से संन्यास लिया । यह बहुत दुखद था। वह चैम्पियन है और टेस्ट क्रिकेट को उसकी कमी खलेगी। क्लार्क ने आरसीबी की जीत के जश्न में बेंगलुरू में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने कहा किसी को चोटिल होते देखना या प्राण गंवाते देखना दुखद है। उम्मीद है कि ऐसा फिर कभी नहीं होगा।

### सात्विक-चिराग की जोड़ी इंडोनेशिया ओपन से बाहर

**जकार्ता :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल टीम शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के मैन वेई चोंग और टी काई वुन से हारकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

यहां 2023 में खिताब जीतने वाली भारतीय जोड़ी को मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ 43 मिनट तक चले मुकाबले में 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। मलेशिया की टीम की पांच मुकाबलों में भारतीय जोड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है। सात्विक-चिराग की हार के साथ प्रतियोगिता में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। भारतीय जोड़ी को अपनी सर्विस और रिटर्न में संघर्ष करना पड़ा।

# पीयूष ने क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

करीब दो दशक लंबे करियर के बाद लेग स्पिनर पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। चावला ने आज सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने संन्यास लेने के फैसले की जानकारी दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा दो दशक से अधिक समय तक मैदान पर रहने के बाद अब समय आ गया है कि मैं इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहूं। वह 2007 में टी-20 विश्वकप और 2011 एकदिवसीय विश्वकप की विजेता टीम का हिस्सा रहे। उन्होंने कहा कि यह उनके जीवन का आशीर्वाद है इसकी यादें हमेशा उनके दिल में बनी रहेंगी।

उन्होंने कहा ऊपर वाले की कृपा से मैं इतने लंबे समय तक क्रिकेट खेल सका। यह सफर कभी बेहद चुनौतीपूर्ण रहा, तो कभी बेहद सुकून देने वाला, लेकिन इसके हर पल ने मुझे बहुत कुछ सिखाया और बहुत कुछ दिया। ये वो यादें हैं जो ताउम्र मेरे साथ रहेंगी। मुझे हमेशा से लगता रहा है कि हर चीज का एक सही समय होता है। और आज वही पल है, जब मुझे लगा कि अब निर्णय लेना चाहिए।



पीयूष चावला। ● एजेंसी

पीयूष चावला ने भारत के लिए तीन टेस्ट, 25 एकदिवसीय और सात टी-20 मैच खेले, जिसमें उन्होंने कुल 43 विकेट लिए। वह 2011 में विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। यह उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रही है। उन्होंने अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला वर्ष 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 मैच खेला था। उन्होंने 137 प्रथम श्रेणी मैचों में 446 विकेट लिए। छह शतकों की मदद से 5486 रन भी बनाए। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनका करियर बेहद सफल रहा। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स टीम में रहते हुए 2012 और 2014 में दो बार खिताबी टीम का हिस्सा रहे थे। उन्होंने आईपीएल में कुल 192 विकेट लिए और वह आईपीएल के इतिहास में संयुक्त रूप से तीसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

### भारतीय कंपाउंड तीरंदाज विश्व कप से बाहर

**अंताल्या (तुर्की) :** भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में निराशाजनक प्रदर्शन किया तथा कोई भी खिलाड़ी व्यक्तिगत तथा मिश्रित वर्ग में पदक दौर तक नहीं पहुंच सका। शंघाई में पिछले चरण में दो स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक के साथ दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाला भारत यहां अभी तक पदकों का खाता नहीं खोल पाया है। चौथी वरीयता प्राप्त और पिछले विश्व कप की विजेता मधुरा धामनगांवकर को क्वार्टर फाइनल में मैक्सिको की पांचवीं वरीयता प्राप्त मारियाना बर्नल ने हराया।

मधुरा को महिला व्यक्तिगत वर्ग में 152-159 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियन अदिति स्वामी भी अंतिम आठ चरण में मैक्सिको की दूसरी वरीयता प्राप्त एंड्रिया बेसेरा से 147-152 से हारकर बाहर हो गईं। पुरुष वर्ग में 13वीं वरीयता प्राप्त ऋषभ यादव क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के 28वीं वरीयता प्राप्त निकोलस गिरार्ड से 149-157 से हार गए। यादव ने इससे पहले प्री क्वार्टर फाइनल में अपने सीनियर साथी अभिषेक वर्मा को 157-154 से हराया था। विश्व चैंपियन ओजस देवताले को पहले ही दौर में अमेरिका के जेम्स लुट्ज़ से 157-161 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भारत रिकर्व और कंपाउंड दोनों वर्गों की टीम स्पर्धाओं से भी बाहर हो गया था।भारत की उम्मीदें कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में भी धराशायी हो गईं।

# मैं कैपिटल्स के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध : स्टार्क

**लंदन, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 10 दिनों के ब्रेक के बाद दोबारा शुरू होने पर उनके वापस नहीं आने का परिणाम चाहे जो भी हो वह अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स के लिए 'पूरी तरह से प्रतिबद्ध' हैं। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 नागरिकों की हत्या के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के शिविरों को निशाना बनाकर सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव के कारण इस लीग को 10 दिनों के लिए रोकना पड़ा था।

लीग जब 17 मई से दोबारा शुरू हुई तो स्टार्क ने ऑस्ट्रेलिया के अपने ज्यादातर साथी खिलाड़ियों के उलट भारत नहीं लौटने का फैसला किया। दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी इकाई के अहम सदस्य रहे स्टार्क ने 11 मैचों में 14 विकेट लिए। वह आठ मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में भी शामिल थे, जब स्टेडियम में अचानक लाइट चली गई और खेल को रोकना पड़ा। स्टार्क की पत्नी और ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली भी उस समय दर्शक दीर्घा में मौजूद थी। धर्मशाला की अंतरराष्ट्रीय सीमा से निकटता के कारण स्टेडियम को तुरंत खाली करना पड़ा। पैंतीस साल के स्टार्क ने कहा कि तनाव को देखते हुए उन्हें दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले आईपीएल मैच में खेलने पर संदेह था।

'द एज' ने स्टार्क के हवाले से कहा मैं अपने फैसले और इस पूरी स्थिति को लेकर मैंने जो महसूस किया और जिस तरह से इसे संभाला, उससे मैं सहज हूं। उन्होंने कहा इसीलिए मैंने अपना निर्णय बाद में लिया और यहां (इंग्लैंड) आने से पहले करीब एक सप्ताह तक मेरा ध्यान टेस्ट क्रिकेट की तैयारी पर केंद्रित रहा। बायें हाथ के इस तेज गेंदबाज ने कहा समय ही बताएगा कि इसका क्या नतीजा होगा या फिर उन खिलाड़ियों के साथ क्या होगा जो वापस नहीं लौटे। उस मैच से पहले हालांकि मेरे मन में कुछ सवाल और चिंताएं थीं। जाहिर है कि हमने देखा कि क्या हुआ। उस घटना ने मेरे निर्णय में अहम भूमिका निभाई। स्टार्क ने कहा कि इन्हीं कारणों से उन्होंने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करने का फैसला किया था।



● आईपीएल में 10 दिनों का ब्रेक होने के बाद वापस भारत न लौटने पर बोले-मिचेल स्टार्क

उन्होंने कहा चैंपियंस ट्रॉफी (पाकिस्तान में) को लेकर मेरे फैसले में कुछ हद तक यही बात थी और फिर जब टूर्नामेंट (आईपीएल) में देरी हुई, तो आप टेस्ट मैच की तैयारी के बारे में सोचना शुरू कर देते हैं। वह 11 जून से लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाले ऑस्ट्रेलिया के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल का जिक्र कर रहे थे। स्टार्क ने कहा कि धर्मशाला में अलग-अलग खिलाड़ियों और टीमों के लिए चीजों को अलग-अलग तरीके से संभाला गया। दोनों टीमें प्रसारण दल के साथ पठानकोट से विशेष ट्रेन से दिल्ली लौटी थीं। उन्होंने कहा, '' अलग-अलग खिलाड़ियों और टीमों के लिए चीजों को अलग-अलग तरीके से संभाला गया।

धर्मशाला में पंजाब की टीम से जुड़े लोग भी थे। पंजाब के खिलाड़ियों ने लीग के लिए वापस आने का फैसला किया लेकिन जेक और मैंने ऐसा नहीं करने का फैसला किया। स्टार्क ने कहा यह एक बहुत ही व्यक्तिगत निर्णय था। इसका जो भी परिणाम हो मैं उसके साथ आगे बढ़ने को लेकर खुश रहूंगा।

# संघीय कोर्ट ने हार्वर्ड में विदेशी छात्रों पर ट्रंप के प्रतिबंध पर लगाई रोक

वाशिंगटन, एजेंसी



• हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने व्हाइट हाउस की मांगों को अस्वीकार करने के कारण उसके खिलाफ प्रतिशोध की भावना से किया गया कार्य कहा

अमेरिका की एक संघीय न्यायाधीश ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय आने वाले विदेशी छात्रों के देश में प्रवेश पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए प्रतिबंध पर अस्थायी रोक लगा दी है। ट्रंप प्रशासन द्वारा बुधवार को जारी इस घोषणा के कारण देश के सबसे पुराने और सबसे धनी कॉलेज के एक चौथाई छात्रों पर असर पड़ सकता है, जिनमें से अधिकतर हार्वर्ड के शोध और छात्रवृत्ति कार्यक्रम का हिस्सा होते हैं।

इससे कुछ समय पहले हार्वर्ड ने संघीय न्यायाधीश से ट्रंप के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए एक याचिका दायर की थी। विवि ने इसे व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की मांगों को अस्वीकार करने के कारण हार्वर्ड के खिलाफ प्रतिशोध की भावना से किया गया कार्य कहा। गुरुवार को दायर संशोधित मुकदमे में हार्वर्ड ने कहा कि राष्ट्रपति पिछले अदालती आदेश को दरकिनार करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके कुछ समय बाद बोस्टन में यूएस डिस्ट्रिक्ट जज एलिसन बरो ने ट्रंप की बुधवार की घोषणा के खिलाफ एक अस्थायी रोक का आदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि हार्वर्ड का कहना है कि मुकदमे में दोनों पक्षों को सुनने से पहले अगर यह रोक लगी तो इससे संस्थान को तत्काल और अपूरणीय क्षति होगी। बरो ने हार्वर्ड में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के नामांकन को समाप्त करने के प्रशासन के पिछले प्रयास पर लगाई गई अस्थायी रोक को भी बढ़ा दिया। गत माह गृह मंत्रालय ने विदेशी छात्रों को दाखिला देने और उनके वीजा के वास्ते कागजात जारी करने के लिए हार्वर्ड के प्रमाणन को रद किया था, लेकिन बरो ने इसको अस्थायी रूप से रोक दिया था।

# रील में बीत रही जिंदगी रियल में जा रही जान

सोशल मीडिया मंचों के बढ़ते प्रभाव के कारण युवाओं की जिंदगी एक रील की तरह बन गई है। सोशल मीडिया मंचों ने हर व्यक्ति को कलाकार बनने का मौका दे दिया है, , लेकिन रील बनाने का यह जुनून कई बार युवाओं के लिए मौत का कारण भी बन रहे हैं। कुछ पलों की वीडियो में पॉपुलर होने की चाहत लोगों को ऐसे जोखिम उठाने पर मजबूर कर रही है। खुले रेलवे ट्रैक, ऊंची इमारतें, दौड़ती सड़कें – सब अब फेमस होने की पृष्ठभूमि बन चुके हैं। ऐसी कई घटनाएं सामने आई है, जिसमें कई लोगों ने अपनी जान गंवा दी है, सवाल ये है कि आखिर लोग ऐसा रिस्क क्यों ले रहे है, रील बनाकर फेमस होने की चाल में लोग वास्तव में अपनी जान गंवा दे रहे हैं...



## कई गंवा चुके हैं जान

रील्स बनाते समय कई घटनाएं हुई, जिनमें लोगों की जान चली गई। उत्तर प्रदेश के आगरा में 6 बहनों की यमुना नदी में डूबने से मौत हो गई, जो नहाते हुए रील बना रही थीं। मध्य प्रदेश के सिवनी में युवक ट्रैक पर रील बनाते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। मेरठ में युवक पानी की टंकी से गिरा, जबकि आगरा में युवक चौथी मंजिल से गिरकर मारा गया। महाराष्ट्र में महिला इन्फ्लुएंसर जलप्रपात के पास रील बनाते समय गिर गई। ये घटनाएं दर्शाती हैं कि लोग सुरक्षा की अनदेखी कर रहे हैं, जिससे उनकी जान चली जा रही है।

## बार-बार जोखिम लेने को प्रेरित

**डोपामिन और तात्कालिक संतुष्टि :** सोशल मीडिया पर लाइक्स और व्यूज मिलने से डोपामिन नामक हार्मोन रिलीज होता है, जिससे व्यक्ति को खुशी महसूस होती है। यह अनुभव व्यक्ति को बार-बार जोखिम लेने को प्रेरित करता है।

**पहचान की खोज :** आज की युवा पीढ़ी आत्मपहचान और सामाजिक मान्यता के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर निर्भर होती जा रही है। कई बार रियल लाइफ में पहचान न मिलने पर वर्चुअल दुनिया में हीरो बनने की लालसा हावी हो जाती है।

**फोमो (फेयर ऑफ मिसिंग आउट) :** दूसरे लोग अगर कुछ अलग और साहसी कर रहे हैं तो खुद को पीछे न समझा जाए, इसलिए लोग बिना सोचे-समझे वही ट्राई करते हैं।

## सफलता का समझते हैं विकल्प

**प्रेरणा के गलत स्रोत :** वायरल वीडियो और फेमस रीलर्स को देखकर लोग सोचते हैं कि बिना खास टैलेंट के भी प्रसिद्धि पाई जा सकती है। यह सोच युवाओं को शॉर्टकट की ओर ले जाती है।

**परिवार और समाज का दबाव :** नौकरी, पढ़ाई या जीवन में असफलता के कारण लोग सोशल मीडिया को सफलता का विकल्प समझने लगते हैं, जहां एक वीडियो उनकी किस्मत बदल सकता है।

**सुरक्षा के प्रति लापरवाही :** रील बनाते समय हेलमेट न पहनना, चलती ट्रेनों के पास जाना या ऊंची जगहों से कूदने की एक्टिंग – सब यह दर्शाते हैं कि सुरक्षा का कोई स्थान नहीं है।

> रील्स बनाने लेकर लोगों में काफी उत्साह होता है जो एक समय के बाद समाप्त हो जाता है और लोग खतरा उठा बैठते हैं। एक समय उनको उत्साह की अनुभूति नहीं होती है। इसके पीछे का मुख्य कारण डोपामिन का अनियंत्रित होना और रिवार्ड सर्किट होता है।
> **डा. आशीष सिंह, मनोचिकित्सक, जिला अस्पताल- बरेली**

## रील देखने में करते हैं समय बर्बाद

लोग प्रतिदिन औसतन 1 से 1.5 घंटे सिर्फ शॉर्ट वीडियो देखने में ही बिता देते हैं। ऑटो-स्क्रोल फीचर, ट्रेंडिंग कंटेंट और तेज डोपामिन रिलीज होने के कारण लोग लगातार वीडियो देखते रहते हैं, जिससे समय का बड़ा हिस्सा अनजाने में व्यर्थ हो जाता है। यह आदत पढ़ाई, काम और नींद पर नकारात्मक असर डालती है। विशेषज्ञों के अनुसार, स्क्रीन टाइम को सीमित कर, एप्स में टाइम लिमिट सेट कर और जागरूक उपयोग से इस लत को कम किया जा सकता है, जिससे समय का बेहतर उपयोग हो सके।

## एक नजर

### सऊदी-सीरिया के बीच उड़ानें 12 साल बाद बहाल

**रियाद।** सऊदी अरब की कम लागत वाली एयरलाइन 'फ्लाईनास' ने रियाद और दमिश्क के बीच सीधी उड़ानें शुरू की हैं और यह सऊदी अरब और सीरिया की राजधानियों के बीच 12 वर्षों में पहली सीधी हवाई संपर्क सेवा है। एयरलाइन ने गुरुवार से रियाद के किंग खालिद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और दमिश्क अंतर्राष्ट्रीय ह हवाई अड्डे के बीच नॉनस्टॉप उड़ान सेवा शुरू कर दी है। 'फ्लाईनास' के कार्यकारी अधिकारी बांदर अलमोहन्ना ने कहा, एयरलाइन सीरिया के लिए अपनी उड़ानें फिर से शुरू करने से प्रसन्न है। यह कदम दोनों देशों के बीच संपर्क को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

### नाटो ने रक्षा निवेश मांग पर जताई सहमति

**ब्रसेल्स।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रूट ने गुरुवार को कहा कि नाटो में अमेरिका के अधिकतर सहयोगी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस मांग का समर्थन करते हैं कि वे अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5 प्रतिशत अपनी रक्षा आवश्यकताओं पर निवेश करें और सुरक्षा खर्च को और भी बढ़ाने के लिए तैयार रहें। रूट ने ब्रसेल्स में नाटो रक्षा मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता के बाद कहा, ट्रंप के इस प्रस्ताव को व्यापक समर्थन मिला है। हम वास्तव में बेहद करीब हैं और हमें पूरा विश्वास है कि तीन सप्ताह में होने वाले अगले नाटो शिखर सम्मेलन में इस पर सहमति बन जाएगी।

### क्रूज ने सर्वाधिक छलांग लगाने का बनाया रिकॉर्ड

**लास एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज ने जलते हुए पैराशूट से 16 बार छलांग लगाने के साथ ही सर्वाधिक बार ऐसा कारनामा करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना लिया है। उन्होंने अपनी नवीनतम फिल्म मिशन : इम्पॉसिबल – द फाइनल रेकनिंग के फिल्मांकन के दौरान ये उपलब्धि हासिल की। जून में दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म में साहसिक दृश्य दिखाया गया है, जिसमें लाइसेंसधारी स्काईडाइवर क्रूज विमानन ईंधन में भीगे पैराशूट से बंधे हुए एक हेलीकॉप्टर से छलांग लगाते है और उसमें आग लगा देते हैं। उन्होंने यह हैरतअंगेज कारनामा (स्टंट) 16 बार किया।

### रूस के मिसाइल हमले से यूक्रेन में तीन की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के छह क्षेत्रों को 407 ड्रोन और 44 मिसाइलों से निशाना बनाया, जो तीन साल के युद्ध के सबसे बड़े हवाई हमलों में से एक है। यूक्रेन के अधिकारियों के अनुसार, रात के समय हुए हमले में कीव में आपातकालीन प्रतिक्रिया दल के तीन कर्मी मारे गए। यूक्रेनी वायुसेना के प्रवक्ता युरी इहनात ने बताया कि इस बमबारी में बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ ड्रोन का भी इस्तेमाल किया गया। यूक्रेनी सेना ने बताया कि उसने 30 क्रूज मिसाइलों और 200 से अधिक ड्रोन को मार गिराया। फरवरी 2022 में रूस द्वारा अपने पड़ोसी देश पर आक्रमण शुरू करने के बाद से यूक्रेनी शहरों पर नियमित रूप से बमबारी की जाती रही है।

### बाल पोर्नोग्राफी : 12 देशों से 20 लोग हुए गिरफ्तार

**ल्योन (फ्रांस)।** बाल पोर्नोग्राफी सामग्री के खिलाफ 12 देशों में चलाए अभियान के दौरान यूरोप और अमेरिका में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वैश्विक पुलिस संगठन इंटरपोल ने यह जानकारी दी है। इंटरपोल के मुताबिक, स्पेन पुलिस के नेतृत्व में चलाया गया यह अभियान पिछले साल के अंत में शुरू हुआ था, जब पुलिस अधिकारियों ने बाल पोर्नोग्राफी से जुड़ी तस्वीरें प्रसारित करने वाले ऑनलाइन मैसेजिंग समूहों की पहचान की थी।

# मस्क ने अंतरिक्ष कैप्सूल की सेवाएं रद्द करने की पहले दी धमकी, बाद में पलटे

## कुछ घंटों बाद ही अरबपति उद्यमी ने कहा- वह अपनी धमकी पर नहीं करेंगे अमल

वाशिंगटन, एजेंसी



• स्पेसएक्स और स्टारलिंक के ठेकों को रद्द करने की ट्रंप की धमकी का जवाब दिया था एलन मस्क ने

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और एलन मस्क के बीच सोशल मीडिया पर गुरुवार को बहस हुई तो दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने वाले तथा सामान की आपूर्ति करने वाले अंतरिक्ष कैप्सूल की सेवाएं देना बंद करने की धमकी दी। कुछ घंटों बाद मस्क ने कहा कि वह अपनी धमकी पर अमल नहीं करेंगे।

जब ट्रंप ने मस्क की रॉकेट कंपनी स्पेसएक्स और उनकी स्टारलिंक इंटरनेट सैटेलाइट सेवाओं को दिए गए सरकारी ठेकों को रद करने की धमकी दी, तो मस्क ने एक्स पर जवाब देते हुए कहा कि स्पेसएक्स अपने ड्रैगन अंतरिक्ष यान की सेवाएं प्रदान करना तुरंत बंद करेगा। यह स्पष्ट नहीं था कि धमकी कितनी गंभीर है, लेकिन कुछ घंटे बाद एक्स उपयोगकर्ता को दिए उत्तर में उन्होंने कहा कि वह ऐसा नहीं करेंगे। सरकारी ठेके के तहत विकसित किया गया कैप्सूल अंतरिक्ष स्टेशन को संचालित रखने में मुख्य भूमिका निभाता है। नासा अपने अन्य कार्यक्रमों के लिए स्पेसएक्स पर निर्भर है, जिनमें वैज्ञानिक मिशनों का प्रक्षेपण और इस दशक में अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की सतह पर वापस भेजना शामिल है।

### नासा की बढ़ सकती थीं मुश्किलें

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और एलन मस्क में सोशल मीडिया पर गुरुवार को हुई बहस के बाद सरकारी ठेके के तहत विकसित किया गया कैप्सूल अंतरिक्ष स्टेशन को संचालित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नासा भी अपने अन्य कार्यक्रमों के लिए स्पेसएक्स पर काफी हद तक निर्भर है, जिनमें वैज्ञानिक मिशनों का प्रक्षेपण और इस दशक के अंत में अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की सतह पर वापस भेजना शामिल है।

**ड्रैगन कैप्सूल :** स्पेसएक्स अकेली अमेरिकी कंपनी है जो अपने चार सदस्यीय ड्रैगन कैप्सूल से अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष स्टेशन तक ले जाने और वापस लाने में सक्षम है। बोइंग का स्टारलाइनर कैप्सूल अब तक सिर्फ एक बार ही अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर उड़ान भर पाया है, पिछले साल की परीक्षण उड़ान इतनी खराब रही कि दो नासा अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेसएक्स से धरती पर लौटना पड़ा। स्टारलाइनर का अब उपयोग नहीं हो रहा है, क्योंकि नासा यह तय कर रहा है कि अगली परीक्षण उड़ान में मानव दल भेजा जाए या सिर्फ़ सामान। स्पेसएक्स अपने निजी रूप से संचालित मिशनों के लिए भी ड्रैगन कैप्सूल का उपयोग करता है। ऐसा अगला मिशन अगले सप्ताह उड़ान भरने वाला है, जिसे ह्यूस्टन की कंपनी ऐक्सियम स्पेस ने किराये पर लिया है।

### नासा के लिए दूसरा विकल्प है रूस का सोयूज कैप्सूल

रूस के सोयूज कैप्सूल इस वक्त अंतरिक्ष यात्रयों को अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचाने के एकमात्र अन्य विकल्प हैं। सोयूज़ कैप्सूल एक बार में तीन लोगों को ले जा सकते हैं। फिलहाल, हर सोयूज़ प्रक्षेपण में दो रूसी अंतरिक्ष यात्री और एक नासा अंतरिक्ष यात्री होते हैं, जबकि हर स्पेसएक्स प्रक्षेपण में एक रूसी अंतरिक्ष यात्री शामिल होता है- यह अदला-बदली व्यवस्था के तहत किया जाता है। इस तरह, किसी आपात स्थिति में जब किसी कैप्सूल को वापस लौटना पड़े, तो उसमें हमेशा एक अमेरिकी और एक रूसी अंतरिक्ष यात्री मौजूद रहता है।



## फ्यूगो का तांडव



ग्वाटेमाला के सैन जुआन अलोटेनैंगो से फ्यूगो ज्वालामुखी के गड्ढे से निकले लावे ने अद्भुत लेकिन खतरनाक नजारा पेश किया। रात के अंधेरे में यह दृश्य प्रकृति की प्रचंड शक्ति का प्रतीक बनकर सामने आया। एजेंसी

# जापान का चंद्र मिशन असफल रहा

तोक्यो, एजेंसी



• निजी लैंडर चंद्रमा पर उतरते समय हुआ दुर्घटनाग्रस्त

जापान का निजी लैंडर शुक्रवार को चंद्रमा पर उतरने का प्रयास करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। तोक्यो की कंपनी आईस्पेस ने लैंडर से संपर्क टूटने के कई घंटे बाद मिशन को विफल घोषित किया। प्रक्षेपण नियंत्रकों ने संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्हें कोई संदेश नहीं मिला जिसके बाद उन्होंने कहा कि वे मिशन को समाप्त कर रहे हैं।

अंतरिक्षयान के मिनी रोवर के साथ चंद्रमा पर उतरने से दो मिनट पहले ही संचार बंद हो गया। उससे पहले तक ऐसा लग रहा था कि चंद्रमा की कक्षा से उतरने की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। आईस्पेस के संस्थापक ताकेशी हाकामादा ने मिशन में योगदान देने वाले सभी लोगों से माफी मांगी। यह आईस्पेस का दूसरा चंद्र मिशन था। कंपनी का चंद्रमा पर पहुंचने का पहला प्रयास भी दो साल पहले विफल रहा था, जिसके बाद लैंडर का नाम रेसिलिएंस रखा गया। रेसिलिएंस चंद्रमा की धूल के लिए रोवर और सतह पर रखने को खिलौनाघर भी लेकर गया था।

# भारत में हाशिये पर पड़े समुदायों के कुछ लोग सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर : गवई

लंदन, एजेंसी



• सीजेआई ने लंदन के ऐतिहासिक ग्रेज इन में डॉ. आंबेडकर की स्थायी विरासत पर प्रकाश डाला

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा कि हाशिये पर पड़े समुदायों के प्रतिनिधि आज भारत के कुछ सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर हैं, जो डॉ. बीआर आंबेडकर के समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के दृष्टिकोण के अनुरूप है। गवई ने लंदन के ऐतिहासिक ग्रेज इन में गुरुवार शाम को भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर विशेष व्याख्यान में संविधान निर्माता के रूप में डॉ. आंबेडकर की स्थायी विरासत पर प्रकाश डाला।

आंबेडकर ने एक सदी से भी पहले ग्रेज इन से ही बैरिस्टर की उपाधि प्राप्त की थी। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि आधुनिक इतिहास के सबसे महान विधि विशेषज्ञों में से एक डॉ. आंबेडकर की विरासत पर विचार करना उनके लिए अविश्वसनीय रूप से भावनात्मक क्षण है। उन्होंने कहा कि उनके (सीजेआई के) खुद के करियर में भी इनका गहरा असर रहा है। सीजेआई ने कहा कि आंबेडकर की तरह ही हाशिये पर पड़े दलित सामाजिक पृष्ठभूमि वाले प्रतिनिधि आज देश के कुछ सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर विराजमान हैं, जो बाबा साहब के भारतीय समाज के सभी वर्गों के लिए समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए काम कर रहे हैं। गवई ने कहा कि इस ऐतिहासिक संस्थान में खड़े होकर, मुझे डॉ. आंबेडकर द्वारा छोड़ी गई विरासत की याद आती है, जो केवल कानूनी क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की बुनियाद में भी है।

# पाकिस्तान के साथ चीन को नजरअंदाज करना असंभव

वाशिंगटन, एजेंसी



कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि भारत एवं पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष के परिदृश्य में चीन ऐसा कारक है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। थरूर ने जोर दिया कि भारत और चीन के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघलने की कवायद इस संघर्ष से पहले, पिछले कुछ महीनों में अच्छी प्रगति करती प्रतीत हो रही थी।

अमेरिका में संसदीय दल का नेतृत्व कर रहे थरूर ने कहा, हम जानते हैं कि चीन का पाकिस्तान में बहुत बड़ा हित है। उन्होंने भारतीय दूतावास में 'थिंक टैंक' के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। थरूर ने कहा कि बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत सबसे बड़ी एकल परियोजना चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा है और 81 प्रतिशत पाकिस्तानी रक्षा उपकरण चीन से आए हैं।

थरूर ने कहा कि जून 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़पों के बाद से चीन और भारत के बीच तनाव के बावजूद चीन के साथ रिश्तों में जमी बर्फ पिछले साल सितंबर में वास्तव में पिघलने लगी थी और यह कवायद भारत-पाकिस्तान संघर्ष के होने से पहले प्रगति कर रही थी। फिर पाकिस्तान के लिए व्यावहारिक समर्थन के मामले में सुरक्षा परिषद में भी हमने अलग चीन देखा। पड़ोस के संदर्भ में हमारे सामने क्या चुनौतियां हैं, इसे लेकर हमें कोई भ्रम नहीं है लेकिन मैं आप सभी को याद दिलाना चाहता हूं कि भारत ने अपने विरोधियों के साथ भी संवाद के माध्यम खुले रखने का रास्ता हमेशा चुना है।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-चीन के बीच हुई पहली कूटनीतिक वार्ता

**बीजिंग।** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत और चीन के शीर्ष राजनयिकों ने पिछले वर्ष दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी सहमति को लागू करने के लिए द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। चीन में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत और चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेदोंग के बीच गुरुवार को हुई बैठक ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों के बीच पहली कूटनीतिक वार्ता है। चीनी विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों ने दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति को गंभीरतापूर्वक लागू करने के लिए मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष सांस्कृतिक संबंधों और पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को बढ़ावा देने, मतभेदों को उचित रूप से दूर करने और स्वस्थ व स्थायी तौर पर चीन-भारत संबंधों के विकास को बढ़ावा देने के तरीकों पर भी काम कर रहे हैं। दोनों पक्षों ने साझा चिंता के मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया।

# रूस ने ब्रिटिश काउंसिल को किया अवांछनीय घोषित

मॉस्को, एजेंसी



रूस ने ब्रिटिश काउंसिल को अवांछनीय संगठन घोषित करते हुए आरोप लगाया है कि ब्रिटेन की खुफिया सेवा एमआई-6 ब्रिटिश काउंसिल की आड़ में काम करती है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने गुरुवार को जारी बयान में आरोप लगाया कि ब्रिटेन की खुफिया सेवाएं देशों की संप्रभुता को कमजोर करने के उद्देश्य से ब्रिटिश काउंसिल का इस्तेमाल करती हैं।

जखारोवा ने कहा, रूस के सक्षम प्राधिकारियों को जानकारी मिली है कि ब्रिटिश खुफिया सेवाएं स्वतंत्र देशों की संप्रभुता को कमजोर करने के उद्देश्य से अभियानों में ब्रिटिश काउंसिल का इस्तेमाल करती हैं और यह विध्वंसक गतिविधियों में शामिल है। रूसी महाभियोजक के कार्यालय ने ब्रिटिश काउंसिल को अवांछनीय संगठन घोषित किया है, यह 2018 से निष्क्रिय है। जखारोवा ने यूक्रेन अभियान पर कहा कि विशेष सैन्य अभियान की शुरुआत के बाद ब्रिटिश काउंसिल ने ब्रिटेन सरकार के शत्रुतापूर्ण रूसी विरोधी कदमों में साथ दिया। प्रवक्ता ने कहा कि संगठन ने हमारे देश के नेतृत्व की नीति को बदनाम करने और दुनिया के कई क्षेत्रों, विशेष रूप से स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रमंडल में रूसी प्रभाव को कम करने के सामान्य पश्चिमी प्रयास में जोर शोर से मदद की।


# यमुना के प्रदूषण में दिल्ली का योगदान 76 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना की कुल लंबाई का केवल दो प्रतिशत हिस्सा है, इसके बावजूद नदी में 76 प्रतिशत प्रदूषण के लिए राजधानी जिम्मेदार है। एक अध्ययन में यह बात कही गई है। दिल्ली में यमुना 52 किलोमीटर तक बहती है, जिसमें से 22 किलोमीटर का महत्वपूर्ण हिस्सा- वजीराबाद से ओखला तक- कई नियोजन और नीतिगत प्रयासों का केंद्र बिंदु बन गया है। अनुपचारित और आंशिक रूप से उपचारित मलजल छोड़ा जाना नदी में प्रदूषण का प्राथमिक कारण है। अध्ययन अनुसार शहर में प्रतिदिन 792 मिलियन गैलन (एमजीडी) मलजल उत्पन्न होता है जबकि केवल 618 एमजीडी का उपचार होता है। इस उपचारित जल का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा अब भी निर्धारित निर्वहन मानकों को पूरा करने में विफल रहता है।

**नसीहत** तीन सदस्यीय पीठ ने हत्या के चार आरोपियों को जमानत के आदेश को रद्द कर की टिप्पणी

# बिना सोच-विचार किए अग्रिम जमानत न दें

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों में अग्रिम जमानत बिना सोच-विचार किए नहीं दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संजय करोल और संदीप मेहता की तीन सदस्यीय पीठ ने हत्या के एक मामले में चार आरोपियों को अग्रिम जमानत दिए जाने के आदेश को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की।

पीठ ने एक मई के दिए आदेश में कहा, पटना हाईकोर्ट के आदेश में, भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और 307 के तहत गंभीर अपराधों से जुड़े मामले में अग्रिम जमानत देने का कोई तर्कपूर्ण आधार नहीं बताया गया है। यह समझ से परे है कि उक्त आदेश क्यों दिया गया और इसमें न्यायिक विश्लेषण का अभाव है। गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों में, इस तरह से बिना सोच-विचार किए अग्रिम जमानत देना उचित नहीं है और इसे रद किया जाना चाहिए।

प्राथमिकी और दी गई सामग्री को सरसरी तौर पर पढ़ने पर शीर्ष अदालत ने पाया कि अपीलकर्ता के पिता पर हमला किया गया और उसकी हत्या अपीलकर्ता की उपस्थिति में हुई। शीर्ष अदालत ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि यह घटना एक रास्ते को अवरूद्ध करने से जुड़े विवाद से उपजी है। जैसा कि प्राथमिकी में कहा गया है, आरोपियों की विशिष्ट भूमिकाएं इस बात का संकेत देती हैं कि पीड़ित (जिसकी बाद में मृत्यु हो गई) के अचेत हो जाने के बाद भी उन्होंने हमला जारी रखा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट मामले में आरोपों की गंभीरता और प्रकृति को समझने में स्पष्ट रूप से विफल रहा। इसलिए, आरोपी को आठ सप्ताह में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया जाता है। यह आदेश मृतक के बेटे द्वारा दायर याचिका पर आया, जिसमें अग्रिम जमानत देने के आदेश को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता के पिता पर, 2023 में पड़ोसियों के बीच विवाद होने के दौरान सरिया और लाठियों से हमला किया गया था।

### पशु कुर्बानी के आदेश पर तत्काल सुनवाई से इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में विशालगढ़ किले में दरगाह पर ईद-उल-अजहा और उर्स पर पशु कुर्बानी की अनुमति देने वाले बंबई हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को तत्काल सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। किला संरक्षित स्मारक है, जिसका हवाला देते हुए अधिकारियों ने परिसर में पशुओं और पक्षियों के वध पर रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट के तीन जून के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था। वकील ने कहा, कल बकरीद है और हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र के विशालगढ़ में संरक्षित स्मारक में कुर्बानी की अनुमति दी है।